आश्विन शुक्ल पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 5 अक्टूबर 2024
वर्ष 3, अंक 46, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पहली बार दुर्लभ वातावरण वाले बाहरी ग्रह की खोज 14
क्रिसमस पर रिलीज होगी आलिया की अल्फा 13

## 10 आरोपियों को सीबीआई कोर्ट ने दोषसिद्ध करार दिया

**सीओ जियाउल हक हत्याकांड**

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रतापगढ़ के कुंडा में 2013 में हुए सीओ जियाउल हक हत्या मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने शुक्रवार को 10 आरोपियों को दोषसिद्ध करार दिया। कोर्ट ने दोषी करार दिए गए आरोपियों को हिरासत में लेने का आदेश दिया है। सजा पर कोर्ट 9 अक्टूबर को फैसला सुनाएगी।

कोर्ट ने फूलचंद यादव, पवन यादव, मंजीत यादव, घनश्याम सरोज, राम लखन गौतम, छोटेलाल यादव, राम आसरे, मुन्ना पटेल, शिवराम पासी और जगत बहादुर पाल उर्फ बुल्ले पाल को दोषी ठहराया है। उल्लेखनीय है कि 2 मार्च 2013 को सीओ जियाउल हक की प्रतापगढ़ के हथिगवां थाना क्षेत्र में हत्या कर दी गई थी। सीओ की पत्नी ने हत्या का आरोप रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भइया पर भी लगाया था। हालांकि सीबीआई जांच में उन्हें क्लीन चिट दे दी गई। सीबीआई की फाइनल रिपोर्ट को सीओ की पत्नी परवीन आजाद ने सीबीआई कोर्ट में प्रोटेस्ट याचिका के माध्यम से चुनौती दी थी। जिस पर सीबीआई कोर्ट ने 8 जुलाई 2014 को पारित अपने आदेश में जांच पर गंभीर सवाल उठाए थे।

## मृतक आश्रित की आयु को ध्यान में रखते हुए नियमों में हो बदलाव : योगी

### मुख्यमंत्री ने सभी एडीजी से उपलब्धियों के विषय में ली जानकारी, अधिकारियों के कार्यों का ब्यौरा रखने व कार्मिकों को ई-पेंशन से जोड़ने को कहा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि मृतक आश्रितों के प्रकरण में आश्रित की आयु को ध्यान में रखते हुए नियमों में बदलाव पर विचार हो। फिजिकल परीक्षण के नियम व्यावहारिक होने चाहिए।

मृतक आश्रितों के प्रकरण तय समय में निस्तारित होना सुनिश्चित करें। इसी कड़ी में उन्होंने पुलिस कार्मिकों को ई-पेंशन से जोड़ने के निर्देश दिए। शुक्रवार को अपर पुलिस महानिदेशक स्तर के सभी



एडीजी स्तर पर अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

अधिकारियों के साथ अपने सरकारी आवास पर विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने एक-एक कर सभी एडीजी से उनकी वर्तमान पदस्थापना अवधि में किए गए कार्यों, अपनाए गए नवाचारों और उपलब्धियों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी के अच्छे कार्यों और गलतियों का पूरा ब्यौरा उपलब्ध होना चाहिए। सभी को तय समय पर योग्यता अनुरूप पदोन्नति मिले। योग्यता और प्रतिभा के अनुरूप पदस्थापना मिले और सेवानिवृत्ति के समय देयकों का भुगतान समय से हो। कहा कि कमांडो ट्रेनिंग को और बेहतर करने की आवश्यकता है।

### समय पर दफ्तर आएं फाइल लंबित न रखें

मुख्यमंत्री ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी समय पर कार्यालय आएं। कोई फाइल तीन दिन से अधिक लंबित न हो। कोई समस्या हो तो डीजीपी कार्यालय, गृह विभाग अथवा मुझसे समय लेकर मिल सकते हैं, लेकिन अनिर्णय की स्थिति में न रहें। क्षेत्र में भ्रमण बढ़ाएं इससे अधीनस्थ पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

### रेलवे को लेकर लोकल इंटेलिजेंस हो मजबूत

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल में रेलवे ट्रैक पर सिलेंडर, रॉड आदि चीजें मिली हैं। ट्रेनों पर पत्थर फेंकने की घटनाएं हुई हैं। ऐसे में जीआरपी, आरपीएफ, रेलवे प्रशासन और सिविल पुलिस को मिलकर काम करने की जरूरत है। लोकल इंटेलिजेंस को मजबूत किया जाना चाहिए।

### सिपाही भर्ती परिणाम देने की करें तैयारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिपाही भर्ती परीक्षा का परिणाम इस माह के अंत तक जारी करने की तैयारी करें। रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ाएं। परीक्षाओं की शुचिता को हर हाल में सुनिश्चित किया जाना है। नगरों में यातायात जाम एक बड़ी समस्या का रूप ले रही है। इसके लिए स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप नियोजन कर समाधान का प्रयास किया जाना चाहिए। ई-रिक्शा चालकों का वेरिफिकेशन कर रूट भी तय किया जाना चाहिए।

## एक नजर

### केजरीवाल ने मुख्यमंत्री आवास खाली किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को 6, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित अपना सरकारी आवास खाली कर दिया, जहां वह पिछले नौ साल से रह रहे थे। इसके बाद वह लुटियन दिल्ली में स्थित आप के एक राज्यसभा सदस्य अशोक मित्तल को आवंटित आवास में रहने के लिए चले गए। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक परिवार समेत फिरोजशाह रोड स्थित आवास में रहने के लिए चले गए।

### अभिनेता गोविंदा को अस्पताल से छुट्टी मिली

**मुंबई।** अभिनेता गोविंदा को शुक्रवार को अस्पताल से छुट्टी मिल गई जो रिवॉल्वर से दुर्घटनावश गोली चलने के कारण घायल हो गए थे। यह हादसा कैसे हुआ, सभी के मन में उठ रहे इस प्रश्न के उत्तर में उन्होंने अपनी चिरपरिचित मुस्कान के साथ कहा कि वो गिरी और चल पड़ी। मंगलवार को गोविंदा जब घर से रवाना होने वाले थे तभी उनकी रिवॉल्वर से गोली चल गई जिससे वह घायल हो गए।

### मिजोरम में 6.65 करोड़ की नशीली गोलियां बरामद

**आइजोल।** असम राइफल्स ने मिजोरम के आबकारी और मादक पदार्थ रोधी विभाग के साथ संयुक्त अभियान में सियाहा शहर से 6 .65 करोड़ रुपये मूल्य की मेथमफेटामाइन गोलियां जब्त की और म्यांमा के एक नागरिक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया।

## मिर्जापुर में बेकाबू ट्रक ने ट्रैक्टर ट्रॉली में मारी टक्कर, 10 की मौत

### तीन की हालत गंभीर, ट्रैक्टर से वाराणसी जा रहे थे मजदूर

- कछवा थाना क्षेत्र स्थित जीटी रोड पर हुआ दर्दनाक हादसा
- प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी ने जताई संवेदना

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार :** मिर्जापुर के कछवा बाजार थाना अंतर्गत बेकाबू ट्रक ने मजदूरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी जिससे ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार 10 लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर वाराणसी में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने ट्रक कब्जे में ले लिया जबकि उसका चालक फरार है।

मिर्जापुर के पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के अनुसार, मिर्जा मुराद थाना क्षेत्र के रामसिंहपुर और बीरबलपुर गांव के दर्जनों मजदूर भदोही के तिवारी गांव में छत की ढलाई का काम कर रात दो बजे के लगभग ट्रैक्टर-ट्रॉली से अपने घर मिर्जा मुराद जा रहे थे। इस बीच मिर्जापुर जिले के कछवा थाना क्षेत्र के कटका गांव स्थित नेशनल हाईवे पर औराई की तरफ से आ रहे एक ट्रक ने ट्रैक्टर के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी। जिसमें 10 मजदूरों की मौत हो गई। तीन घायलों को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है, जिनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। मृतकों में मिर्जा मुराद थाना क्षेत्र के रामसिंहपुर/ बीरबलपुर गांव निवासी भानु प्रताप (25), विकास कुमार (20), अनिल कुमार (35), सूरज कुमार (22), सनोहर (26), राकेश कुमार (25), प्रेम कुमार (42), राहुल कुमार उर्फ टूल्लू (28), नितिन कुमार (22) और रोशन कुमार (17) शामिल हैं। रामसिंहपुर/बीरबलपुर गांव के आकाश कुमार (18) पुत्र नंदलाल, जमुनी (26) पुत्र सहती व अजय सरोज (50) घायल हैं।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त ट्रक और मौके पर मौजूद स्थानीय लोग।

### प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री ने की आर्थिक मदद की घोषणा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सड़क दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने मृतकों के परिजनों को दो लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को 50 हजार रुपये की सहायता राशि देने के निर्देश दिए। वहीं मिर्जापुर की सांसद और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने एक्स पर लिखा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति और शोक संतप्त परिवारों को इस कठिन समय में संबल दें।

### गोंडा में सड़क हादसे में चार युवकों की मौत

**इटियाथोक, गोंडा।** रिश्तेदारी में जा रहे एक युवक और उसके तीन दोस्तों के लिए बोलेरो की तेज रफ्तार काल बन गई। इटियाथोक खरगूपुर मार्ग बेंदुली गांव के मोड़ पर बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में बोलेरो सवार चारों युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से बोलेरो में फंसे युवकों को बाहर निकाला और एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज भेजा, जहां डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान अभिषेक साहू निवासी ढडक्की पट्टी, धर्म सिंह निवासी कंसापुर, राम बच्चन पांडेय निवासी तिवारी बाजार झंझरी व दीपू निवासी कचनापुर दुल्लापुर तरहर के रूप में हुई। थानाध्यक्ष शेषमणि पांडे ने बताया ने घटना आधी रात की है। मुख्यमंत्री योगी ने परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

## तीसरी मंजिल से कूदे महाराष्ट्र विस उपाध्यक्ष

- धनगर को एसटी का दर्जा देने के विरोध में उठाया कदम

**मुंबई :** महाराष्ट्र विधानसभा के उपाध्यक्ष नरहरि झिरवाल सहित कुछ आदिवासी नेता धनगर समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा दिए जाने के विरोध में राज्य सचिवालय मंत्रालय की तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। निचली मंजिल पर लगे सुरक्षा जाल पर गिरने के चलते उनकी जान बच गई। अधिकारियों ने बताया कि छह मंजिला मंत्रालय परिसर में हुई घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है, लेकिन कुछ समय तक स्थिति तनावपूर्ण रही।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायक झिरवाल और किरण लहामाटे और भाजपा के आदिवासी सांसद हेमंत सवारा उन लोगों में शामिल हैं जो तीसरी मंजिल से दूसरी मंजिल पर लगे सुरक्षा जाल पर कूद गए जिसे 2018 में लगाया गया था। पुलिस ने बताया कि घटना दोपहर करीब 12:40 बजे हुई। इस घटना में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के दो विधायक और एक सांसद शामिल थे। जब पुलिस कर्मियों ने इन नेताओं को जाल से हटाया तब आदिवासी प्रतिनिधि मैदान में एकत्रित हो गए और धरना देने लगे। उनका आरोप था कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे आरक्षण पर चर्चा के लिए उनसे मुलाकात नहीं कर रहे हैं।

## सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 40 नक्सलियों को मार गिराया

- भारी मात्रा में एके-47, एसएलआर सहित हथियार बरामद
- नारायणपुर-दंतेवाड़ा सीमा पर अबूझमाड़ में हुई गोलीबारी

नारायणपुर (छत्तीसगढ़), एजेंसी

छत्तीसगढ़ में चल रहे अब तक के सबसे बड़े नक्सल ऑपरेशन में शुक्रवार को सुरक्षा बल के जवानों ने 40 नक्सलियों को मार गिराया, जिसमें करीब 30 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। नारायणपुर और दंतेवाड़ा के सीमा पर अबूझमाड़ क्षेत्र में यह मुठभेड़ नेंदूर एवं थुलथुली गांव के जंगलों में हो रही थी। पुलिस तथा नक्सलियों के बीच दोपहर से ही मुठभेड़ जारी है, राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि नारायणपुर-दंतेवाड़ा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षाबल की नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में बड़ी संख्या में नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक पी सुंदरराज ने मुठभेड़ में 30 नक्सलियों के शव बरामद होने की पुष्टि की है।

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक पी सुंदरराज ने दावा किया कि इस मुठभेड़ में शामिल सुरक्षा बलों के जवानों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। वहीं मौके से सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में एके 47, एसएलआर सहित कई अन्य हथियार भी बरामद किए हैं। यह मुठभेड़ नेंदूर और थुलथुली गांव के जंगलों में हो रही थी। बताया कि गुरुवार को डीआरजी और एसटीएफ की संयुक्त टीम नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिले के थाना ओर्चा तथा बारसूर क्षेत्र के गांव गोवेल, नेंदूर एवं थुलथुली की ओर सर्च अभियान के लिए रवाना हुई थी। अभियान के दौरान शुक्रवार को दोपहर लगभग 12:30 से 1 बजे के बीच पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। सुरक्षा बलों द्वारा सर्च अभियान अभी भी जारी है।



### नक्सलवाद का खात्मा ही हमारा लक्ष्य : साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि जवानों को मिली यह बड़ी कामयाबी सराहनीय है। उनके हौसले और अदम्य साहस को नमन करता हूं। नक्सलवाद के खात्मे के लिए शुरू हुई हमारी लड़ाई अब अपने अंजाम तक पहुंचकर ही दम लेगी, इसके लिए हमारी डबल इंजन सरकार दृढ़ संकल्पित है। प्रदेश से नक्सलवाद का खात्मा ही हमारा लक्ष्य है।

## शिक्षक व उनके परिवार का हत्यारोपी चंदन गिरफ्तार

**खुलासा**

- अमेठी में गुरुवार को 4 लोगों की गोली मारकर की गई थी हत्या, आरोपी पर केस दर्ज
- चंदन वर्मा का शिक्षक पत्नी पूनम से थे संबंध, वीडियो कॉल से खुला राज

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम शिक्षक सुनील कुमार, उसकी पत्नी व दो बच्चों की हत्या के आरोपी चंदन वर्मा को एसटीएफ के सहयोग से अमेठी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

घटना का खुलासा करते हुए एसपी अनूप सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ शुक्रवार को शिक्षक के पिता रामगोपाल ने हत्या का मामला दर्ज कराया था। आरोपी दिल्ली भागने की फिराक में था, उसे गौतमबुद्धनगर से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, शिक्षक की पत्नी पूनम और आरोपी चंदन वर्मा के बीच 4 साल से अफेयर चल रहा था। इससे



अमेठी हत्याकांड का खुलासा करते एसपी अनूप सिंह।

जुड़ी कई बातें सामने आई हैं। चंदन ने प्रेम प्रसंग में नाकाम रहने पर पूरे परिवार पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं और शिक्षक व उसकी पत्नी सहित दोनों बेटियों को मौत के घाट उतार दिया। आरोपी चंदन ने खुद को भी गोली मारनी चाही, लेकिन नाकाम रहा। यह बात आरोपी ने अपने फोन के स्टेटस पर भी लगाया था कि गुरुवार को 5 हत्याएं होंगी। रायबरेली के गदागंज थाना क्षेत्र के सुदामापुर गांव निवासी शिक्षक सुनील कुमार (35), उसकी पत्नी पूनम भारती (32), बेटी सृष्टि (6) व समीक्षा(2) की गुरुवार देर शाम शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के अहोरवा भवानी कस्बे में किराए के मकान में गोलियों से भूनकर हत्या कर दी थी।

## उत्तराखंड में वायरस से ठप हुआ सरकारी कामकाज

**देहरादून :** उत्तराखंड का आईटी सिस्टम पिछले 48 घंटे से पूरी तरह ठप है। राज्य के आईटी डिपार्टमेंट के एक्सपर्ट समेत केंद्रीय एजेंसी से जुड़े एक्सपर्ट भी सिस्टम में आए वायरस की जांच में जुटे हैं। ई सिस्टम में आए एक वायरस ने पूरे प्रदेश के सरकारी कामकाज को प्रभावित कर दिया है।

सचिवालय हो या तमाम दूसरे विभाग, कहीं भी ई ऑफिस से जुड़े काम नहीं हो पा रहे हैं। बड़ी बात यह है कि पिछले 48 घंटे से कामकाज ठप है। विशेषज्ञ इसे ठीक करने में जुटे हैं। दो दिन पहले आईटीडीए को सरकारी सर्वर में वायरस आने की जानकारी मिली थी।

## सर्राफ से 12 लाख के जेवर व नकदी लूटी

**उन्नाव की घटना**

- आईजी, एसपी पहुंचे मौके पर पुलिस की 5 टीमें बनाई गईं

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली अंतर्गत दोस्ती नगर चौकी क्षेत्र में फायर ट्रेनिंग सेंटर के पास शुक्रवार रात बाइक सवार लुटेरों ने स्कूटी से जा रहे सराफा व्यवसाई को रोककर तमंचा लगाकर स्कूटी छीन ली और भाग निकले। कुछ दूरी पर स्कूटी की डिक्की खोलकर उसमें रखे 12 लाख के जेवर व 40 हजार की नकदी निकाल ली और स्कूटी छोड़ गए।

लूट की सूचना मिलने पर आईजी, एसपी व एएसपी घटनास्थल पर पहुंचे और जांच की।

सर्राफ विमल कुमार दही थानाक्षेत्र के मोहल्ला आवास



घटनास्थल का निरीक्षण करते आईजी प्रशांत कुमार व एसपी दीपक भूकर। अमृत विचार

विकास कालोनी का निवासी है। उसने बताया कि माखी थानाक्षेत्र के पावा गांव में उसकी सोने-चांदी की दुकान है। शुक्रवार रात करीब 9:30 बजे वह दुकान बंद कर बिक्री के 40 हजार रुपये व सोने चांदी के करीब 12 लाख के जेवर बैग में रखकर स्कूटी से घर लौट रहा था।

विमल के मुताबिक, उन्नाव-हरदोई मार्ग पर दोस्ती नगर नहर से जैसे ही वह आगे बढ़ा तो हेलमेट लगाए 2 बाइकों पर सवार चार लुटेरे उसके पीछे लग गए। फायर ट्रेनिंग सेंटर के पास सुनसान जगह पर एक लुटेरे ने अपनी बाइक स्कूटी के आगे लगाकर रोक ली और दूसरी बाइक सवार लुटेरों ने तमंचा लगा दिया, स्कूटी लेकर भाग निकले। पीड़ित के मुताबिक स्कूटी की डिक्की में रखे बैग में 50 ग्राम सोने का जेवर (कीमत करीब 4 लाख) और 8 किलो चांदी के जेवर(कीमत 8 लाख) बिक्री के 40 हजार रुपये रखे थे। घटनास्थल से कुछ दूरी पर लुटेरे बैग निकालकर स्कूटी छोड़कर भाग निकले। बाद में आईजी लखनऊ रेंज प्रशांत कुमार, एसपी दीपक भूकर, एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह ने घटनास्थल पहुंचकर जांच की। आईजी प्रशांत कुमार द्वितीय ने अमृत विचार को बताया कि पुलिस की टीमें और एसओजी लुटेरों की धड़पकड़ के लिए लगाई गई है। एसपी दीपक भूकर ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

## उच्च न्यायालयों के आदेश रद करने के मामले में बनेगा कानून



- सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान दी व्यवस्था

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि वह खुली अदालतों में उच्च न्यायालयों द्वारा दिए गए अपने ही आदेशों को निरस्त किए जाने के मुद्दे पर कानून बनाएगा। शीर्ष अदालत के सामने एक ऐसा मामला आया है जिसमें मद्रास उच्च न्यायालय ने एक पूर्व आईपीएस अधिकारी के खिलाफ धनशोधन के मामले को रद कर दिया था और बाद में अपने निर्देश को संशोधित करते हुए मामले की फिर से सुनवाई की थी। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने तमिलनाडु हाउसिंग बोर्ड के एक भूखंड के अवैध आवंटन के सिलसिले में पूर्व आईपीएस अधिकारी एमएस. जाफर सैत के खिलाफ दर्ज धनशोधन मामले की कार्यवाही पर रोक लगा दी। अगली सुनवाई 22 नवंबर को होगी।

सुप्रीम कोर्ट पूर्व आईपीएस अधिकारी सैत की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। उन्होंने दलील दी थी कि मामले में कार्यवाही रद करने की उनकी याचिका स्वीकार करने के कुछ दिनों के भीतर उनके मामले की फिर से सुनवाई की गई।

## केंद्र की 10 वर्षों में 75 हजार मेडिकल सीट बढ़ाने की योजना

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए अगले 10 वर्षों में देश भर में और 75 हजार मेडिकल सीट बढ़ाने की योजना बना रहा है। शाह ने शहर के पास अडालज गांव में एक न्यास द्वारा संचालित अस्पताल 'हीरामणि आरोग्यधाम' का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाया है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्वच्छता अभियान शुरू किया, जो बीमारियों को खत्म करने का अभियान था।

**हौसले को सलाम** विदेशियों को दे रहीं प्रशिक्षण, मन की बात में प्रधानमंत्री ने की थी बात, सीतापुर की रहने वाली सुनीता को दिया था ड्रोन दीदी का नाम

## पीएम की ड्रोन दीदी ने 3 हजार महिलाओं को दिया रोजगार

जीशान कदीर, सीतापुर

**अमृत विचार :** किसानों के लिए जैविक खेती का नुस्खा बताने वाली सुनीता ने देश-दुनिया में ड्रोन दीदी के नाम से पहचान बना ली है। स्वयं प्रधानमंत्री इन्हें ड्रोन दीदी का खिताब देकर सम्मानित कर चुके हैं। वर्तमान में ड्रोन दीदी सीतापुर जिले की करीब 3 हजार से भी अधिक महिलाओं को रोजगार दे चुकी हैं और अब वे सोशल मीडिया के जरिए विदेशियों को भारत की पारंपरिक खेती की दीक्षा दे रही हैं। मछरेहटा इलाके के गोंडा गांव में जन्मीं सुनीता देवी ने बीए तक शिक्षा हासिल की। वो बताती हैं कि विवाह होने के बाद पति संतोष वर्मा की नौकरी भी छूट गई। तब उन्होंने ठान लिया कि कुछ करके दिखाना हैं।



ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षण देतीं ड्रोन दीदी सुनीता।

सुनीता वर्ष 2017 में एक एनजीओ से जुड़ीं, जहां गाय के गोबर और मिट्टी से सामान बनाना सीखा, फिर 2019 में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत कृषि विज्ञान केंद्र कटिया में जैविक उपज प्रशिक्षण लिया। इसके बाद स्वयं का ज्योति महिला स्वयं सहायता समूह बनाया। सीतापुर से जुड़ी बिसवां, महमूदाबाद, मिश्रिख और लहरपुर तहसील के 100 गांव में जा-जाकर महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया। तीन वर्ष के भीतर 3000 के करीब महिलाओं को गोवंश के गोबर से लक्ष्मी-गणेश, शुभ-लाभ, दीपक, प्राकृतिक रंग, चरण आदि बनाना सिखाया। अधिकतर महिलाएं इन सामानों को बेचकर रोजगार कर रही हैं। इसी वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात में सुनीता से बातचीत कर चुके हैं। वो कहती हैं कि फेस-बुक और एक्स पर अमेरिका, इंग्लैंड समेत कई विदेशी लोग भी उनसे प्रशिक्षण पा रहे हैं।

### मुफ्त राशन योजना से पलता है उनके परिवार का पेट

ड्रोन दीदी सुनीता ड्रोन के माध्यम से महीने में सिर्फ 10-15 हजार रुपये कमा लेती हैं। जिससे बेटे आदित्य और अनुभव की पढ़ाई-लिखाई और बिसवां में कमरे का किराया हो जाता है। बाकी सरकार की मुफ्त राशन योजना से उनका, पति, बच्चों और मां अनीता और सास सुमित्रा का पेट पलता है। गांव में कच्चा घर गिर जाने के कारण अब सास और मां भी सुनीता के पास ही रहती हैं।


चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में मेडल पाने वाले छात्र- छात्राओं के साथ कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, अंतर्राष्ट्रीय गेहूं एवं मक्का शोध केंद्र मैक्सिको के महानिदेशक डॉ. ब्रेम गो वाट्स, विवि के कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह व विधायक सुरेंद्र मैथानी। अमृत विचार

# ड्रोन दीदी और कृषि सखियों से बदलेगी तस्वीर

## राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने जैविक और श्रीअन्न की खेती बढ़ाने, कृषि लागत घटाने पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीएसए कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को किया संबोधित

**अमृत विचार।** ग्रामीण महिलाओं का कृषि क्षेत्र में बड़ा योगदान है, लेकिन उनके उत्थान पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। आज पशुपालन, मछली पालन, हथकरघा, डेयरी उत्पादन में महिलाएं सहभागिता देकर आत्मनिर्भर हो रही हैं। सरकार ने उनके लिए ड्रोन विधि योजना शुरू की है। इसमें प्रशिक्षण के साथ सब्सिडी दी जा रही है। ड्रोन दीदी एवं कृषि सखियां कृषि उत्पादकता बढ़ाकर तस्वीर बदलने में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। यह बात शुक्रवार को सीएसए कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलाधिपति व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कही।



राज्यपाल ने किसानों की आय दोगुनी करने के लिए कृषि लागत कम करने तथा गौ आधारित प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि जैविक और श्रीअन्न की खेती के लिए ऐसे बीज तैयार करें, जो कम समय और कम लागत में ज्यादा उपज प्रदान करें।

### महिला अत्याचार रोकने में आगे आएं

- राज्यपाल ने महिलाओं का सम्मान करने और उन पर होने वाले अत्याचार रोकने के लिए आगे आने को कहा। उन्होंने कहा कि कहीं भी किसी महिला को प्रताड़ित किया जा रहा हो, तो चुपचाप वहां से नहीं निकलना चाहिए, बल्कि रक्षा के लिए कदम बढ़ाना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि महिलाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कई योजनाओं से जुड़कर प्रदेश में बेहतरीन काम कर रही है, इनमें ग्रीन गैंग भी है, जो बच्चों को स्कूल भेजने और पुरुषों से शराब छुड़ाने का काम कर रहा है।

### बड़े लक्ष्य बनाने से मिलतीं बड़ी उपलब्धियां

- छात्र-छात्राओं को जीवन में हमेशा बड़े लक्ष्य बनाकर मेहनत करने की सलाह देते हुए राज्यपाल ने कहा कि इससे बड़ी उपलब्धियां हासिल होती हैं। समारोह में छात्र-छात्राओं को 601 उपाधियों के साथ 62 पदक प्रदान किए गए। इनमें 14 स्वर्ण, 14 रजत, 13 कांस्य पदकों के साथ 21 प्रायोजित पदक शामिल रहे। मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय गेहूं व मक्का शोध केंद्र मैक्सिको के महानिदेशक डॉ ब्रैम गोवाट्र्स को डॉक्टर ऑफ साइंस की मानद उपाधि प्रदान की गई। विशिष्ट अतिथि कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही रहे। कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने विश्वविद्यालय की प्रगति पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन शुभी गुप्ता ने किया। प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ संजय सिंह, विधायक एवं बोर्ड के सदस्य सुरेन्द्र मैथानी व अवधेश कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।


दीक्षांत समारोह में अंतर्राष्ट्रीय गेहूं एवं मक्का शोध केंद्र मैक्सिको के महानिदेशक डॉ. ब्रेम गो वाट्स को डॉक्टर ऑफ साइंस की मानद उपाधि देतीं कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही। अमृत विचार

## फूड सप्लाई चेन बनाए रखना जरूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- डॉ गोवॉट्स ने सराहा 305 प्रजातियां पर किया गया काम

**अमृत विचार।** खेतों में अनाज की पैदावार इस तरह नियंत्रित की जानी चाहिए जिससे फूड सप्लाई चेन प्रभावित न हो। यह विचार बात अंतरराष्ट्रीय गेहूं एवं मक्का शोध केंद्र मैक्सिको के महानिदेशक डॉ. ब्रैम गोवाट्र्स कही। उन्होंने सीएसए विवि की ओर से 305 प्रजातियों पर किए काम को सराहनीय बताया। युवाओं से कहा कि इस समय पर्यावरण परिवर्तन सबके लिए चुनौती है। इससे खेती भी प्रभावित हो रही है। इस क्षेत्र में बेहतर शोधकार्य कर खेती को प्रभावित होने से बचाने की जरूरत है।

**62** छात्र-छात्राओं को मिले पदक

**63%** फीसदी छात्रों ने पाए पदक | **37%** फीसदी छात्राओं को मिले पदक

- अंतरराष्ट्रीय गेहूं व मक्का शोध केंद्र मैक्सिको के महानिदेशक डॉ ब्रैम गोवाट्र्स को मिली मानद उपाधि
- सीएसए ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के 10 संस्थानों, 5 अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं व 14 कृषि विश्वविद्यालयों के साथ अनुबंध किए।
- मिलेट्स खाद्यानों उत्पादन पर विशेष प्रयास के अन्तर्गत मिलेट्स प्रोसेसिंग, पैकेजिंग एवं आउटलेट की स्थापना।

**601** उपाधियां प्रदान की गईं

**14** को कुलाधिपति स्वर्ण पदक

**14** को मिले कुलाधिपति रजत पदक

**13** को मिले कुलाधिपति कांस्य पदक

**21** मेधावियों को प्रायोजित स्वर्ण पदक

### क्या बोले मेधावी


मनदीप कुमार के पिता फूलचंद किसान और मां शकुंतला देवी गृहिणी हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए कृषि वैज्ञानिकों द्वारा कई तरह की तकनीक ईजाद की गई है, लेकिन वह सभी किसानों तक नहीं पहुंच पा रही है। किसानों में शिक्षा की कमी होने से भी उनको समझाने में समस्या आती है।


प्रतीक सक्सेना को एमएससी कृषि में विवि कांस्य व प्रशांत कुमार यादव मेमोरियल स्वर्ण पदक मिला है। उनके पिता डॉ.सुनील चंद्रा मेडिकल ऑफिसर और मां रीना गृहिणी हैं। उन्होंने कहा कि वह पीएचडी करेंगे। उनका सपना कृषि वैज्ञानिक बनकर किसानों की समस्या आसान करना है।


हमीरपुर के भूपेंद्र के पिता बाबूलाल किसान हैं, मां कुसमा देवी गृहिणी हैं। भाई ने भी सीएसए से पीजी किया है। उन्होंने कहा कि परिजनों व शिक्षकों को सफलता के लिए आभार है। अब पीसीएस का लक्ष्य है।


सुल्तानपुर के रमाकांत मौर्य को एमएससी (कृषि) कीट विज्ञान में देवराजी मेमोरियल स्वर्ण पदक मिला। पिता राम जीयावन किसान और मां मंजू गृहिणी हैं। उन्होंने यूपीएससी की तैयारी करने की बात कही।


बीटेक (कृषि अभियांत्रिकी) में कुलाधिपति स्वर्ण पदक से सम्मानित मैनपुर की आर्यन दुबे आईआईटी खड़गपुर से एमटेक कर रहे हैं। सफलता का श्रेय पिता अजय व मां नंदनी को देते हुए बोले, शोध कार्यों के जरिए किसानी को आसान बनाने पर काम करेंगे।


बागपत के अर्पित कुमार को बीटेक डेयरी टेक्नोलॉजी में कुलाधिपति स्वर्ण पदक दिया गया है। अर्पित ने इन क्षणों को मोबाइल पर मां प्रभा और पिता नरेश ठाकुर के साथ साझा किया और उनको सफलता का श्रेय दिया। उनका अमूल दूध कंपनी में प्लेसमेंट हुआ है।


मेडल पाने से खुश छात्र-छात्राओं ने हिप-हिप हुर्रे किया। अमृत विचार

### उत्पादन बढ़ाना बड़ी चुनौती: सूर्य प्रताप शाही



- **कानपुर।** प्रदेश कृषि उत्पादन में बड़ी हिस्सेदारी के बाद भी पंजाब व हरियाणा से पीछे हैं। प्रदेश में उत्पादन बढ़ाने की चुनौती आसान बनाने के लिए युवाओं को आगे आने की जरूरत है। सीएसए विवि में अंतर्राष्ट्रीय गेहूं एवं मक्का शोध केंद्र का सेंटर भी बनना चाहिए। यह बात कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कही। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों, संस्थानों व शोध केंद्रों में कई बेहतर शोध हुए हैं। लेकिन उनका लाभ किसानों तक नहीं पहुंचा है। इस कमी को दूर होना बहुत जरूरी है।

## एक नजर

### सड़क किनारे मिला युवक का शव

**कानपुर।** फजलगंज थानाक्षेत्र में गणेश नगर रावतपुर निवासी 50 वर्षीय गोविंदा उर्फ प्रदीप कुमार का शव फजलगंज क्षेत्र में सड़क पर पड़ा मिला। बहनोई प्रेम कश्यप ने बताया कि वह शराब पीकर इधर उधर घूमा करता था। वह नशे में इधर-उधर सो जाया करता था। पुलिस का फोन आया उन्होंने घटना की जानकारी दी।

### टिकट वापसी के लिए दर्शकों ने भरा फार्म

**कानपुर।** भारत-बांग्लादेश टेस्ट मैच के दूसरे व तीसरे दिन खेल रद होने के कारण यूपीसीए ने दर्शकों के टिकट का पैसा वापस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। शुक्रवार को टिकट लेकर ग्रीनपार्क यूपीसीए कार्यालय पहुंचे दर्शकों ने पैसों की वापसी के लिए फार्म भरकर जमा किया। यूपीसीए पदाधिकारियों के अनुसार 4-6 अक्टूबर के बीच पैसों की वापसी होगी। यूपीसीए के पदाधिकारियों का कहना है कि दो दिन में सभी का पैसा दे दिया जाएगा।


बड़ी करबला नवाबगंज में जुटे शिया समुदाय के लोग। अमृत विचार

## नसरुल्लाह को दी गई श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ऑल इंडिया शिया युवा यूनिट ने किया कार्यक्रम

**अमृत विचार।** लेबनान में मारे गए हिजबुल्लाह के चीफ नसरुल्लाह को बड़ी करबला नवाबगंज में मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर विश्व शांति के लिए विशेष दुआ का आयोजन किया गया। ईरान और इजरायल से संयम बरतने की अपील की गई है।

ऑल इंडिया शिया युवा यूनिट द्वारा बड़ी करबला में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मौलाना अलमदार हुसैन ने कहा कि अमेरिका के इशारे पर दुनिया के कई मुल्क जंग की आग में झुलस रहे हैं, सभी को चाहिए कि अमेरिका का पूरी तरह से बायकाट करें। जल्द भारत सुपर पॉवर बने तभी दुनिया में शांति मुमकिन है। मौलाना अलमदार हुसैन ने कहा कि युद्ध तुरंत रुकना चाहिए, हजारों बेगुनाहों की जान जा रही है। यूनिट के महासचिव नायाब आलम ने कहा कि किसी भी समस्या का समधान जंग नहीं है। अगर समय रहते हालात पर नियंत्रण नहीं किया गया तो हिरोशिमा नागासाकी की तरह बड़ी तबाही हो सकती है। इस मौके पर नायाब आलम, इजरान जैदी, शारिब अब्बास, असद रिजवी, राशिद अली, तहसीन हैदर, अली अब्बास आदि मौजूद रहे।

## मंदिर के घंटे से फांसी लगाकर युवक ने दी जान

**कानपुर।** एक युवक ने घर से कुछ दूरी पर स्थित मंदिर के घंटे से लटककर जान दे दी वहीं एक ने घर में पंखे के कुंडे से फंदा लगा लिया।

सचेंडी थानाक्षेत्र के पलरा गांव में खेती किसानी करने वाले 40 वर्षीय राजकुमार ने घर से 500 मीटर की दूरी पर स्थित काली माता के मंदिर में लगे घंटे में अंगौछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर की। परिवार में पत्नी सुमन, तीन बेटी व एक बेटा है। परिजनों ने बताया कि वह चुपचाप तड़के चार बजे बिना बताए निकल गए थे। परिजन घटना के पीछे के कारण नहीं बता सके हैं। इसी प्रकार महाराजपुर थानात्रक्षेत्र के अमौली गांव निवासी 30 वर्षीय किसान ने घर में पंखे के कुंडे से फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार सुबह पत्नी अंजलि ने शव लटकते देखा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस जांच कर रही है।

## कांग्रेसियों ने बैठक करके संविधान सम्मान सम्मेलन की रणनीति बनाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जीटी रोड स्थित गुंजन टाकीज के सामने ग्राउंड पर 9 अक्टूबर को संविधान सम्मान सम्मेलन प्रस्तावित है। जिसके लिए कांग्रेस ने ताकत झोंक दी है। बैठक में काफी दिनों बाद कांग्रेस मुख्यालय तिलक हाल फुल दिखाई दिया।

शुक्रवार को कांग्रेस मुख्यालय, तिलक हाल में कांग्रेस के सभी पदाधिकारी फ्रंटल एवं प्रकोष्ठ के संगठनों वार्ड अध्यक्षों एवं पार्षदों की बैठक हुई जिसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव नीलांशु चतुर्वेदी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं प्रभारी राहुल राय, महासचिव अंशु तिवारी, सचिव संतराम नीलांचल ने विशेष रूप से शिरकत की। वक्ताओं ने कहा कि 9 अक्टूबर को संविधान सम्मान सम्मेलन करके सरकार की जनविरोधी नीतियों का खुलासा किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ने की। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पूर्व विधायक संजीव दरियाबादी, पूर्व विधायक सोहेल अख्तर अंसारी, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी आलोक मिश्रा आदि ने विचार रखे। संचालन दिलीप शुक्ला एवं लल्लन अवस्थी ने शुक्रिया अदा किया।


बैठक को संबोधित करते राष्ट्रीय सचिव नीलांशु चतुर्वेदी। अमृत विचार

- तिलक हाल कांग्रेसियों से फुल रहा, 9 को सम्मेलन

## लाखों की धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्लाट दिलाने के नाम पर महिला से ठगी की थी

**अमृत विचार।** नवाबगंज में फर्जी दस्तावेज के जरिये धोखाधड़ी कर महिला को प्लॉट दिलाने के नाम पर 4.5 लाख रुपये की ठगी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस इस मामले में फरार अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

ग्वालटोली पार्वती बागला रोड निवासी नीतू टण्डन के अनुसार उन्हें प्लॉट की जरूरत थी। इस पर गंभीरपुर कछार निवासी नीरज सिंह चौहान व रोहित सिंह चौहान ने गंगा बैराज मार्ग ग्राम कटरी ख्यौरा में एक प्लॉट दिखाया था। दोनों पर विश्वास करके उन्होंने 4.50 लाख रुपये का बैनामा उपयुक्त प्लॉट मालिक निर्भय सिंह के नाम 31 अगस्त 2021 को कर दिया था। इसके बाद दाखिल-खारिज के लिए जब उन्होंने आवेदन किया तो पता चला कि



प्लॉट का मालिक कोई और है और उन्हें फर्जी दस्तावेजों के जरिये प्लॉट की रजिस्ट्री की गई है। इसके बाद जब पीड़िता ने अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने अपने साथियों के साथ उनके बेटे शुभम को जान से मारने की धमकी दी। साथ ही 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगने लगे। पीड़ित की तहरीर नवाबगंज पुलिस ने नीरज, रोहित, निर्भय, महादेव और रमेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। शुक्रवार को पुलिस ने नवाबगंज कटरी ख्यौरा बनियापुरवा निवासी महादेव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

**व्यवस्था** प्रथम चरण में तीन फेज के स्मार्ट मीटर लगाने की योजना

## केस्को कर्मियों के घरों में लगेंगे स्मार्ट मीटर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** राजस्व बढ़ाने और बिजली वितरण का सटीक डेटा जुटाने के मकसद से केस्को अधिकारियों ने प्रथम चरण में केस्को कर्मचारियों के आवासों पर तीन फेज के पांच सौ स्मार्ट मीटर लगाने की योजना तैयार की है। स्मार्ट मीटर लगने पर कर्मचारी और अधिकारी अंधाधुंध बिजली का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे।

कानपुर विद्युत आपूर्ति कंपनी के शहर में साढ़े सात लाख उपभोक्ता हैं, जिनमे से एक लाख 52 हजार लोग स्मार्ट मीटर धारक हैं, लेकिन केस्को कर्मियों व अभियंताओं के आवासों पर स्मार्ट मीटर नहीं लगे हैं। केस्को में करीब 1100 कर्मी हैं, जिनमें अधिकारियों के साथ ही इंजीनियर और सबस्टेशन के कर्मचारी शामिल हैं। वर्तमान में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी केवल 417 रुपये प्रतिमाह का शुल्क देकर असीमित बिजली खर्च कर सकते हैं। वहीं, अधीक्षण अभियंता से लेकर अवर अभियंता 890 से 1560 रुपये का फिक्स चार्ज देकर बिजली खर्च का लाभ लेते हैं। इसके साथ ही एसी घर पर लगाने पर साढ़े छह सौ रुपये प्रतिमाह अतिरिक्त देना होता है।

### अधिकारियों व कर्मियों को इतना देना होता बिजली खर्च

| पद और फिक्स | चार्ज |
|---|---|
| मुख्य अभियंता | 1,766 |
| अधीक्षण अभियंता | 1,560 |
| अधिशासी अभियंता | 1,137 |
| सहायक अभियंता | 1,057 |
| अवर अभियंता | 890 |
| बाबू, लाइनमैन, एसएसओ | 524 |
| चतुर्थ श्रेणी कर्मी | 417 |

### 118 साल पहले पहली बार जले थे बल्ब



- शहर में 25 दिसंबर 1906 को इंडियन इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रैक्शन कंपनी ने क्रिसमस के दिन पहली बार बिजली आपूर्ति शुरू की थी। सबसे पहले गिरजाघरों और यूरोपीय परिवारों के आवासों में बिजली जली थी। विद्युत कर्मी संगठन के पदाधिकारी भगवान मिश्रा के मुताबिक अंग्रेजों के जमाने में विभाग का मुखिया जिस आवास में रहता था, उसे लाइट हाउस के नाम से जाना जाता था। अब भी यही नाम कायम है।

इनमे से कुछ कर्मी व अधिकारी बिजली का अंधाधुंध प्रयोग भी करते हैं, जिसपर अब रोक लग सकेगी। इस संबंध में केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला के मुताबिक पहला स्मार्ट मीटर प्रबंधक निदेशक के लाइट हाउस में लगाया जाएगा। पहले चरण में तीन फेज के पांच सौ मीटर लगाए जाएंगे। आगामी सप्ताह में 10 हजार से ज्यादा स्मार्ट मीटर की आपूर्ति जीनस कंपनी करेगी। बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मियों को घर में कितनी बिजली खर्च हो रही है, उसका भी डेटा अब रखा जाएगा। स्मार्ट मीटर लगने से खर्च हो रही बिजली का सटीक डेटा रखा जा सकेगा और राजस्व भी बढ़ेगा।

## सार-संक्षेप

### ट्रैक पर मिला युवक और महिला का शव

**कानपुर।** अर्मापुर और पनकी थानाक्षेत्र में अलग-अलग रेलवे ट्रैक पर युवक और महिला का लहूलुहान शव मिला। युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

अर्मापुर थानाक्षेत्र में स्थित गन फैक्ट्री के पीछे सुबह पटरी पर 30 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला। पुलिस ने शिनाख्त न हो पाने के कारण शव को पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया। इसी प्रकार रावतपुर थानाक्षेत्र में सराय मसवानपुर की रहने वाली 57 वर्षीय सोमवती साहू का शव पनकी पड़ाव पर पटरी पर पड़ा मिला। बेटे रिंपू ने बताया कि वह दादा नगर स्थित फैक्ट्री में काम करती थीं। वहां से लौटने पर ट्रेन की चपेट में आकर उनकी मौत हो गई।

### पुलिस के हत्थे चढ़ीं दो महिला चोर, जेल गईं

**कल्याणपुर।** कल्याणपुर पुलिस ने पांच माह पहले ई-रिक्शा सवार महिला के चोरी हुए गहनों के मामले में दो महिला चोरों को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया है। लवकुशपुरम निवासी उमा यादव गत 25 अप्रैल को कल्याणपुर क्रॉसिंग से ई रिक्शा पर बैठी थीं। उमा को बगल में बैठी दो महिलाओं ने अपनी बातों में फंसाकर उनके पर्स से गहने पार कर दिए थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर शुक्रवार को परमपुरवा निवासी रीना व राधिका नाम की दो महिलाओं को धर दबोचा। पुलिस ने उनसे चोरी का माल भी बरामद कर लिया है।

### दुष्कर्म का आरोपी पिता गया जेल

**कल्याणपुर।** कल्याणपुर में अपनी 15 वर्षीय सौतेली बेटी के साथ दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी पिता को पुलिस ने शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा गया है। पुलिस ने यह कार्रवाई किशोरी की मां की तहरीर पर की है।

### मकड़ीखेड़ा नाले में मिला युवक का शव

**कल्याणपुर।** इंदिरा नगर के मकड़ीखेड़ा स्थित नाले में शुक्रवार को एक युवक का शव पड़ा मिला। पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक ने काली पैंट व नीली शर्ट पहनी हुई थी। कल्याणपुर इंस्पेक्टर ने बताया कि शव तीन से चार दिन पुराना है। शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।


### आज का मौसम

हल्के बादल छाये रहने के आसार हैं किंतु वर्षा की कोई संभावना नहीं है।

35.4° अधिकतम तापमान | 23.6° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06:03 | सूर्यास्त 05:51

### तृतीय चंद्रघंटा



मां दुर्गा की तीसरी शक्ति हैं चंद्रघंटा। नवरात्र में तीसरे दिन इसी देवी की पूजा-आराधना की जाती है। देवी का यह स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इसीलिए कहा जाता है कि हमें निरंतर उनके पवित्र विग्रह को ध्यान में रखकर साधना करना चाहिए। देवी चंद्रघण्टा पूजा से शुक्र ग्रह का प्रभाव बढ़ता है। बीज मंत्र- ऐं श्रीं शक्त्यै नमः।

# टी-20 लीग के 2 पदों के लिए होगा चुनाव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- यूपीसीए की आमसभा 23 अक्टूबर को होगी
- वर्किंग कमेटी के प्रमुख 5 पदों में परिवर्तन नहीं

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) की वार्षिक आमसभा में 23 अक्टूबर को गवर्निंग काउंसिल के 2 पदों पर चुनाव होगा। वर्किंग कमेटी के प्रमुख 5 पदों में कोई परिवर्तन नहीं होना है।

यूपीसीए ने आमसभा में गवर्निंग काउंसिल के 2 पदों पर चुनाव की सूचना के साथ 93 सदस्यों की सूची भी जारी की है, जो चुनाव में वोट देंगे। सूची में 41 जिला क्रिकेट संघ और आजीवन सदस्य शामिल हैं। यूपीसीए के कोषाध्यक्ष प्रेम मनोहर गुप्ता ने बताया कि गवर्निंग काउंसिल के जिन 2 पदों पर चुनाव होना है, वे यूपी टी-20 लीग से




संबधित हैं। बीते साल यूपी टी-20 लीग से पहले कोई चुनाव नहीं हुआ था और डीएस चौहान को लीग का चेयरमैन बनाया गया था। यूपीसीए ने नए सत्र के लिए सीनियर व जूनियर पुरुष-महिला चयन समिति के पदों के लिए आवेदन मांगे हैं।

# 4 साल पहले लव मैरिज, अब कर दी पत्नी की हत्या

**दर्दनाक**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीसामऊ में पत्नी को पीटने के बाद पेट में चाकू घोंपकर मारा
- दहेज के लिए करता था प्रताड़ित, आरोपी पति गिरफ्तार

**अमृत विचार।** सीसामऊ थानाक्षेत्र में पति ने दहेज की मांग पूरी न होने पर पत्नी को जमकर पीटा और पेट में चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस और फोरेंसिक ने मामले की जांच की। मृतका के परिजनों ने बताया कि 4 साल पहले दोनों ने प्रेम विवाह किया था। सीसामऊ पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

सीसामऊ द्वारिकापुरी बाजार निवासनी मां पूजा देवी ने बताया कि उनकी बेटी शिवानी ने 4 साल पहले अमन निवासी चाचा नेहरू हॉस्पिटल बासमंडी चौराहा के साथ अपनी मर्जी से प्रेम विवाह किया था। उनके डेढ़ वर्ष पुत्र आयुष है। बताया कि गुरुवार देर शाम को शिवानी द्वारिकापुरी बाजार स्थित मायके में थी, तभी पति अमन मायके पहुंचा। यहां दहेज को लेकर दोनों में जमकर विवाद हुआ, पति ने पत्नी को जमकर मारापीटा। इसके बाद उसके पेट में चाकू मार दिया। बचाव करने में महिला के हाथ और चेहरे पर घाव हो गए।


बिलखती मां पूजा।

परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। इलाज के दौरान शुक्रवार को शिवानी की मौत हो गई। मां पूजा का आरोप है कि अमन दहेज की मांग को लेकर आए दिन मारपीट करता था। मारपीट से आजिज होकर कुछ महीने पहले ही बेटी शिवानी मायके आ गई थी। वह तलाक देकर दूसरी शादी करने जाने की बात कह रहा था।


घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व फोरेंसिक टीम। अमृत विचार

**बेटी का खुद ही किया इलाज, हालत बिगड़ी तब गए अस्पताल**

- मां पूजा ने पुलिस को बताया के शिवानी के पेट में दवा लगाकर पट्टी बांध दी थी, लेकिन डॉक्टर के पास नहीं ले गए थे। शुक्रवार को तबियत बिगड़ी तो ्स्पताल ले गए पर मौत हो गई। एडीसीपी सेंट्रल महेश कुमार ने बताया कि पति के खिलाफ हत्या की एफआईआर दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

**बच्चा रोया तो हुई मौत की जानकारी**

- मां पूजा ने बताया कि शुक्रवार सुबह डेढ़ वर्षीय नाती दूध पीने के लिए अपनी मां की छाती से लिपट रहा था। लेकिन मां की मौत होने के चलते वह कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रही थी। इस पर बच्चा बिलख-बिलख कर भूख से रोने लगा। रोने की आवाज सुनकर पास जाकर देखा तो शिवानी का मुंह खुला हुआ था और शरीर पूरी तरह से ठंडा पड़ गया था।

### एक नजर

**वाहन की टक्कर से युवक की मौत**

**कानपुर।** गोविंद नगर थानाक्षेत्र में अज्ञात वाहन ने एक युवक को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि किदवई नगर निवासी 32 वर्षीय अर्जुन पांडेय को मलिक पेट्रोल टंकी के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे हैलट अस्पताल में भर्ती कराकर परिजनों को सूचना दी। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

**गिट्टी निकालते समय चालक पर चढ़ गया ट्रक**

**कानपुर।** गुजैनी थानाक्षेत्र के अंबेडकरनगर निवासी 25 वर्षीय श्रवण विश्वकर्मा अपना ट्रक चलाते थे। पिता सोहनलाल ने बताया कि वह टायर में फंसी गिट्टी को निकाल रहा था कि इसी दौरान किसी तरह ट्रक आगे बढ़ गया और वह पहिए के नीचे आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल पहुंचाया जहां दम तोड़ दिया।

# जवानी की मशीन से ठगी की एसआईटी जांच

## 60 साल वालों को 25 साल जैसा बनाने का झांसा देने वाले शातिर दंपति का अभी तक नहीं लगा सुराग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** इजरायल निर्मित मशीन से थेरेपी देकर 60 की उम्र वाले लोगों को 25 साल जैसा जवान बनाने का झांसा देकर करीब 35 करोड़ रुपये ठगने वाले दंपति राजीव दुबे और उसकी पत्नी रश्मी का पुलिस अभी तक सुराग नहीं लगा सकी है। 13 दिनों में पुलिस के पास अमीर घरों की महिलाओं और कुछ वृद्धों की 9 शिकायतें आ चुकी हैं। माना जा रहा है कि ठगे जाने के बावजूद बदनामी या उपहास का पात्र बनने से बचने के लिए काफी पीड़ित अभी सामने नहीं आ रहे हैं। डीसीपी अंकित शर्मा ने शुक्रवार देर रात बताया कि इस मामले में गिरोह का पर्दाफाश करने के लिए एडिशनल पुलिस कमिश्नर क्राइम को एसआईटी जांच का पत्र भेजा गया है।

जवानी की मशीन दिखाकर शातिर ठग दंपति ने अमीर घरों की महिलाओं और बुजुर्गों से 1-1 लाख रुपये लेकर उन्हें मल्टीलेवल मार्केटिंग का सदस्य बनाया था। एक पीड़ित महिला ने दंपति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई थी। अब तक ठगी के शिकार जो 9 लोग सामने हैं, सभी मल्टीलेवल मार्केटिंग का हिस्सा बनाए गए थे। प्रत्येक सदस्य कम से कम 20-20 लोगों को जोड़ रहा था। पुलिस जांच में कुल 222 लोगों को जोड़ने की जानकारी आई है। यह भी पता चला है कि जिस थेरेपी मशीन से पीड़ितों को डेमो दिया गया था, वह इजरायल निर्मित थी लेकिन जो मशीन उन्हें दिखाई गई वह लोकल लग रही थी।

**ये था मामला**

शहर में लोगों को जवान बनाने का झांसा देकर ठग दंपति ने किदवई नगर में थेरेपी सेंटर खोला था। लोगों को फोटो और वीडियो दिखाकर बताया गया कि इजराइल में बनी मशीन से उन्हें जवान बना देंगे। मशीन से एक थेरेपी पैकेज की कीमत 90 हजार रुपये बतायी गई। नेटवर्किंग के जरिए और लोगों को जोड़ने का जाल बिछाया गया। इस तरह 35 करोड़ की ठगी की गई।

- मल्टी लेवल मार्केटिंग का जाल बिछाकर 222 लोगों को जोड़ा और ठगे 35 करोड़


ठग दंपति राजीव दुबे और उसकी पत्नी रश्मी।

**स्वास्थ्य विभाग नहीं कर रहा सहयोग**

- डीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने बताया कि उन्होंने सीएमओ को मशीन की जांच के लिए पत्र लिखा है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग कोई सहयोग नहीं कर रहा है। पुलिस जांच में तमाम ऑडियो, वीडियो और एक एप की बात सामने आई है जो आरोपी दंपति लोगों को डाउनलोड कराते थे। सूत्रों के मुताबिक दंपति के साथ और भी लोग इस ठगी में शामिल हैं, पुलिस उनका पता लगा रही है।

**जिम की आड़ में चल रहा था धंधा**

- जिम की आड़ में ठगी का यह कारोबार चल रहा था। आरोपी दंपति ने 2031 तक का एग्रीमेंट मकान मालिक से किया था। कई महीनों से किराया न चुकाने पर मकान मालिक ने उन्हें नोटिस भी दिया था।

**3 तरह के ट्रांजेक्शन की जानकारी**

- ठगी के इस अनोखे मामले में डीसीपी साउथ के अनुसार 3 तरह से मनी ट्रांजेक्शन हुआ है। पहला कैश, दूसरा ऑनलाइन और तीसरा चेक के जरिए। कुल कितना ट्रांजेक्शन हुआ, अभी कहना मुश्किल है। पुलिस टीम मनी ट्रेल पर काम कर रही है। जांच तमाम विभागों से जुड़ी है। इसलिए जल्दी ही एसआईटी बनाकर जांच की जाएगी।

**6 और लोगों ने दर्ज कराए बयान**

- शुक्रवार को 6 और लोगों ने पुलिस को बयान दर्ज कराए। मामले में जो 6 तहरीर आई थीं, उन लोगों को बुलाकर जानकारी की गई है। कुल 8 पीड़ितों ने तहरीर दी है।

# दानाखोरी में मकान की छत गिरने से हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लोगों ने मेट्रो के काम को ठहराया जिम्मेदार
- कई और मकानों में दरारें आने की बात कही

**अमृत विचार।** हरबंश मोहाल थानाक्षेत्र में मेट्रो की टनल के किनारे आ रहे मकान गिर रहे हैं। शुक्रवार दोपहर एक मकान की छत अचानक भराभराकर गिर गई जिससे आसपास रहने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। आरोप लगाया कि मेट्रो के काम के कारण मकानों में दरारें पड़ गईं और वह कमजोर हो गए। चार दिनों में चार घरों की छत ढह चुकी है।

शुक्रवार को दाना खोरी में रहने वाली तारा देवी और अमृत लाल के मकान की छत ढह गई। छत ढहने से पहले दरार बढ़ने से परिवार बाहर की तरफ भाग निकला। गनीमत रहीं कि छत ढहने के दौरान कोई जनहानि नहीं हुी। पार्षद रजत बाजपेई ने बताया कि बीते दिनों दानाखोरी निवासी दिलीप व मुन्नी देवी, नसीमा और घसियारी मंडी की जरीना के मकान में भी दरारें आने के बाद मकान की छत गिर चुकी है।

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र के नीचे से मेट्रो की टनल गुजरी है। इससे अब नीचे की जमीन दरकने लगी है। इसकी वजह से मकान नीचे से खिसक रहे हैं और दरारें आने लगी हैं। मेट्रो के टनल के निर्माण के दौरान बहुत गहराई पर खुदाई हो रही है। हरबंशमोहाल पुराना बसा इलाका है जहां मकान काफी पुराने बने हैं। मेट्रो की टनल खुदाई से कंपन के कारण इन पुराने मकानों में दरारे आने लगी हैं। पहले भी चार मकान धंस चुके हैं। मेट्रो अधिकारियों ने कुछ जर्जर मकानों में रहने वाले लोगों को शिफ्ट भी कराया था।

# गृहकर में गड़बड़ी पर गुस्से में जनता

**नगर निगम कटघरे में**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अब तक हजारों शिकायतें सामने आईं, मुख्य कर अधीक्षक बोले-4500 मामले निपटाए
- नगर निगम की मनमानी से पीड़ित लोग जनप्रतिनिधियों के पास भी रोज काट रहे चक्कर

**अमृत विचार।** नगर निगम की ओर से भेजे गए गृहकर के बढ़े बिलों से शहर में हजारों लोग परेशान हैं। रोज दर्जन लोग सांसद, विधायकों और पार्षदों के पास चक्कर काट रहे हैं। नगर निगम में कई हजार शिकायतें पहुंच चुकी हैं, लेकिन लगभग एक साल होने आ रहा है, पर अभी तक इक्का-दुक्का मामले छोड़कर समाधान किसी का नहीं हो पा रहा है।

नगर निगम ने शुक्रवार को मुख्यालय में हाउस टैक्स कैंप लगाया। कैंप में तीन दर्जन से अधिक लोग हाउस टैक्स की समस्या लेकर पहुंचे। फजलगंज निवासी दिव्यांग हर्ष कपूर के साथी जसपाल सिंह ने बताया कि हर्ष को 2 साल के हाउस टैक्स का करीब 4 लाख रुपये बिल भेज दिया गया है।



मार्च माह में समाधान का प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। शासनादेश के मुताबिक 100 फीसदी विकलांग का हाउस टैक्स माफ है।

राजकमल ने बताया कि पहले गृहकर 1622 रुपये आता था, लेकिन नगर निगम ने 8 हजार रुपये का बिल भेज दिया है। स्वरूप नगर निवासी चंद्रकांत शिवहरे ने बताया 4800 रुपये से बढ़ाकर हाउस टैक्स का 11 हजार रुपये बिल आया है, जबकि उन्होंने मकान में कोई बदलाव नहीं किया है। प्रार्थना पत्र देने और चक्कर काटने पर भी सुनवाई नहीं हो रही है।

हरबंश मोहाल के पवन कुमार जायसवाल ने बताया कि गृहकर का बिल 253 रुपये से बढ़ाकर साढ़े 10 हजार रुपये कर दिया है। 27 अक्टूबर 2021 से बकाए का बिल 1.76 लाख रुपये भेजा गया है, जबकि जमीन ट्रस्ट की है और मंदिर बना है। उधर, नगर निगम के मुख्य कर अधीक्षक अनिरुद्ध सिंह का कहना है कि हाउस टैक्स से जुड़ी समस्याओं का निस्तारण समय पर किया जा रहा है। साढ़े चार हजार शिकायतें निस्तारित की जा चुकी हैं। शासनादेश के मुताबिक 100 फीसदी विकलांगता और सिर्फ एक रेजिडेंशियल मकान होने पर ही बिल 100 फीसदी माफ किया जाता है।




# 21 करोड़ की जमीन केडीए ने छुड़ाई

**कानपुर।** पनकी गंगागंज स्थित 16 करोड़ कीमत की 6360 वर्ग मीटर और ग्राम बारासिरोही में 5 करोड़ कीमत की 2000 वर्ग मीटर जमीन पर अतिक्रमण व कब्जे की सूचना पर शुक्रवार को केडीए टीम मौके पर पहुंची। केडीए ने दोनों ही जगहों पर बुलडोजर चलाकर जमीन को कब्जा व अतिक्रमण मुक्त कराया। विशेष कार्याधिकारी/उप जिलाधिकारी डॉ.रवि प्रताप सिंह ने बताया कि परिसर संख्या-94, ब्लाक-ई योजना-40 पनकी के खिलाफ उप्र नगर योजना एवं विकास अधिनियम-1973 के तहत सील की कार्रवाई गई। सील परिसर पनकी थाना प्रभारी निरीक्षक की अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया।

# लोगों को गुलाब का फूल देकर कहा यातायात नियमों का पालन करें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत संभागीय परिवहन कार्यालय आने वाले लोगों को आरटीओ की टीम ने गुलाब का फूल देकर गांधीगीरी की। लोगों को समझाया कि वे यातायात नियमों का पालन करें, वाहन चलाते समय नशेबाजी नहीं करें, अपने वाहन को किनारे खड़ा करके ही मोबाइल पर बातें करें। वाहन चलाते समय वाहन में लगे वाद्य यंत्र को भी नहीं छेड़ें।

शुक्रवार को संभागीय परिवहन अधिकारी राकेंद्र कुमार सिंह, आरटीओ प्रवर्तन विदिशा सिंह, एआरटीओ प्रशासन आलोक कुमार सिंह, एआरटीओ क्रमशः अंबुज भास्कर, दीपक, कहकशां खातून, डीके सिंह, आरके वर्मा ने आरटीओ ऑफिस आने वाले लोगों को गुलाब का फूल देकर यातायात के प्रति जागरूक किया। टीम ने लोगों को यातायात की जानकारी से संबंधित पर्चे भी बांटे। इस दौरान बस, ट्रक, ऑटो, ई रिक्शा एवं टैक्सी चालकों और उनके यूनियन के लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया गया। आरटीओ विदिशा सिंह ने कहा कि यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले खुद तो परेशान होते ही हैं, साथ में जाम लगाकर दूसरों को भी परेशानी में डालते हैं। उन्होंने कहा कि काम चलाऊ हेलमेट न लें। हमेशा उच्च क्वालिटी का हेलमेट ही खरीदें। एआरटीओ प्रशासन आलोक कुमार सिंह ने कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल पर बातें नहीं करें, साइड में वाहन लगाकर बात करें। जिंदगी अनमोल है, इसकी हिफाजत करें।


आरटीओ ऑफिस में लोगों को जागरूक करने के लिए पैंफलेट बांटे गए।

- सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत जागरुकता अभियान

# दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनें गोविंदपुरी से

**कानपुर।** त्योहारों पर चलाई गईं स्पेशल ट्रेनों के कारण सेंट्रल स्टेशन पर बढ़ने वाला लोड कम करने के लिए कई स्पेशल ट्रेनें गोविंदपुरी से संचालित किए जाने का निर्णय हुआ है। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि नई दिल्ली से दरभंगा के लिए आरक्षित सुपरफास्ट ट्रेन 02262 प्रत्येक बुधवार और रविवार को रात 12.20 बजे नई दिल्ली से चलकर अगले दिन सुबह 6.30 बजे गोविंदपुरी स्टेशन पहुंचेगी। इसकी रिवर्स ट्रेन 02261 दरभंगा से बुधवार और रविवार रात 11.20 बजे चलकर अगले दिन दोपहर 1.10 बजे गोविंदपुरी आएगी। उधना से बरौनी के लिए स्पेशल ट्रेन 09067 गुरुवार सुबह 5.30 बजे चलेगी और अगले दिन सुबह 5.25 बजे गोविंदपुरी आएगी। इसकी रिवर्स ट्रेन शुक्रवार रात 11.45 बजे बरौनी से चलेगी और शाम 5.45 बजे गोविंदपुरी आएगी।

# महिला जू. डॉक्टर से विवेचक ने लिए बयान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- उर्सला के डॉक्टर पर छेड़छाड़-धमकी देने का है आरोप

**अमृत विचार।** मेडिकल कालेज की जूनियर महिला डॉक्टर से छेड़छाड़-धमकी मामले में शुक्रवार को विवेचक ने महिला जूनियर डॉक्टर और धमकी देने में इस्तेमाल किए गए फोन के मालिक के बयान दर्ज किए।

मेडिकल कालेज की जूनियर महिला डॉक्टर ने पुलिस को बताया कि 2023 में तीन महीने के लिए उर्सला अस्पताल में उनकी ड्यूटी लगी थी। वहां नेत्र रोग विभाग में तैनात डॉक्टर केएन कटियार उन्हें परेशान करते थे। ड्यूटी समाप्त होने के बाद भी फोन व व्हाट्सअप पर मैसेज करके परेशान करने लगे। एक दिन नशे में उनके छात्रावास के कमरे तक पहुंच गए। उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए चेहरे पर तेजाब फेंकने की बात भी कही थी। गुरुवार को महिला जूनियर डॉक्टर की तहरीर पर आरोपी डॉ




कटियार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। डीसीपी सेंट्रल दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि शुक्रवार को पीड़ित डॉक्टर के विवेचक ने बयान दर्ज किए हैं। जिस मोबाइल फोन का आरोपी डॉक्टर ने धमकी देने में इस्तेमाल किया था, वह पोस्टमार्टम हाउस के संविदा कर्मी राहुल का था। लिहाजा राहुल से भी विवेचक ने पूछताछ की। तीन और लोगों से विवेचक ने पूछताछ करने बयान दर्ज किए हैं। शनिवार को महिला जूनियर डॉक्टर के कोर्ट में कलमबंद बयान दर्ज कराए जाएंगे।

**विकास की राह** चुन्नीगंज से नयागंज तक अंडरग्राउंड सेक्शन में डाउन लाइन पर हुआ टेस्ट रन

# आईआईटी-नयागंज तक मेट्रो रूट तैयार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चुन्नीगंज-नयागंज अंडरग्राउंड सेक्शन में डाउन लाइन पर शुक्रवार को मेट्रो ट्रेन का टेस्ट रन किया गया। इस दौरान कानपुर मेट्रो के परियोजना निदेशक अरविंद मीणा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मेट्रो में मौजूद रहे। टेस्ट रन के बाद मेट्रो अधिकारियों ने बताया कि अब आईआईटी से नयागंज तक करीब 15 किलोमीटर लंबे रूट की अप और डाउन लाइन पर ट्रेन संचालन के लिए ट्रैक पूरी तरह से तैयार है।

यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार के मुताबिक कानपुर मेट्रो ट्रेन के टेस्ट रन के दौरान ट्रेन को ऑटोमेटिक ट्रेन प्रोटेक्शन (एटीपी) मोड पर चलाकर सिग्नलिंग, ट्रैक, पॉवर सप्लाई जैसे विभिन्न इंटरफेस को परखा गया। सिग्नलिंग से संबंधित मैप वैरीफिकेशन टेस्ट में ट्रैक के साथ लगे उपकरण टीआरए सिग्नल, एक्सेल काउंटर के सॉफ्टवेयर लोकेशन को वास्तविक लोकेशन के साथ जांचा गया। इस प्रक्रिया के परिणामों के अनुसार सॉफ्टवेर अपग्रेड किया जाएगा। इसके बाद ट्रेन का लो और हाई स्पीड टेस्ट किया जाएगा। आपसी तालमेल और सहयोग से नयागंज अंडरग्राउंड स्टेशन तक सिस्टम इंस्टॉलेशन कार्य काफी हद तक पूरे किए जा चुके हैं। जल्द ही इन स्टेशनों की फिनिशिंग का काम भी पूरा कर लिया जाएगा। नयागंज अंडरग्राउंड स्टेशन तक डाउनलाइन में ट्रैक, थर्ड रेल सिस्टम, सिग्नल इंस्टॉल करने का काम पूरा होने के बाद मेट्रो ट्रैक के समानांतर लगाए गए थर्ड रेल को पहली बार 4 अक्टूबर को चार्ज किया गया। अब इस सिस्टम में करंट की सप्लाई बनी रहेगी। 750 वोल्ट डीसी करंट पर चलने वाली मेट्रो परिचालन के लिए ओएचई प्रणाली की जगह पर ट्रैक के समानांतर बिछी हुई थर्ड रेल का प्रयोग करती है। नयागंज स्टेशन तक अप-लाइन पर थर्ड रेल को पहले ही चार्ज किया जा चुका है।


चुन्नीगंज से नयागंज अंडरग्राउंड सेक्शन में मौजूद मेट्रो ट्रेन। अमृत विचार

**दोनों कॉरिडोर पर तेजी से चल रहा काम**

- वर्तमान में मेट्रो के 24 किमी लंबे कॉरिडोर-1 (आईआईटी-नौबस्ता) के अंतर्गत यात्री सेवाएं आईआईटी से मोतीझील तक संचालित हैं। चुन्नीगंज-नयागंज और कानपुर सेंट्रल-ट्रांसपोर्ट नगर भूमिगत सेक्शन के अलावा 5 किमी लंबे बारादेवी-नौबस्ता एलिवेटेड सेक्शन में काम चल रहा है। 8.60 किमी लंबे सीएसए से बर्रा- 8 कॉरिडोर-2 के दोनों सेक्शन पर भी तेजी से निर्माण कार्य जारी है।

# वंदेभारत पर पथराव आरोपियों का पता नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आरपीएफ और जीआरपी ने की लाइन किनारे पेट्रोलिंग
- बस्ती के लोगों से की पूछताछ, संदिग्धों की तलाश

**अमृत विचार।** वंदेभारत एक्सप्रेस पर बुधवार शाम पनकी के पास पथराव करने वाले पत्थरबाजों का कोई सुराग नहीं लगा है। संदिग्धों को चिह्नित करने के लिए शुक्रवार को आरपीएफ व जीआरपी ने संयुक्त रूप से रेलवे लाइन के किनारे बस्तियों में लोगों से सुरागरशी की। वहीं टीम ने आउटर, पथराव के प्वांइट देखे। दिल्ली रूट पर पेट्रोलिंग की।

वाराणसी से दिल्ली जा रही 22435 वंदेभारत एक्सप्रेस पर बुधवार शाम पनकी स्टेशन के आउटर पर पथराव हुआ था। एक कोच का शीशा टूट गया था। आरपीएफ के अनुसार पत्थरबाजी में किसी की शरारत नहीं है। नुकसान पहुंचाने के लिए पत्थर चलाया गया है। यह काम किशोर से ऊपर किसी व्यक्ति ने किया है। इतनी जोर से पत्थर मारा कि शीशा टूट गया।



आरपीएफ ने रेलवे लाइनों के किनारे बस्तियों के संदिग्धों को चिह्नित करने का काम शुरू किया है। शुक्रवार को टीम ने बस्तियों में पहुंचकर पूछताछ की। आरपीएफ पनकी ने बताया रेलवे ट्रैक पर सख्ती बढ़ा दी गई है। ट्रैक के आसपास बेवजह घूमने वालों पर नजर रखी जा रही है। संदिग्धों की सूची तैयारी की जा रही है।

# खेल, संगीत और चुटकुलों का हुआ संगम

## आईआईटी में वार्षिक खेल प्रतियोगिता उद्घोष शुरू, देशभर की 80 टीमें 19 खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेंगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर में शुक्रवार को वार्षिक खेल प्रतियोगिता उद्घोष शुरू हुआ। प्रतियोगिता में देशभर के 80 शिक्षण संस्थानों की टीमें 19 खेल प्रतियोगिताओं में अपना खेल प्रदर्शन दिखाएंगी। प्रतियोगिता के पहले दिन विभिन्न खेलों के साथ 'स्टैंडअप कॉमेडी' और 'अघोरी बैंड' ने माहौल में उत्साह भर दिया।

पहले दिन फुटबॉल, बास्केटबॉल, हॉकी, बैडमिंटन और एथलेटिक्स आदि खेल हुए। पहला दिन क्वालीफायर मैच के नाम रहा। दिन के खेल समाप्त होने के बाद शाम को मनोरंजन से भरपूर कार्यक्रम हुए। मुख्य आकर्षण कॉमेडी नाइट थी, जो ओएटी में आयोजित की गई थी।

इस आयोजन में स्टैंडअप कॉमेडियन मोहित मोरानी ने प्रस्तुति दी। मोहित मोरानी के चुटकलों ने छात्र-छात्राओं को खूब हंसाया। उन्होंने कॉरपोरेट वर्किंग, सिटी लाईफ और सामाजिक मुद्दों पर भी कटाक्ष किए। इसके बाद मंच पर अघोरी ग्रुप बैंड ने अपनी प्रस्तुति से सभी श्रोताओं में उत्साह भर दिया। कार्यक्रम के दौरान साइलेंट डिस्को का भी आयोजन हुआ जिसमें प्रतिभागी अपने हेडफोन पर संगीत सुनते हुए डांस कर रहे थे।



अघोरी ग्रुप बैंड ने पेश किए गीत। अमृत विचार



हाकी में भिड़ीं टीमें। अमृत विचार

## मोबाइल से चोरों तक पहुंची पुलिस

**कानपुर।** गीता नगर इलाके में हुई लाखों की चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया। चोरों के मोबाइल घर पर ही गिर गए थे जिनके सहारे पुलिस आरोपियों तक पहुंची और तीन चोरों को गिरफ्तार कर लिया।

गीता नगर ओ ब्लॉक निवासी श्रीराम शुक्ला के घर से 27 सितंबर को 49 हजार कैश, 4 सोने की चूड़ी आदि सामान चोरी हो गया था। भागते हुए चोरों के मोबाइल गिर गये थे। काकादेव इंस्पेक्टर मनोज सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़ित के घर पर गिरे मोबाइल की जांच में तीन चोर पकड़े। पूछताछ में तीनों ने अपना नाम आशीष कुमार पासवान उर्फ कल्लू निवासी शास्त्री नगर, कमल गुप्ता निवासी गड़रियनपुरवा जतिन गौतम निवासी फजलगंज बताया है। आरोपियों के पास से चोरी का माल बरामद किया है।

# छेड़छाड़ व एससीएसटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● चकेरी का मामला, कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में एक बुजुर्ग ने सगे भाइयों समेत चार लोगों पर अपनी बहू से छेड़छाड़ व एससीएसटी एक्ट में कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

चकेरी निवासी बुजुर्ग का आरोप है कि 40 साल से परिवार के साथ झोपड़ी डालकर रहते आ रहे हैं। आरोप है कि विजय सागर त्रिपाठी और उनका भाई अजय त्रिपाठी अपने चार साथियों के साथ मिलकर उनकी झोपड़ी हटवाना चाहते हैं। आरोपी उसकी बहू से अश्लील कमेंट और छेड़छाड़ करते हैं। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपी भाइयों ने जातिसूचक गालियां दीं। पुलिस से शिकायत की लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद कोर्ट की शरण ली। शुक्रवार को पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर छेड़छाड़ व एससीएसटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

इस संबंध में एसीपी चकेरी दिलीप कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्जकर मामले की जांच की जा रही है। वहीं मामले में आरोपी विजय सागर त्रिपाठी का कहना है कि उन पर झूठा आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। वह पुलिस के आला अधिकारियों से शिकायत करेंगे।

## कॉलेजों के नामों में अंतर, छात्रवृत्ति पर संकट

**कानपुर।** कई संस्थान के नाम में थोड़ा बहुत अंतर होने के कारण वहां शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों की छात्रवृत्ति पर संकट दिखाई दे रहा है। जिला समाज कल्याण विभाग इस संकट के समाधान की कोशिश कर रहा है।

शुक्रवार को समाज कल्याण निदेशालय ने प्रदेशभर के जिला समाज कल्याण अधिकारियों एवं कॉलेज प्रबंधन के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग की। इसमें बताया गया कि कई संस्थानों के नाम में अंतर की चूक के कारण लगभग 2 दर्जन कालेजों का मास्टर डाटा अपडेट नहीं हो पा रहा है। इस वजह से संबंधित छात्र-छात्राओं की स्कालरशिप फाइनल नहीं हो पा रही है।

# नवरात्र के दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी के जयकारों से गूंजे दरबार, उमड़ी भीड़

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● बुद्धादेवी मंदिर में रही सबसे ज्यादा भीड़

● माता को हरी सब्जी का भोग लगाया गया

**अमृत विचार।** नवरात्र के दूसरे दिन शुक्रवार को माता के मंदिरों में मां ब्रह्मचारिणी की पूजा विधि विधान से हुई। हटिया स्थित बुद्धादेवी मंदिर में शुक्रवार को भक्तों की लाइन लगी रही। भक्तों ने मंदिर में दीपक जलाए और माता को प्रिय हरी सब्जियां अर्पित कीं। वहीं तपेश्वरी व बारादेवी मंदिर में दर्शन के बाद मेले में खरीदारी की।

मंदिरों के साथ घरों में शुक्रवार को ब्रह्मचारिणी माता की पूजा की गई। माता को हलुआ, पेड़ा का भोग लगाया। उजियारी देवी, जंगलीदेवी, तपेश्वरी व बारादेवी मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। तवेश्वरी व बारादेवी मंदिर में भारी भीड़ रही। दर्शन के बाद भक्तों ने मेले में घरेलू सामानों की खरीदारी की। भक्तों ने मंदिर परिसर में हवन के बाद भंडारे का आयोजन भी किया।



बुद्धा देवी मंदिर में सजा मां का दरबार। अमृत विचार

## एक नजर

### पुरानी से नई चुंगी तक मार्ग मॉडर्न रोड बनाएं

**कानपुर।** पुरानी चुंगी से नई चुंगी तक जाने वाले मुख्य मार्ग के सौंदर्यीकरण व रोड का चौड़ीकरण कराए जाने के उद्देश्य से शुक्रवार को नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने निरीक्षण किया। जोन दो के जोनल अभियंता ने बताया कि पुरानी चुंगी से नई चुंगी तक सड़क के चौड़ीकरण, सुंदरीकरण व नाला निर्माण का कार्य 4 .50 करोड़ रुपये की धनराशि से कराया जाना है। नगर आयुक्त ने निर्देश दिए कि इस सड़क को मॉडर्न रोड के रूप में विकसित करने के लिए फुटपाथ का निर्माण कार्य व ग्रीन बेल्ट का निर्माण कार्य कराया जाए।

### एटीएम कार्ड की टप्पेबाजी कर उड़ाए 90 हजार

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के सनिगवां के आर पुरम निवासी मोहन चौधरी के अनुसार 28 सितंबर को वह अन्ना चौराहे पर स्थित एक एटीएम से रुपये निकालने गये थे। रुपये निकालने के बाद जब वे बाहर जाने लगे तो तभी एक युवक अंदर आया और उनसे ट्रांजेक्शन कैंसल न होने की बात कहने लगा। आरोपी ने उन्हें बातों में फंसाकर उनका एटीएम कार्ड बदल लिया। मोहन के जाने के कुछ देर बाद उनके मोबाइल पर पांच बार में करीब 90 हजार रुपये निकल जाने का मैसेज आया। जिसे देखकर उनके होश उड़ गये। थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।



जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपते जौहर फैंस एसोसिएशन के सदस्य।

# नरसिंहानन्द को गिरफ्तार करो, रासुका लगाओ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● जौहर फैंस एसोसिएशन ने किया प्रदर्शन

**अमृत विचार।** जौहर फैंस एसोसिएशन ने डासना मंदिर के मुखिया यति नरसिंहानन्द के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी हाथों में तख्तियां लिये थे, जिसपर लिखा था कि नरसिंहानन्द को गिरफ्तार करो। नफरत फैलाने वालों पर रासुका लगाओ। एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हयात जफर हाशमी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि नरसिंहानन्द को गिरफ्तार नहीं किया गया तो आमरण अनशन करेंगे।

शुक्रवार को हयात जफर हाशमी ने राष्ट्रपति, प्रधानमंमत्री और केंद्रीय गृह मंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में सौंपा। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की विंग मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रांत संयोजक अशफाक सिद्दीकी ने भी नरसिंहानंद को गिरफ्तार करने की मांग उठाई। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अनुज शुक्ला ने कहा पैगम्बर-ए- इस्लाम की शान में गुस्ताखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफ उल्लाह रहमानी ने बयान जारी करके कहा है कि यति-नरसिंहानंद की जगह जेल है।

## ससुरालीजनों पर रिपोर्ट लिखाई

**कानपुर।** शहर के एक थाने में तैनात इटावा की महिला सिपाही ने अपने पति और ससुरालीजन समेत पांच लोगों के खिलाफ छेड़छाड़ और गर्भपात कराने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला सिपाही का पति पिछले महीने निलंबित कर दिया गया था।

शहर में तैनात मूलरूप से इटावा की महिला सिपाही ने दर्ज एफआईआर में आरोप लगाया कि चार साल पहले उसकी शादी इटावा निवासी सिपाही से हुई थी। शादी के बाद ससुरालीजन दहेज के लिए परेशान करने लगे थे। एक दिन देवर ने भी छेड़छाड़ की।

महिला सिपाही का आरोप है कि गर्भवती होने पर पति, सास, ससुर, देवर और ननद ने उसे दवा खिलाकर गर्भपात करवा दिया था। आरोप लगाया कि उसके पति के कई महिलाओं से संबंध हैं, रंगे हाथ पकड़ा भी गया था। उसने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की थी तो पिछले माह उसे निलंबित कर दिया गया था। कुछ दिन पहले पति लापता हो गया था और बाद में घर इटावा पहुंच गया था। इस संबंध में महिला थाना प्रभारी कमल सुल्ताना ने बताया कि पति, सास, ससुर, देवर और ननद के खिलाफ कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# 15 करोड़ के गबन में आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● भोपाल क्राइम ब्रांच और अर्मापुर पुलिस ने दबोचा

● फूड प्रोडेक्ट कंपनी के सीईओ समेत 5 पर दर्ज है रिपोर्ट

**अमृत विचार।** भोपाल की एक फूड प्रोडेक्ट कंपनी के सीईओ ने सहकर्मियों से मिलकर ब्रांड प्रमोशन से मिलने वाले माल को कुवैत और अन्य देशों की कंपनियों को एक्सपोर्ट कर दिया और 15 करोड़ का गबन किया। कंपनी ने भोपाल के हबीबगंज थाने में सीईओ समेत पांच कर्मचारियों के खिलाफ धोखाधड़ी, अमानत में खयानत समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले में फरार चल रहे 10 हजार के इनामी एक आरोपी को हबीबगंज और अर्मापुर थाना पुलिस की टीम ने विजय नगर चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। भोपाल पुलिस उसे अपने साथ ले गई।

भोपाल स्थित जयश्री गायत्री फूड प्रोडेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के वित्त अधिकारी प्रदीप कुमार राठौर ने 29 अगस्त 2023 को हबीबगंज थाने में कंपनी के सीईओ बड़ोदरा गुजरात निवासी सुनील त्रिपाठी के साथ ही प्रयागराज निवासी वामिक सिद्दीकी, मध्य प्रदेश के इंदौर निवासी हितेश पंजाबी, जम्मू कश्मीर बलजीत शर्मा व अन्य लोगों के खिलाफ 15 करोड़ का गबन कर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 2016 में सुनील त्रिपाठी ने कंपनी में प्लांट ऑपरेशन मैनेजर के पद पर नौकरी ज्वाइन की थी। बाद में सीईओ बन गए थे। सुनील कंपनी के एक्सपोर्ट का भी काम देखते थे। उन्होंने कर्मचारियों के साथ मिलकर कंपनी के प्रमोशन के लिए दिए गए प्रोडेक्ट को कुवैत की दो कंपनियों को आधे दाम पर बेच दिया। फर्जी इनवाइस व बिल भी तैयार कराए गए।

इस मामले में नामजद वामिक सिद्दीकी घटना के बाद से फरार चल रहा था। अर्मापुर थाना प्रभारी ने बताया कि वामिक पर भोपाल पुलिस ने 10 हजार का इनाम घोषित कर रखा था। थाना प्रभारी ने बताया कि वामिक के कानपुर शहर में होने की सूचना पर हबीबगंज थाना पुलिस टीम शहर आई थी। शुक्रवार को वामिक सिद्दीकी को गिरफ्तार किया गया।

# ब्राडकास्टिंग कंपनी के संचालकों पर रिपोर्ट

● 20 लाख की ठगी करने का आरोप

● कंपनी का आफिस बंद संचालकों के मोबाइल ऑफ

**कानपुर।** गुजैनी के अरुण त्रिपाठी ने गौतम बुद्धनगर की सिटी प्राइम ब्राडकास्टिंग कंपनी के संचालकों और नोएडा सेक्टर 18 की एचडीएफसी बैंक शाखा प्रबंधन के खिलाफ 20 लाख की ठगी की रिपोर्ट गोविंदनगर थाने में दर्ज कराई है। उनके साथ यह ठगी दस अक्तूबर 2023 से सात मई 2024 के बीच हुई है।

अरुण के अनुसार आरोपियों ने ऑफिस खोलने के बदले सिक्योरिटी मनी जमा कराई थी और हर माह किराया देने का वादा किया था। उनका कहना है कि ब्राडकास्टिंग कंपनी ने 20 लाख रुपये की सिक्योरिटी अमाउंट के बदले उनके घर पर टीवी डिवाइस इंस्टाल किए। इसके बदले उन्हें हर माह 18 से लेकर 51 हजार रुपये किराया मिलना था लेकिन बीते कई माह से उन्हें पैसा नहीं मिला है। बात करने पर पहले टालामटोली की गई। बाद में नोएडा स्थित कंपनी का कार्यालय बंद और आरोपियों के मोबाइल स्विच ऑफ हो गया।

उन्होंने काफी कोशिशि की लेकिन आरोपियों से संपर्क नहीं हो पाया और न ही उनका पैसा मिला। इसके बाद उन्होंने गोविंदनगर पुलिस से शिकायत की। इस संबंध में गोविंद नगर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर ब्राडकास्टिंग कंपनी के मालिक डी बी परिहार और उनके सहयोगियों व निजी बैंक प्रबंधन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

लीला का मंचन | श्रीरामलीला सोसायटी परेड के तत्वावधान में रामलीला का आयोजन

# टूटा धनुष, जयकार के बीच राम की हुईं सिया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● परशुराम-लक्ष्मण संवाद ने दर्शकों को किया रोमांचित

**अमृत विचार।** श्रीराम लीला सोसायटी मेस्टन रोड के तत्वावधान में परेड में आयोजित रामलीला में सीता स्वयंवर, परशुराम- लक्ष्मण संवाद की लीला का मंचन किया गया।

राजा जनक ने पुत्री जानकी के विवाह के लिए स्वयंवर का आयोजन किया। इस स्वयंवर में लंका नरेश रावण समेत तमाम राजा महाराजा पहुंचे। महर्षि विश्वामित्र भी राम और लक्ष्मण के साथ वहां पधारे। महाराज जनक ने कहा कि शिव धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाने वाले से ही जानकी का विवाह होगा। राजाओं ने शिव धनुष उठाने की कोशिश की पर वे सफल नहीं हुए।

रावण ने धनुष उठाना चाहा तो बाणासुर ने उसे रोक दिया। रावण वहां से लंका के लिए चला गया। इसके बाद प्रभु राम ने जैसे ही धनुष की प्रत्यंचा चढ़ानी चाही वह टूट गया। फिर सिया जी ने राम जी के गले में वरमाला डाल दी। परिसर जय-जय सियाराम के जयघोष से गूंज उठा। इसके बाद पहुंचे परशुराम-लक्ष्मण वाकयुद्ध देख दर्शक रोमांचित हो उठे। प्रभु राम ने उनका क्रोध शांत कराया।



परेड रामलीला में शिव धनुष तोड़ते राम। अमृत विचार

### राम राज्याभिषेक पर नाचे-झूमे अयोध्यावासी

**कानपुर।** चंद्रिका देवी रोड डिप्टी पड़ाव में शुक्रवार को राम राज्याभिषेक व वन गमन का मंचन हुआ। श्रीराम राज्याभिषेक की खबर पर अयोध्या में चारों तरफ खुशियां मनाई जाने लगीं। देवता चर्चा करने लगे कि अगर राम राजा बन गए तो रावण का अंत कैसे होगा। इस पर देवताओं ने माता सरस्वती से महारानी कैकई और दासी मंथरा की बुद्धि हरने की प्रार्थना की। फिर राम को वन गमन की खबर पर अयोध्यावासी गमगीन हो गए।

### गीतापार्क में आतिशबाजी

**कानपुर।** नेहरू नगर स्थित श्री गीतापार्क रामलीला कमेटी में गणेश पूजन, नारद मोह और आतिशबाजी के साथ रामलीला की शुरूआत हुई। नारद मोह का सुंदर मंचन हुआ। लोगों ने आतिशबाजी का आनंद लिया। कमेटी के अध्यक्ष अजय यादव अज्जू, महामंत्री मनीष ठाकुर, कोषाध्यक्ष रोहित आजाद आदि रहे।

## सार-संक्षेप



लेदर मेले में उत्पाद देखतीं महिलाएं। अमृत विचार

### लेदर मेले में बेल्ट, पर्स व लैपटॉप बैग बिके

**कानपुर।** सीएलई की ओर से मोतीझील में लगे लेदर मेले में पारंपरिक उत्पादों के प्रति खरीदारी का रुझान अधिक रहा। शुक्रवार को मेले में लगे स्टॉल पर बेल्ट, पर्स और लैपटॉप बैगों की मांग सबसे अधिक रही। लेदर मेले में हाथ से बने पारंपरिक उत्पादों के प्रति सबसे ज्यादा मांग रही। ब्रांडेड उत्पादों के मुकाबले हाथ से बने मोटी सिलाई वाले उत्पादों को खरीदारों ने बारीकी से परखा। फैशन के साथ रोजमर्रा में काम आने वाले उत्पाद पर्स और बेल्ट की सबसे अधिक लिवाली रही। युवतियों की ओर से लेडीज व लैपटॉप बैग की मांग अधिक रही। आयोजकों ने बताया कि इस बार यह नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है कि युवतियों का रुझान भी लेदर के उत्पादों की ओर बढ़ा है। युवतियों में सबसे अधिक मांग लेदर के रंगीन बैग और पर्स की रही।

### 4.32 लाख मुसलमान भाजपा के सदस्य बने

**कानपुर।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश में लक्ष्य से दोगुने मुसलमानों को सदस्य बना चुका है। पार्टी ने 2 लाख सदस्यता का लक्ष्य दिया था, इसके मुकाबले मोर्चा अब तक 4 लाख 32 हजार, 682 मुसलमानों को भाजपा की सदस्यता दिला चुका है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री जहीर अब्बास ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मोर्चा प्रदेश में 5 लाख मुसलमानों को सदस्य बनाने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। इसके लिए वार्ड स्तर पर पदाधिकारियों को अभियान में लगाया गया है। अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री अनस उसमानी ने बताया कि कानपुर में अब तक 3800 से अधिक अल्पसंख्यकों को भाजपा की सदस्यता दिलाई जा चुकी है।

### मेहंदी प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**कानपुर।** श्री गोपालेश्वर धाम रामलीला समिति ने मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में कुल 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया। विशाख जी को प्रथम स्थान, लक्ष्मी को द्वितीय स्थान, कनिष्का को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विजेताओं को ट्रॉफी और मेडल दिए गए। कार्यक्रम में डॉ. शिखा त्रिपाठी, रितिका तिवारी, सुभाषिनी चतुर्वेदी, राम कृपाल दास जय प्रकाश साहू मौजूद रहे।

### बर्रा में युवक ने की आत्महत्या

**कानपुर।** बर्रा गांव में रहने वाले गेंदालाल के 22 वर्षीय बेटे शिवम गौतम ने शुक्रवार देर रात घर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शिवम प्राइवेट नौकरी करता था और देर शाम काम से घर लौटा था। इसके बाद उसने अपने कमरे में जाकर दरवाजा बंद कर लिया। थोड़ी देर बाद जब परिजन उसे खाने के लिए बुलाने कमरे में गए तो उसका शव लटका मिला। पुलिस ने जांच की। पुलिस के अनुसार आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है।

### मंदिर से मोबाइल पार करने वाले पकड़े

**कानपुर।** नवरात्र के पहले दिन दर्शन करने बारादेवी मंदिर गए श्रद्धालु अमित गुप्ता का मोबाइल पार करने वाले दो शातिरों को किदवईनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जरौली फेस दो निवासी अमित ने बताया कि वह मंदिर की लाइन में लगे थे तभी एक युवक ने उनकी जेब से मोबाइल पार कर दिया और तुरंत उसे दूसरे साथी को पकड़ा दिया और चंपत हो गए। थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि सीसीटीवी देखकर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। शुक्रवार को दोनों आरोपियों को पकड़ा गया है। आरोपियों ने अपना नाम बगाही निवासी मोहम्मद रहमान और राहुल राठौर बताए हैं।

### प्रदेश उपाध्यक्ष से मांगी रंगदारी, शिकायत

**कानपुर।** केशव नगर निवासी महेश गुप्ता अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। गुरुवार देर रात उनकी ओर से एक तहरीर व्हाट्सअप ग्रुप में वायरल हुई, जिसमें उन्होंने एक युवक पर फोन कर जान से मारने की धमकी देते हुए तीन लाख की रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। महेश गुप्ता के अनुसार इलाके के ही युवक ने देर रात फोन कर धमकाया था। हनुमंत विहार थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच ऑडियो वायरल करने का विवाद था। मामला संज्ञान में आने के बाद आरोपी को बुलाया गया तो उसने हकीकत बताई कि महेश ने उनका एक ऑडियो वायरल कर दिया था, इसको लेकर उन्होंने शिकायत करने के लिए फोन किया था। वहीं महेश को कई बार थाने बुलाया गया लेकिन वह थाने नहीं आए।



आरोहम में शतरंज खेलते वृद्धजन। अमृत विचार

### बुजुर्गों का हंसता-खेलता बैकुंठ है आरोहम

**कानपुर।** उम्रदराज लोगों के साथ होने वाले भेदभाव, अमर्यादित व्यवहार खत्म करने के मकसद से बिठूर में वरिष्ठ नागरिक गृह आरोहम हैप्पीनेस होम बनाया गया है जहां बुजुर्गों को हर खुशी व सुविधा प्रदान की जा रही है। यहां हर जरूरी सुविधा उपलब्ध है। यह बुजुर्गों के लिए डॉ. उमेश पालीवाल व उनकी पत्नी डॉ. मृदुला की एक अच्छी सोच का तोहफा है। आरोहम में शहर ही नहीं, गुजरात, राजस्थान, बनारस व अन्य शहरों के लोग भी हैं। वरिष्ठजनों के मान-सम्मान के लिए यहां एक अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस या अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस भी मनाया जाता है। डॉ. उमेश पालीवाल ने बताया कि आरोहम ऐसी खूबसूरत जगह है, जहां वृद्धजन अनमोल लम्हों का आनंद लेते हैं।

### मूट कोर्ट प्रतियोगिता शुरू

**कानपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज सीएसजेएमयू में प्रथम अटल बिहारी वाजपेयी राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में भारत के विभिन्न हिस्सों से 34 टीमों ने भाग लिया। जिनमें 100 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। इस त्रिदिवसीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता के दौरान भारत सरकार की ओर से वर्तमान में लाए गए तीन नए आपराधिक कानूनों पर चर्चा की जाएगी। प्रतियोगिता की शुरुआत उप्र राज्य विधि आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने की। ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी, अखिल भारतीय अधिवक्ता संघ श्रीहरि बोरिकर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह के दौरान जिला एवं सत्र न्यायालय, कानपुर नगर से प्रदीप कुमार सिंह व विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक प्रमुख रूप मौजूद रहे।

### तीन शातिरों को किया जिला बदर

**कानपुर।** तीन शातिर अपराधियों को कमिश्नरेट पुलिस ने जिला बदर किया है। अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय डॉ. विपिन कुमार मिश्रा ने सुनवाई करते हुए तीनों को जिला बदर किया है। गौ-तस्कर दलेलपुरवा निवासी सैफ खान उर्फ टड़्या को छह महीने, जुगियाना हीरामन का पुरवा निवासी जीशान उर्फ इरफान को पांच महीने और बेकनगंज निवासी मोहम्मद ताहिर उर्फ मोनिश को पांच महीने के लिए जिला बदर किया गया है।

### नेशनल एथलेटिक्स में डीपीएस के 5 खिलाड़ी

**कानपुर।** सीबीएसई नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप बनारस में 7 से 10 अक्टूबर तक होगी। प्रतियोगिता में देश के 18 क्लस्टर और गल्फ कंट्रीज के 6 क्लस्टर भाग लेंगे। डीपीएस कल्याणपुर की सोनम, शुभि, शीतल, अंशिका व अदिति का चयन हुआ है। स्कूल के उपाध्यक्ष अमीन और स्कूल की प्राचार्य डॉक्टर रिचा प्रकाश ने कोच दिनेश भदौरिया व बच्चों को बधाई दी है।

# गौशाला पहुंचकर बच्चों ने जाना गाय का महत्व

## भीतरगांव के गौआश्रय स्थल का बच्चों ने किया भ्रमण

संवाददाता, साढ़

**अमृत विचार।** साढ़ थाना क्षेत्र के भीतरगांव ब्लॉक में गोवंश संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पशु पालन विभाग निरंतर प्रयासरत है। लोगों को गोसेवा के लिए प्रेरित किया जा रहा है और गो संरक्षण पर जोर दे रहा है। भीतरगांव पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ ओम प्रकाश वर्मा ने विद्यालय के बच्चों के साथ बृहद गौशाला का भ्रमण कर बच्चों के साथ गोवंश संरक्षण पर विचार साझा किए। इस दौरान बच्चों ने गाय का महत्व समझा और उपयोगिता के बारे में प्रश्न किए।

बच्चों के बीच पहुंचे पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ ओम प्रकाश वर्मा ने बताया कि यूं तो पूरी दुनिया में गाय का एक विशेष महत्व है लेकिन भारत में प्राचीन काल से ही गाय भारत की अर्थव्यवस्था की रीड रही है। उन्होंने आगे बताया कि गाय का दूध बहुत ही पौष्टिक होता है यह केवल बीमार व्यक्ति ही नहीं बल्कि बच्चों के लिए बेहद उपयोगी आहार माना जाता है। कार्यक्रम के दौरान प्रधान पुत्र शिवेंद्र मिश्रा, एंबुलेंस प्रभारी डॉ. देवेंद्र, लाल प्रताप, सुप्रिया, अमरजीत सिंह, सोनू सिंह आदि मौजूद रहे और प्रतिदिन गौ सेवा करने का वचन दिया। वहीं ग्रामीणों ने गौवंशों के प्रति समर्पित रहने वाले डा. ओम प्रकाश वर्मा की सराहना की।


बच्चों को गोसेवा के बारे में जानकारी देते डा. ओम प्रकाश वर्मा। अमृत विचार

### दुर्लभ बीमारियां दूर करता है गोमूत्र

गाय का घी और गोमूत्र तमाम प्रकार की दुर्लभ आयुर्वेदिक औषधियां बनाने के काम आता है। भारत में मुख्यत: साहीवाल, गिर, थारपारकर आदि गाय प्रमुख रूप से पाई जाती हैं। कार्यक्रम के समापन में डॉ वर्मा ने बच्चों सहित मौजूद लोगों को प्रतिदिन रसोई में गाय के लिए एक रोटी बनाने के लिए भी प्रेरित किया।


महिला अपराधों के बारे में जागरूक करतीं महिला पुलिसकर्मी। अमृत विचार

# महिला अपराधों पर नहीं डालें पर्दा, पुलिस को तुरंत दें सूचना

संवाददता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत ककवन विकासखंड सभागार में आयोजित हुई एक गोष्ठी में क्षेत्र की तमाम महिलाओं को पुलिस कर्मियों के द्वारा जागरूक किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय अजीब का मिशन के साथ अन्य कामकाजों के लिए ब्लॉक मुख्यालय पर आई महिलाओं मिशन शक्ति के सभी फेजों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इसके अतिरिक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा महिलाओं को महिला अपराध किसी भी शर्त पर ना छुपाने की अपील की गई। महिला हेल्पलाइन के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया गया। बता दें कि सूबे की सरकार ने लगातार महिला सशक्तिकरण के लिए चरणबद्ध तरीके से कई फेज में महिलाओं को जागरूक किया है। ऐसे में शुक्रवार को विकासखंड मुख्यालय के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। इसमें प्रमुख रूप से खंड विकास अधिकारी शिव नरेश, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विनय यादव, राष्ट्रीय अजीविका मिशन के शुभम मिश्रा, अनुराधा, सीताराम व पुलिसकर्मी कीर्ति , पूजा, सीमा, अलका सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# नियम विरुद्ध चल रहे कोचिंग संस्थान, भविष्य से खिलवाड़

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने यहां संचालित कोचिंग संस्थानों को मानक विहीन बताकर कार्रवाई की मांग की है। आरोप लगाया कि नगर में संचालित कोचिंग संस्थान या तो अवैध रूप से चलाई जा रही हैं या मानक विहीन हैं। कोचिंग संस्थान में पढ़ाने वाले शिक्षक जो धूर्मपान और नशीले पदार्थ का सेवन करते हैं। वह भी अध्यापन का कार्य कर रहे हैं। इससे छात्रों की मानसिक स्थिति पर गलत प्रभाव पड़ता है। विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। इसके विरुद्ध विद्यार्थी परिषद ने जिला अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक और उप जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से छात्र हित, राष्ट्रहित और समाज हित में कार्य करता रहा है। इस मौके पर जिला संगठन मंत्री सुमित सिंह प्रांत कार्यकारणी सदस्य अरुण शर्मा, नगर मंत्री कृष्णा बाजपेई,आलोक कुमार, अभय तिवारी, विशाल, अजीत , विनय शुक्ला, मानव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहें।


नायब तहसीलदार को ज्ञापन देते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी।

- **अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कोचिंग संस्थानों को बताया मानक विहीन**

**नहीं हैं सुविधाएं:** कहा कि घाटमपुर तहसील में संचालित इन कोचिंगों में छात्र एवं छात्राओं के लिए जो उचित सुविधा होनी चाहिए वो सभी नदारद है। कई कोचिंग संस्थानों में नियमानुसार बैठने व पानी आदि की भी व्यवस्था नहीं है। विद्यार्थियों के लिए सुरक्षा संबंधी कोचिंग संस्थान में अग्निशामक यंत्र एवं प्रपत्र नहीं है। नगर मंत्री कृष्णा बाजपेई ने कहा इस विषय को संज्ञान में लेकर इस पर जांच समिति बनाकर कठोरतम कार्रवाई की जाए अन्यथा विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात युवक की मौत

**बिल्हौर।** थाना क्षेत्र के सुभानपुर के पास ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। थाना पुलिस युवक की शिनाख्त के प्रयास में जुटी है। युवक की उम्र करीब 30 वर्ष बताई जा रही है। बिल्हौर थाना क्षेत्र के ग्राम सुभानपुर के पास मालगाड़ी से कटकर एक युवक की मौत की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंचे लोगों ने उसका फोटो और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल किया ताकि उसकी पहचान हो सके। वहीं लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्ता के प्रयास किए लेकिन खबर लिखे जाने तक युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। पुलिस का कहना है कि उन्होंने आस-पास के लोगों को इसकी सूचना दी है।

### पथराव के मामले में दोनों पक्षों में हुआ समझौता

**शिवराजपुर।** सेना निवादा गांव के दो पक्षों में विवाद को समझौते के बाद समाप्त किया गया। पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों को थाने पर लाया गया था, दोनों पक्षों द्वारा समझौता कर लिया गया। प्रथम पक्ष सनद त्रिपाठी पुत्र वेदनारायण निवासी सेना निवादा शिवराजपुर व दूसरे पक्ष से अलोक कुमार पुत्र प्रेमशंकर के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की गयी।

### जश्ने दस्तारबंदी में सैयद नूरानी मियां आएंगे

**कानपुर।** मदरसा चिश्तिया गरीब नवाज के प्रिंसिपल हाफिज मोहम्मद सरफराज खान रजवी ने बताया कि फातिमा मस्जिद लल्लू पुरवा जाजमऊ में 11 नवंबर दिन सोमवार बाद नमाजे इशा रात 8 .30 बजे अजीमुश्शान जश्ने दस्तारे हिफ्जुल कुरआन व सरकार गरीब नवाज कॉन्फ्रेंस आयोजित होगी। मुख्य अतिथि के तौर पर किछौछा शरीफ के शहजाद-ए-हुजूर गाजी-ए-मिल्लत हजरत सैयद मोहम्मद नूरानी अशरफी जीलानी आएंगे।


सदस्यता अभियान चलाते भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

# भाजपा प्रत्येक बूथ में बनाएगी 200 सदस्य

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** वृहद सदस्यता अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष संदीप बाजपेयी ने घाटमपुर विधानसभा के ग्राम संचितपुर, पारौली, धरमपुर बम्बा, में भाजपा सदस्यता अभियान को गति प्रदान करने के लिए घर-घर जाकर सदस्यता अभियान चलाया। जिलाध्यक्ष संदीप बाजपेयी ने बताया कि भाजपा प्रत्येक बूथ में जाकर 200 से अधिक सदस्य बनाएगी। जिसे लेकर हम कई बूथों में लक्ष्य पूरा कर चुके हैं और कमजोर बूथों में जाकर सदस्यता के लिए प्रयास कर रहे हैं।

- **भाजपा किसान मोर्चा कानपुर ग्रामीण ने चलाया सदस्यता अभियान**

इस दौरान जिला आईटी संयोजक सौरभ त्रिवेदी, जिला महामंत्री सत्येन्द्र सेंगर, ओम जी सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### त्योहारों पर निगरानी करेगी सुरक्षा समिति

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त पश्चिम राजेश कुमार सिंह ने सहायक पुलिस आयुक्त कल्यानपुर कार्यालय में नवरात्र व दशहरा के मद्देनजर आयोजकों, संभ्रांत व्यक्तियों के साथ मीटिंग की। आयोजकों से समस्याओं जानीं तथा उनके निस्तारण के लिए सम्बंधित को निर्देशित किया। बताया कि पंडालों में मूर्तियों की निगरानी के लिए सुरक्षा समिति का गठन होगा।

जिसमें आयोजक समिति के 4 सदस्य व पुलिस से एक कांस्टेबल 12-12 घंटे की निगरानी में रहेंगे। नवरात्र आयोजकों को कार्यक्रम स्थलों की निगरानी सीसीटीवी से करने व अग्निशमन यंत्र लगाने, मूर्तियों का विसर्जन कृत्रिम तालाब में करने के लिए दिशा निर्देश दिए गए। इस मौके पर अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम विजयेंद्र द्विवेदी भी मौजूद रहे।

# 2 यात्रियों को पीटकर सोने की चेन और रुपये लूटे

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** लखनऊ कासगंज स्पेशल पैसेंजर से यात्रा करते समय मैंथा कानपुर देहात निवासी व उत्तरीपूरा निवासी के साथ चौबेपुर रेलवे स्टेशन पर पांच युवकों ने मारपीट कर रुपये और चेन लूट ली। घटना के बाद आरोपी युवक फरार हो गए। जीआरपी ने अभीतक घटना की शिकायत नहीं मिलने की बात कही है। इस दौरान स्टेशन पर लोगों की भीड़ जुट गई। और अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को कानपुर देहात के मैंथा निवासी प्रदीप कुमार और उत्तरीपूरा गांव के अरविंद सिंह सेंगर कल्याणपुर रेलवे स्टेशन से ट्रेन पर उत्तरीपुरा जाने के लिए चढ़े तभी चौबेपुर रेलवे स्टेशन पर पांच युवकों ने अरविंद सिंह सेंगर के साथ मारपीट शुरू कर दी। विरोध पर प्रदीप कुमार को भी उन्होंने जमकर मारापीटा।



- **चौबेपुर रेलवे स्टेशन का मामला**
- **जीआरपी चौकी प्रभारी बोले अभी नहीं मिली तहरीर**

इस दौरान प्रदीप कुमार के पास से सोने की चेन और 15000 रुपये नकद छीनकर युवक भाग निकले। मामले की जानकारी जीआरपी चौकी प्रभारी अनवरगंज को दी गई है। जीआरपी चौकी प्रभारी जयदीप सिंह ने बताया कि उनके पास किसी प्रकार का शिकायती पत्र अभी तक नहीं प्राप्त हुआ है शिकायती पत्र प्राप्त होता है तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

### सूचना

सूचित हो कि मै मो0 हन्ज़ाला, पुत्र मो0 इरफान, निवासी-म.नं बी-4, सेक्टर-ए, महानगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, पिन-226006 का है, मेरे आधार कार्ड में मेरे पिता का नाम मो0 इरफान (MOHD IRFAN) अंकित है कि जबकि मेरे हाई स्कूल व इन्टर मिडियट में त्रुटिवश मो0 इफरान (MOHD IFRAN) हो गया है। मेरे पिता मो0 इफरान (MOHD IFRAN) के स्थान पर मो0 इरफ़ान (MOHD IRFAN) मेरे स्कूल अभिलेखों में अंकित किया जाय।

### सूचना

मैं **मुश्ताक अहमद खान पुत्र अब्दुल रफीक, निवासी-ग्राम-किठावां पो0-ढेका, पखनपुर जनपद-सुलतानपुर** मेरी पुत्री फिजा बानो आपके विद्यालय में कक्षा 09 की छात्रा है पुत्री के विद्यालय अभिलेखों में पिता का नाम MUSTAK AHMAD KHAN अंकित है जबकि फिजा बानो के पिता के आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरा नाम MUSHTAQUE AHMAD KHAN अंकित है जो कि सही एवं सत्य है। अत: फिजा बानो के विद्यालय अभिलेखों में पिता का नाम MUSTAK AHMAD KHAN के स्थान पर MUSHTAQUE AHMAD KHAN अंकित किया जाय।

### सूचना

सूचित हो कि कि मैं **उमेश कुमार कौशल पुत्र शम्भूनाथ कौशल, निवासी- 593, रूद्र नगर, जनपद सुलतानपुर** मेरा पुंत्र मानस कौशल (MANAS KAUSHAL) आपके विद्यालय में कक्षा-9A का छात्र है के विद्यालय अभिलेखों में मेरा नाम उमेश कौशल (UMESH KAUSHAL) अंकित है, जबकि मेरा वास्तविक नाम उमेश कुमार कौशल (UMESH KUMAR KAUSHAL) है। इसी प्रकार विद्यालय के अभिलेखों में पुत्र की माता का नाम डिम्पल रानी कौशल (DIMPLE RANI KAUSHAL) अंकित है, जबकि उनका वास्तविक नाम डिम्पल रानी (DIMPLE RANI) है। अत: पुत्र के विद्यालय अभिलेखों में मेरा नाम उमेश कौशल (UMESH KAUSHAL) के स्थान उमेश कुमार कौशल (UMESH KUMAR KAUSHAL) व मेरी पत्नी/छात्र की माता का नाम डिम्पल रानी कौशल (DIMPLE RANI KAUSHAL) के स्थान पर डिम्पल रानी (DIMPLE RANI) अंकित किया जाय।

### सूचना

सूचित हो कि मैंने अपनी पुत्री का नाम AISHA से बदल कर AISHA HATIB रख दिया है इसी नाम से जाना जाय - D/o-SYED AHMAD HATIB S/o SYED MOHAMMAD, IDRIS 347/274 OLD TIKAITGANJ, BAZAR KHALA-LKO-226017

### सूचना

सूचित हो कि मै **काजल गुप्ता पिता विनोद गुप्ता निवासिनी- मकान संख्या 502/39 अंबेडकर नगर निराला नगर लखनऊ, मोबाइल नंबर-** 7080411752, मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट (रोल नंबर 1221012257) इंटरमीडिएट की मार्कशीट (रोल नंबर 2245884269) दिनांक - 28/09/2024 को वास्तव में खो गयी है।

### सूचना

सूचित हो कि मैं **पंकज कुमार वर्मा पुत्र श्री रामजी वर्मा निवासी ग्राम जफरापुर, जयसिंहपुर, सुलतानपुर (उ0प्र0)** मेरे पुत्र के विद्यालय रिकार्ड के अनुसार छात्र का नाम शशांक वर्मा लिखा गया है जबकि छात्र का सही नाम शशांक कुमार वर्मा है। तथा पिता का नाम पंकज वर्मा लिखा गया है जबकि पिता का सही नाम पंकज कुमार वर्मा है। अत: विद्यालय रिकार्ड में मेरे पुत्र का सही नाम शशांक कुमार वर्मा एवं पिता का सही नाम पंकज कुमार वर्मा अंकित किया जाय।

### सूचना

सूचित हो कि मै **राजकुमारी पत्नी बाबू लाल मिश्रा निवासिनी म0नं0 143-अ चन्द्र नगर, कानपुर नगर उ0प्र0-208007**, मेरे बैंक खाते में मेरा नाम राज कुमारी मिश्रा अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड में नाम राज कुमारी अंकित है। जोकि सत्य व सही है। अत: मेरे आधार कार्ड के अनुसार मेरा नाम बैंक खाते में राजकुमारी अंकित किया जाय।

# कल हजारों लोग बोलेंगे, करो दिल से दोस्ती

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रीजेंसी हेल्थ हॉस्पिटल में विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य पर एक विशेष वॉकथॉन, करो दिल से दोस्ती वॉक फॉर ए हेल्दी हार्ट का आयोजन करेगा। जिसके माध्यम से हृदय के स्वास्थ्य के बारे में लोगों को जागरूक करने लिए रविवार को ग्रीन पार्क स्टेडियम में 4 किलोमीटर की पैदल यात्रा निकलेगी।

यात्रा का उद्देश्य हृदय रोगों की रोकथाम में शारीरिक गतिविधि के महत्व को बढ़ावा देकर सभी उम्र के लोगों को एकजुट करना है। यह कार्यक्रम सुबह 5 बजे शुरू होगा और 9 बजे समाप्त होगा, जिसमें पहले 1,500 प्रतिभागियों को टी-शर्ट, पदक प्राप्त होंगे। रीजेंसी हेल्थ के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.हर्ष अग्रवाल ने बताया कि दिल की बीमारी से निपटने के लिए पैदल चलना सबसे सरल व सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है। रीजेंसी हेल्थ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी व वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.अनिल कुमार द्विवेदी ने बताया कि हृदय स्वास्थ्य के बारे में जागरुकता बढ़ाना महत्वपूर्ण है, क्योंकि कई जोखिम कारकों पर अक्सर ध्यान नहीं दिया जाता है।

- **रीजेंसी ग्रीन पार्क में करेगा वॉकथॉन का आयोजन**
- **1,500 प्रतिभागियों को टी-शर्ट व पदक दिए जाएंगे**

लिपिड प्रोफाइल, मधुमेह जांच जैसे नियमित परीक्षण और बीएमआई मूल्यांकन महत्वपूर्ण हैं, साथ ही कैल्शियम स्कोर विशेष रूप से जरूरी है।

रीजेंसी हेल्थ में सीनियर कंसल्टेंट सीटीवीएस डॉ. शशांक त्रिपाठी ने बताया कि कोरोनरी धमनी रोग भारत में हृदय से संबंधित मौतों का प्रमुख कारण बना हुआ है, जो वैश्विक दिल के दौरे से होने वाली मौतों का 20 फीसदी है। कार्यक्रम में एडीसीपी ट्रैफिक अर्चना सिंह, श्रम आयुक्त सौम्या सिंह, संयुक्त पुलिस आयुक्त हरीश चंदर समेत आदि अधिकारी मौजूद रहेंगे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत फत्तेपुर विकासखंड घाटमपुर कानपुर नगर

पत्रांक- मेमो/निविदा/केंद्रीय वित्त/पंचम वित्त/S.B.M./2024-25 दिनांक: 04.10.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत फत्तेपुर विकासखंड घाटमपुर जनपद कानपुर नगर में केंद्रीय वित्त/पंचम वित्त/मनरेगा/SBM निधि के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024 -25 में ग्राम पंचायत द्वारा वार्षिक कार्य योजना में सम्मिलित सभी कार्य एवं नीचे अंकित निर्माण कार्य संपादित किए जाने हेतु निर्माण सामग्री आपूर्ति मुहरबंद निविदा 05.10.2024 से 07.10.2024 अपराहन 1:00 तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं इसी तिथि को 2:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय फत्तेपुर में गठित समिति के द्वारा निविदा दाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा के संबंध मे विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 10:00 बजे से समय 4:00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। साथ में 100 के नाम जूडिशियल स्टांप व 1/-का रसीद हस्ताक्षर युक्त संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताएं किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | सामग्री | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा (1) | 0.12 लाख | ईटा, मौरंग, सीमेन्ट आदि | 3 माह |
| 2 | वर्मी कम्पोस्टिंग | 0.60 लाख | ईटा, मौरंग, सीमेन्ट आदि | 3 माह |
| 3 | कचरा वाहन (साइकिल रिक्शा) | 0.25 लाख | - | 3 माह |
| 4 | RRC सेन्टर निर्माण | 4.00 लाख | ईटा, मौरंग, सीमेन्ट आदि | 3 माह |
| 5 | इन्सिनरेटर (भस्मक) | 0.14 लाख | - | 3 माह |
| 6 | सिल्ट कैचर (1) | 0.15 लाख | ईटा, मौरंग, सीमेन्ट आदि | 3 माह |
| 7 | हैण्डपम्प पर सोकपिट (2) | 0.30 लाख | ईटा, मौरंग, सीमेन्ट आदि | 3 माह |
| 8 | RRC सेन्टर में हैण्डपम्प लगाने का कार्य | 1.10 लाख | ईटा, मौरंग, सीमेन्ट आदि | 3 माह |
| 9 | RRC सेन्टर साइट डेवलपमेंट कार्य | 4.50 लाख | ईटा, मौरंग, सीमेन्ट आदि | 3 माह |

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत फत्तेपुर
विकासखंड घाटमपुर कानपुर नगर

सचिव
ग्राम पंचायत फत्तेपुर
विकासखंड घाटमपुर कानपुर नगर

नवरात्र | दुर्गा पूजा के लिए मां भगवती के दरबारों में जुटने लगी भक्तों की भीड़

# माता ब्रह्मचारिणी की पूजा कर भक्तों ने मांगा ज्ञान

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र पर क्षेत्र में जगह-जगह मां दुर्गा की पूजा अर्चना के साथ रात्रि जागरण के आयोजन शुरू हो गए हैं। कस्बे में भी दस दिवसीय कार्यक्रम में मां दुर्गा की मूर्ति स्थापना के साथ कई कार्यक्रम हो रहे हैं। वहीं देवी मंदिरों में भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। नवरात्र के दूसरे दिन भक्तों ने मां शक्ति के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा कर ज्ञान मांगा।

शारदीय नवरात्रि पर क्षेत्र में स्थित मंदिरों में सजावट के साथ मां दुर्गा का पूजन, भजन कीर्तन व रात्रि में मां भगवती के जागरण के कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। चौबेपुर में विगत वर्षों की भांति पिपरी मार्ग स्थित रामलीला मैदान में नव दुर्गा रामलीला सेवा समिति द्वारा दुर्गा पूजा व दशहरा मेले का आयोजन किया जा रहा है। विशाल पंडाल में भव्य सजावट के साथ मां दुर्गा की स्थापना के उपरांत प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र शुक्ला ने मां भगवती की आरती उतार कार्यक्रम की शुरुआत की। कमेटी के लोगों ने बताया कि दशहरा तक चलने वाले दस दिवसीय कार्यक्रम में सुबह शाम मां दुर्गा की आरती के साथ रात के समय कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन व आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों के अलावा आसपास गांवों से श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया है।


चौबेपुर के दुर्गा पूजा पंडाल में कार्यक्रम पेश करते कलाकार। अमृत विचार


कार्यक्रम का लुत्फ उठाते दर्शक। अमृत विचार

**8 अक्टूबर को होगा जगराता:** शारदीय नवरात्र पर विगत वर्षों की भांति इस बार भी कस्बा स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन किया जा रहा है। श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर सेवा समिति के प्रमोद त्रिपाठी व ओम नारायण गुप्ता ने बताया कि 8 अक्टूबर को आयोजित कार्यक्रम में दोपहर 1 बजे से मुकुल बंधु, आस्था म्युजिकल ग्रुप कानपुर द्वारा भजन प्रस्तुति होगी। इसमें गायिका मानवी तिवारी (आगरा), सपना सिंह (बरेली) व गायक अंशु (लखनऊ) द्वारा माता का गुणगान किया जाएगा। इस दौरान आशीष, अंकित झांकी इंटरनेशनल ग्रुप द्वारा आकर्षक झांकियां भी प्रस्तुत की जाएंगी।

## एक नजर

### नाबालिग को ले जाने का आरोपी भेजा गया जेल

रूरा। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने गांव के ही छोटू पर अपनी नाबालिग पुत्री को भगा ले जाने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शुक्रवार को दरोगा यशपाल सिंह ने आरापी को अकबरपुर रोड से गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

### बाइक से गिरकर महिला गंभीर रूप से घायल

पुखरायां। बाइक से गिरकर महिला घायल हो गई। बमरौली घाट गांव के अंकुश ने बताया कि वह मां शारदा देवी (45) को बाइक में बैठाकर पुखरायां खरीदारी के लिए जा रहा था। तभी भोगनीपुर के हलधरपुर गांव के पास मुगल रोड पर बाइक से उछल कर गिरकर शारदा देवी घायल हो गई। राहगीर उन्हें सीएचसी ले गए। जहां डॉ. गोविंद प्रसाद ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### करंट की चपेट में आने से झुलसकर युवक गंभीर

पुखरायां। करंट की चपेट में आकर युवक झुलस गया। जनपद जालौन के कालपी निवासी बीरेंद्र ने बताया कि उसका भाई विजय कुमार (25) भोगनीपुर क्षेत्र के पुखरायां में किराए के मकान पर रह कर भैंस का पालन करता है। मकान के समीप पेड़ के पास से 11 हजार विद्युत लाइन निकली हुई है। पेड़ पर चढ़ कर डाल कटाते समय विजय करंट की चपेट में आकर नीचे गिर कर घायल हो गया। परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां डॉ. गोविंद प्रसाद ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### पुखरायां में गो रोटी रथ शुरू

पुखरायां। विहिप जिला गोरक्षा प्रमुख मनन बजरंगी के प्रयास ये पूरे जिले में गोमाता को पहली रोटी प्रत्येक घर से एकत्रित करके गौशाला पहुंचाने की पहल शुरू की गई है। इससे समाज में एक अच्छा संदेश पहुंचेगा। गोरक्षा प्रमुख ने बताया कि गोमाता के लिए पहली रोटी के लिए गोरोटी रथ झींझक व सिकंदरा में प्रारंभ हो चुका है। जबकि पुखरायां में शुक्रवार को सुबह 11 बजे इसका शुभारंभ किया गया है।

### युवक की गुमशुदगी दर्ज

रूरा। कस्बे के शेरगंज वार्ड निवासी राजेश बीती 25 सितंबर को घर से किसी काम से बाजार गया था। घर वापस न आने पर पिता दशरथ ने थाने में तहरीर दी। थाना प्रभारी ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश जारी है।

### रूरा थाना क्षेत्र के गदनपुर गांव में विवाद के बाद हुई वारदात, दो आरोपी हिरासत में

# दुकानदार को नहर में डुबो कर मार डाला

संवाददाता, रूरा


घटनास्थल पर छानबीन करते एएसपी राजेश पांडेय और सीओ तनु उपाध्याय।

- एएसपी और सीओ सदर ने घटनास्थल पर की छानबीन
- एएसपी के समझाने के बाद परिजनों ने उठाने दिया शव

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गदनपुर गांव के पास दुकान पर विवाद के बाद दुकानदार को नहर में फेंककर डुबा दिया गया, जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने दो लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है।


प्रेमशंकर कश्यप।

परिवार वालों ने बेटे के न आने तक देर रात तक शव नहीं उठाने दिया। एएसपी और सीओ के समझाने पर परिवार वाले माने। तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया है।

रूरा थाना क्षेत्र के गदनपुर के रहने वाले प्रेमशंकर कश्यप (60) गांव के पास नहर पुल के किनारे समोसा-चाय की छोटी दुकान चलाते थे। गुरुवार की रात शराब पीने के दौरान उनका कुछ लोगों से झगड़ा हो गया। आरोप है कि हत्यारोपियों ने प्रेमशंकर को नहर में डुबा कर मार डाला। जानकारी मिलने पर परिजन पहुंचे और नहर से शव निकालकर पुलिस को सूचना दी। रात में परिजन और गांव वाले प्रेमशंकर के पुत्र अशोक के भटिंडा (पंजाब) से यहां आने के बाद ही शव उठाने की जिद पर अड़े रहे। वह भटिंडा में प्राइवेट नौकरी करता है।

थानाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा ने कई बार लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन परिवार और गांव के लोग नहीं माने। इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पांडेय और पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर तनु उपाध्याय मौके पर पहुंचीं। उन्होंने परिजनों को समझाया और बेटे अशोक से फोन पर बात की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने इस मामले में गेंदामऊ गांव के दो युवकों को हिरासत में लिया है। एहतियात के तौर पर शिवली व रसूलाबाद थाने की पुलिस भी मौके पर बुलाई गई। थानाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि तहरीर पर गेंदामऊ गांव के विमल और रज्जन के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

#### घटनास्थल से 50 मीटर दूर मिला दुकानदार का शव

- दुकानदार प्रेमशंकर कश्यप का शव नहर में गिरने वाली जगह से लगभग 50 मीटर दूर मिला। सूचना पर पहुंचे परिजनों और ग्रामीणों ने रात में ही नहर में कड़ी मशक्कत के बाद तलाश करने के बाद शव को बाहर निकाला। गनीमत रही कि नहर में पानी का बहाव काम होने के कारण शव ज्यादा दूर तक नहीं बहा।

#### शराबियों का रहता जमावड़ा

- गदनपुर गांव में दुकान के पास देशी शराब के खाली रैपर भी पड़े पाए गए हैं। लोगों का कहना है कि शाम ढलते ही नहर के आसपास की दुकानों में शराबियों का जमावड़ा लग जाता है, जो अराजकता करते हैं। इसके बावजूद इन पर कोई कार्रवाई नहीं होती है।

## रेप कर अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर डाला

**मंगलपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में अधेड़ ने युवती को बेहोश कर दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है।

मंगलपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 30 जून की दोपहर वह खेतों पर जा रही थी। तभी सुरेश के घर पास पहुंचने पर उसने अंदर बुलाया। आरोप है कि घर जाने पर उसने कुछ सुंघा दिया। जिससे वह बेहोश हो गई। इसी दौरान आरोपी ने उससे दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बना लिया। होश में आने पर वह घर आ सकी।

आरोपी ने बनाया हुआ अश्लील वीडियो युवती को दिखाते हुए किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। दो अक्टूबर को आरोपी ने सोशल मीडिया पर अश्लील वीडियो अपलोड कर दिया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि इस मामले में एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जाएगा।


स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जानकारी देते अधिकारी। अमृत विचार

## सहायता समूह से जुड़कर आत्म निर्भर बनें महिलाएं

संवाददाता, संदलपुर

- जलालपुर डेरापुर में खुली बैठक में डीसी ने दी जानकारी

**अमृत विचार।** स्वयं सहायता समूह महिलाओं के लिए वरदान साबित हो सकता है। अपनी मेहनत और लगन से महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर घर परिवार भी चला सकती हैं। यह बात जलालपुर डेरापुर में खुली बैठक के दौरान उपायुक्त श्रम एवं रोजगार गंगाराम ने कही।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को आर्थिक मदद दी जाती है जिससे महिलाओं को रोजगार सृजन का मौका मिलता है। समूह गठन के तीन महीने से छह महीने बाद लाभ मिलना शुरू हो जाता है। एक बार समूह बनाकर या फिर समूह से जुड़कर कुछ पैसे प्रत्येक महीने देने होते हैं। समूह को कम ब्याज पर लोन दिया जाता है। डीएमएम तौकीर आलम ने बताया कि ग्रामीण महिलाओं को रोजगार और सरकारी योजनाओं का लाभ देने और सामाजिक स्तर सुधारने देने के लिए स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया है। समूह में महिला सदस्यों के अलावा अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष का चयन होता है। इस दौरान एडीओ आईएसबी फूल सिंह निरंजन, सचिव नीलम कटियार, उधन सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद कटियार, बीएमएम ऋषि मिश्र, आलोक कुमार, समूह की रीना, किरण, ममता आदि महिलाएं उपस्थित रहीं।

## रेल पटरी पर बंगाली युवक का शव मिला

संवाददाता, मंगलपुर

- किसी ट्रेन से गिरकर मौत होने का लगाया जा रहा अनुमान

**अमृत विचार।** साहपुर डेरा के समीप रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची आरपीएफ और पुलिस मौके पर पहुंची और जांच- पड़ताल कर शिनाख्त करते हुए पंचनामा की कार्यवाही पूरी की। युवक पश्चिम बंगाल का रहने वाला था।

मंगलपुर थाना क्षेत्र के झींझक और कंचौसी रेलवे स्टेशन के मध्य साहपुरडेरा गांव के समीप डाउन लाइन पर खंबा नंबर 1083/3 पर रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची आरपीएफ और मंगलपुर थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू की। युवक के पास मिले आधार कार्ड के माध्यम से उसकी पहचान पश्चिम बंगाल के खरसाबाद निवासी देवाशीष मंडल (37) के रूप में हुई।

पुलिस ने बताया कि मौत का कारण स्पष्ट नहीं है, लेकिन अनुमान है कि किसी ट्रेन से गिरकर देवाशीष की मौत हो गई है। पारिवारिकजनों से संपर्क करने का प्रयास किया जा जा रहा है। थाना प्रभारी संजय गुप्ता ने बताया कि शव को मर्च्युरी में रखवा दिया गया है।

## कैंप में बीज के लिए किसान हुए नामित

**कानपुर देहात।** जिला उद्यान अधिकारी बल्देव प्रसाद ने बताया कि जनपद में संचालित राष्ट्रीय कृषि विकास एवं राज्य सेक्टर योजना अंतर्गत शासन के निर्देश पर विभाग से अधिकृत कंपनियों द्वारा बीज वितरण कैंप का आयोजन राजकीय अंलकृत उद्यान आलमचंद्रपुर अकबरपुर में किया गया। इस दौरान ब्लाकों के पंजीकृत किसानों को नामित कंपनियों द्वारा बीज के पंजीकृत किया गया। उन्होंने बताया कि नामित कंपनियां किसानों की मांग के अनुसार लक्ष्य पूर्ण होने तक बीज उपलब्ध कराएंगी। इस दौरान योजना प्रभारी घनश्याम, उद्यान निरीक्षक रमेश चंद्र कटियार, पूनम अवस्थी, सुरेश कुमार, प्रधान चौधरी आदि उपस्थित रहे।



दिल्ली में सम्मानित हुए गोवर्धन गौशाला समिति के प्रबंधक राघव शुक्ला। अमृत विचार

## गौशाला प्रबंधक दिल्ली में सम्मानित

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचार।** प्रगति मैदान नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय लीडरशिप सम्मिट एंड अवार्ड समारोह में शिवली के गोवर्धन गौशाला समिति के प्रबंधक राघव शुक्ला को विशिष्ट अतिथि एवं अंतर्राष्ट्रीय ग्लोबल लीडरशिप सम्मिट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रबंधक ने शुक्रवार को बताया कि यह पुरस्कार उन संगठनों एवं व्यक्तियों को दिया जाता है। जो जानवरों एवं पर्यावरण की देखभाल और सुरक्षा के लिए उत्कृष्ट प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हैं। साथ ही मानव कल्याण के लिए भी समर्थन प्रदान करते हैं।

## थाई मांगुर मछली के निर्यात पर रोक

**कानपुर देहात।** राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण नई दिल्ली के निर्देश पर जिलाधिकारी आलोक सिंह ने बताया कि सभी राज्यों में थाई मांगुर मछली के पालन और इसके मत्स्य बीज उत्पादन, वितरण व तालाबों में संचय को प्रतिबंधित किया गया है। यह मछली अत्यधिक मांसाहारी प्रवृत्ति की होती है। इससे स्थानीय जलीय जीव-जंतु एवं मछलियों के अस्तित्व पर खतरा रहता है।

उन्होंने कहा कि जनपद में इन मछलियों का पालन कर रहे पालक एवं विक्रेता थाई मांगुर मछलियों व मत्स्य बीज के स्टाक को तत्काल नष्ट कर दें। अन्यथा गठित टास्कफोर्स टीम द्वारा प्रतिबंधित मछलियों का पालन व प्रजनन करने पर कार्रवाई की जाएगी।

## किशोरी को भगा ले जाने में पिता-पुत्र को 3 साल सजा

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- शिवराजपुर क्षेत्र के एक गांव में 12 साल पहले हुई थी घटना

**अमृत विचार।** शिवराजपुर क्षेत्र के एक गांव से करीब 12 साल पहले किशोरी को बहलाकर ले जाने में कोर्ट ने पिता-पुत्र को तीन साल की सजा सुनाई है। अर्थदंड भी लगा है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता अमित सिंह चौहान ने बताया कि कानपुर नगर के शिवराजपुर क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के पिता ने रिपोर्ट लिखाई थी कि 9 जून 2012 की शाम पड़ोसी रोशनलाल, उसका पुत्र संजीव 16 वर्षीय पुत्री को अपने पुत्र सौरभ के साथ शादी कराने का झांसा देकर 40 हजार रुपये और जेवर ले गए। पुलिस ने पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट व बयानों के आधार पर सौरभ के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में आरोप पत्र दाखिल किया था। वर्ष 2014 में सुनवाई पूरी होने पर कोर्ट ने सौरभ को सात साल की सजा सुनाई थी। आरोपी रोशन लाल और संजीव के खिलाफ पुलिस ने बाद में आरोप पत्र पेश किथा था।

इसकी सुनवाई अपर जिला जज/एफटीसी प्रथम सुरेंद्र सिंह की अदालत में चल रही थी। शुक्रवार को अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी रोशन लाल व संजीव को दोषसिद्ध करते हुए तीन-तीन साल कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक दोषी पर तीन-तीन हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर प्रत्येक को तीन-तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

## 3 लाख का आंकड़ा पार करने पर जोर

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात



माती पार्टी कार्यालय में बैठक करते भाजपा नेता। अमृत विचार

- भाजपा कार्यालय में अलग-अलग मोर्चा व प्रकोष्ठ की बैठक

**अमृत विचार।** भाजपा की सदस्यता को लेकर पार्टी कार्यालय माती में बैठक हुई। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्यों, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ अध्यक्ष एवं संयोजक, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्षों के साथ अलग-अलग बैठक ली गई।

जनपद में 2 लाख के करीब भाजपा की सदस्यता हो गई है। शुक्रवार को बैठक में जल्द ही तीन लाख का आंकड़ा पार करने के लिए बूथों पर सदस्यता पर जोर दिया गया। सामान्य सदस्यता के साथ सक्रिय सदस्यता भी प्रारंभ हो चुकी है। किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रदेश गौरक्षक आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में सदस्यता के लिए युद्ध स्तर पर लगने का आवाहन किया।

उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों में चारों तरफ आराजकता थी और गुंडे थाने चलाते थे। सरकारी नौकरियां पैसे के दम पर मिला करती थी। एक ही जाति का वर्चस्व होता था, लेकिन भाजपा जीरो ट्रेस की नीति पर काम करती है।

बैठक में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, डॉ सतीश शुक्ला, नीरज पांडेय, बृजेंद्र सिंह चौहान, बबलू शुक्ला, जितेंद्र सिंह गुड्डन, ऋषि सिंह, देवशरण कुरील, स्वतंत्र पासवान, करुणा शंकर, मुनीश बाजपेई, जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा आदि भाजपाई मौजूद रहे।

## महाविद्यालय में 8 को रोजगार मेला

**कानपुर देहात।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी शशि तिवारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा पुरुष व महिला बेरोजगारों के लिए 8 अक्तूबर को रामस्वरूप महाविद्यालय पुखरायां में सुबह 10:30 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें निजी क्षेत्र के कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।

मेले में आईटीआई, नान आईटीआई डिप्लोमा, स्नातक उतीर्ण अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। अभ्यर्थियों का रोजगार संगम पोर्टल पर पंजियन भी किया जाएगा। जिसके चलते अभ्यर्थी अपने शैक्षिक प्रमाण-पत्र व जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति लेकर आएं। उन्होंने बताया कि सेवायोजन विभाग द्वारा विकसित नवीन पोर्टल पर जॉब सीकर, नियोजक एवं संस्थान के पंजीयन की व्यवस्था है।

## गवाह बोला, फायरिंग रेंज से बाहर था श्यामू

**बिकरू कांड**

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- बचाव पक्ष की शेष जिरह के लिए 5 अक्टूबर की तिथि नियत

**अमृत विचार।** बिकरू कांड को लेकर एंटी डकैती कोर्ट में शुक्रवार को अभियोजन गवाह से 5आरोपियों की ओर से जिरह पूरी की गई। गवाह ने बताया कि घटना के दौरान श्यामू बाजपेई मेरी फायरिंग रेंज से बाहर था। श्यामू बाजपेई को टारगेट नहीं किया था। अब अदालत ने 5 अक्टूबर की तिथि नियत की है।

चौबेपुर थाना क्षेत्र के बिकरू गांव में दो जुलाई 2020 को दबिश देने गई पुलिस टीम पर विकास दुबे गैंग ने फायरिंग कर सीओ सेत आठ पुलिस कर्मियों की हत्या कर दी थी। इसकी सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट अमित मालवीय की अदालत में चल रही है। अभियोजन गवाह दरोगा अजहर इशरत से बचाव पक्ष की जिरह चल रही है। शुक्रवार को आरोपी श्यामू बाजपेई, रामू बाजपेई, अखिलेश शुक्ला उर्फ छोटू, गोविंद सैनी व राम सिंह की ओर से बचाव पक्ष ने जिरह पूरी की। बचाव पक्ष के वकील सीपी शुक्ला ने सवाल किया कि पुलिस टीम के पास पीएमएफ लाइट गन थी या नहीं, इस पर गवाह ने बताया कि इस वक्त मुझे याद नहीं आ रहा है। बचाव पक्ष ने पूछा कि जब श्यामू बाजपेई को फायर करते देखा तो उसे गोली क्यों नहीं मारी। इस पर गवाह ने जवाब दिया कि वह फायरिंग रेंज से बाहर था।

## कंटेनर की टक्कर से पिकअप चालक गंभीर, जाम रहा हाईवे

संवाददाता, रनियां

**सीट में फंसा चालक**

- माती से दूध लेकर कानपुर नगर जा रही थी पिकअप गाड़ी
- कानपुर-इटावा हाईवे पर रनियां पड़ाव के पास हुआ हादसा


कंटेनर की टक्कर से हाईवे पर पलटी पड़ी पिकअप गाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** माती से दूध लेकर कानपुर जा रहे पिकअप दुग्ध वाहन में कंटेनर ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे पिकअप चालक व परिचालक घायल हो गए।

कानपुर नगर के यशोदा नगर इलाके के रहने वाला अजय कुमार माती से पिकअप में 170 लीटर दूध लेकर कानपुर जा रहा था, तभी उनके पीछे आ रहे कंटेनर ने रनियां पड़ाव में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे पिकअप में लदा दूध रोड पर फैल गया और कंटेनर चालक मौके से फरार हो गया। हादसे में पिकअप चालक अजय कुमार गुप्ता केबिन में फंस गए। स्थानीय लोगों ने पिकअप का दाहिना शीशा तोड़कर चालक को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी।

हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को निजी अस्पताल भेजा और क्रेन की मदद से पिकअप गाड़ी को सीधा कराया। इस दौरान करीब आधा घंटे तक कानपुर-इटावा हाईवे पर जाम लगा रहा। थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

**नवरात्र का दूसरा दिन** | माता के जगराता में गायकों ने सजाई महफिल, पूरे समय झूमते रहे श्रद्धालु

## मातारानी के भवन में घुटुअन खेलत लांगुरिया...

संवाददाता, सिकंदरा


माता के जगराता की शुरुआत करतीं चेयरमैन सीमा पाल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** माता के जगराता में माता की प्रथम आरती व पूजन कर नगर पंचायत अध्यक्ष ने बाल्मिकी मोहल्ला में परंपरा के अनुसार फीता काटकर शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि सिकंदरा नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा पाल ने कहा कि नौ दिन नहीं, बल्कि हर समय माता रानी अपने भक्तों पर कृपा करती है। जागरण में देवी गीतों पर माहौल भक्तिमय हो गया। पंडाल में बैठे भक्त जमकर झूमे और रात भर जयकारे लगाए। जागरण की शुरुआत मातारानी की आरती के साथ की गई। कार्यक्रम में आए कलाकारों ने माता रानी के गीतों पर देवी भक्तों को पूरी रात झूमने पर मजबूर कर दिया।

इस बीच कई झांकियों का सजीव मंचन भी किया गया। गायकों ने मैया का चोला है रंग लाल, ऊंचे पर्वत भवन निराले, माता रानी के भवन में घुटुअन खेलत लांगुरिया आदि गीत सुनाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि पंकज पाल, रामजी शुक्ला, आशीष तिवारी एडवोकेट, दिनेश ठाकुर उर्फ बउआ, विशाल दिवाकर, नीरज सविता, सनी बाल्मिकी आदि लोग मौजूद रहे।


मुक्तेश्वरी मंदिर परिसर में लगी दुकानों में खरीदारी करते लोग। अमृत विचार

### भक्तों ने ब्रह्मचारिणी का पूजन कर मांगी मनौती

मूसानगर। शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन शुक्रवार को मूसानगर कालिंदी तट स्थित पौराणिक सिद्धपीठ माता मुक्तेश्वरी मंदिर में दर्शन पूजन के लिए सुबह से भक्तों का तांता लगा रहा। दूरदराज से आए श्रद्धालुओं ने माता के द्वितीय मां ब्रह्मचारिणी स्वरूप के दर्शन किए। माता के जयकारों और घंटों से मंदिर परिसर गूंजता रहा। मंदिर के पुजारी अशोक द्विवेदी ने बताया कि नवरात्र के मौके पर कानपुर नगर, देहात, हमीरपुर, जालौन, फतेहपुर, उन्नाव, औरैया आदि जिलों से श्रद्धालु दर्शन पूजन करने आते हैं। साथ ही मां के दरबार में मनौतियां मानते हैं। मनौती के अनुसार महिलाएं अपने बच्चों के मुंडन संस्कार भी कराती है। इस मौके पर यहां नवरात्र के दिनों में भक्तों का मेला लगा रहता है। सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। मां मुक्तेश्वरी जीर्णोद्धार सेवा समिति के अध्यक्ष महेंद्र तिवारी, कोषाध्यक्ष गयाराम निषाद, मेला प्रभारी हुब्बलाल पाल, अवधेश अवस्थी, केशव मिश्रा, रमेश मिस्त्री सहित समिति के सदस्य व्यवस्थाओं में जुटे रहे।

## एक नजर

### अयोध्या की उधैला झील का 3.81 करोड़ से होगा सौन्दर्यीकरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या के मिल्कीपुर स्थित उधैला झील को 3.81 करोड़ रुपये से संवारा जाएगा। सौंदर्यीकरण के साथ किड्स प्ले एरिया, घाट का निर्माण, कैंटीन, कॉटेजेज, पार्किंग, प्रवेश द्वार, गार्ड रूम, टिकट काउंटर, टीला, नेचर ट्रेल आदि का निर्माण कराया जाएगा। पर्यटन मंत्री ने बताया कि उप्र. ईको टूरिज्म विकास बोर्ड यहां पर्यटकों के लिए सुविधाएं विकसित करेगा। उन्होंने बताया कि इस साल जनवरी से जून तक करीब 11 करोड़ लोगों ने अयोध्या का भ्रमण किया।

### आयुष कॉलेजों में 6,583 अभ्यर्थियों को सीट आवंटित

**अमृत विचार,लखनऊ :** आयुष यूजी काउंसिलिंग में 6,583 अभ्यर्थियों को सीट आवंटित कर परिणाम घोषित किए गए हैं। प्रदेश भर में आयुर्वेदिक, होम्योपैथी और यूनानी के कुल 74 कॉलेजों की 7,414 स्नातक सीटों पर दाखिले होना शुरू हो चुके हैं। होम्योपैथी निदेशक व नोडल अधिकारी डॉ.अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि दाखिले की प्रक्रिया नौ अक्टूबर तक पूरी होगी। इसके बाद दूसरी काउंसिलिंग की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। उन्होंने बताया कि दाखिले के बाद भी छात्रों को कॉलेज बदलने का अवसर मिलेगा। 11 से 14 अक्टूबर तक उन्हें अपग्रेड होने पर दाखिले की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

### एएसआई के परिवार को सौंपा 95 लाख का चेक

**अमृत विचार , लखनऊ :** डीजीपी प्रशांत कुमार ने शुक्रवार को हादसे में मृत सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) निशांत रंजन के परिवारीजनों को 95 लाख रुपये का चेक सौंपा। पीड़ित परिवार को यह राशि बैंक ऑफ बड़ौदा ने पुलिस सैलरी पैकेज के तहत दी गई है। मूलत: बिहार के वैशाली हाजीपुर निवासी निशांत रंजन की छत से गिर जाने पर मौत हो गई थी।

# उप्र . के 2 .25 करोड़ किसानों को आज मिलेगी सम्मान निधि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **प्रधानमंत्री मोदी महाराष्ट्र के वाशिम से जारी करेंगे किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त**

**4,985.49** करोड़ रुपये होंगे स्थानांतरित



लोक भवन में प्रेसवार्ता करते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व अन्य प्रशानिक अधिकारी।

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को महाराष्ट्र के वेगॉल (वाशिम) में आयोजित एक कार्यक्रम में किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी करेंगे। इससे उत्तर प्रदेश के 2,25,91,884 किसानों के खातों में कुल 4,985.49 करोड़ रुपये की धनराशि स्थानांतरित की जाएगी। वहीं, पूरे देश के लगभग 9.51 करोड़ किसानों लाभांवित होंगे। 20,552 करोड़ रुपये की धनराशि सीधे किसानों के बैंक खातों में स्थानांतरित की जाएगी।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शुक्रवार को लोकभवन में एक पत्रकारवार्ता में बताया कि उप्र. में योजना की शुरुआत से लेकर जुलाई 2024 तक सभी 17 किस्तों के माध्यम से किसानों को अब तक कुल 74,492.71 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। इस अवधि में राज्य के 2.76 करोड़ किसानों को कम से कम एक बार इस योजना का लाभ प्राप्त हुआ है।

इससे पूर्व प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त का वितरण 18 जून 2024 को वाराणसी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने किया था। इस दौरान 2,14,55,237 किसानों को 4,831.10 करोड़ रुपये की धनराशि वितरित की गई थी। इसके साथ ही, जिन किसानों की किस्तें किसी कारणवश रुकी हुई थीं, उन्हें 46.70 करोड़ रुपये की राशि उनके डाटा सुधार के बाद दी गई थी।

## कारीगरों - उद्यमियों को मिलेगा रेशम रत्न सम्मान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **प्रथम पुरस्कार पाने वाले को 50 हजार, द्वितीय स्थान मिलने पर 25 हजार रुपये मिलेंगे**

**08** श्रेणियों में होगा चयन प्रशस्तिपत्र भी मिलेगा

**अमृत विचारः** रेशम उत्पादन और संबंधित क्षेत्रों में असाधारण योगदान देने वाले व्यक्तियों को पं. दीनदयाल उपाध्याय रेशम रत्न सम्मान दिया जाएगा।

कोकून उत्पादन, रेशम फिनिश्ड प्रोडक्ट में नवाचार, सर्वोच्च कोया, धागा विक्रय, सर्वोच्च फिनिश्ड प्रोडक्ट विक्रय, रेशम निर्मित परिधान एवं अन्य उत्पाद में सर्वोत्तम डिजाइनिंग और लाइफटाइम एचीवमेंट जैसी 8 श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों यह सम्मान दिया जाएगा। हर श्रेणी में प्रथम पुरस्कार के रूप में 50,000 की नकद राशि और द्वितीय पुरस्कार के रूप में 25,000 की धनराशि दी जाएगी। साथ ही विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह दिया जाएगा।

विभागीय मंत्री राकेश सचान ने बताया कि इस सम्मान का उद्देश्य उन कारीगरों और उद्यमियों को प्रोत्साहित करना है जो रेशम उद्योग में निरंतर सुधार और नवाचार कर रहे हैं। आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और अंतिम तिथि 10 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

# एकेटीयू और बुंदेलखंड विवि के कुलसचिव आयोग में तलब

### राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने सुनवाई में अनुपस्थित होने पर जताई नाराजगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलसचिव व डॉ अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय एकेटीयू के कुलसचिव को आयोग में व्यक्तिगत तौर पर उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

शुक्रवार को सुनवाई के दौरान इन अफसरों व संबंधित अन्य अफसरों के उपस्थित न होने पर आयोग ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। आयोग ने चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में ऐसा हुआ तो आयोग ऐसे अफसरों के खिलाफ कार्रवाई के लिए शासन को पत्र लिखेगा।

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी के शिक्षक अवधेश निरंजन ने समय पर प्रोन्नति न होने के मामले में आयोग में कुलपति और कुलसचिव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप लगाया गया कि प्रोफेसर पद पर पदोन्नति व विभागाध्यक्ष पद पर नियुक्ति नहीं दी गई है। इस दौरान सुनवाई में कुलसचिव के अनुपस्थित होने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए अध्यक्ष ने अगली सुनवाई में उन्हें व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिया।

इसी तरह, एकेटीयू में एसोसिएट प्रोफेसर डा. सत्येन्द्र ने शिकायत दर्ज कराई कि उनकी प्रोन्नति नहीं की जा रही है। प्रोन्नति में देरी के मामले में आयोग ने सख्त रुख अपनाते हुए एकेटीयू के कुलसचिव को अगली सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया।

### शामली में हत्या प्रकरण में फर्जी फंसाने की शिकायत की जांच दूसरे अधिकारी से कराने के दिए निर्देश

आयोग ने शामली में हत्या के प्रकरण में स्थानीय पुलिस के जरिए स्थानीय निवासी कंवरपाल सिंह व उसके परिवार को कथित तौर पर झूठे तरीके से फंसाने की शिकायत पर गंभीर रुख अपनाया है। आयोग ने इस प्रकरण में गृह विभाग को दूसरे जिले के पुलिस अधिकारी से जांच कराने का निर्देश दिया। शिकायतकर्ता का कहना है कि पोलीग्राफी टेस्ट में परिवार के खिलाफ कोई रिपोर्ट न मिलने के बाद भी उन्हें लगातार परेशान किया जा रहा है।



गोरखपुर में शतरंज खिलाड़ी कुशाग्र अग्रवाल के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

# मुख्यमंत्री योगी ने कुशाग्र संग खेला शह-मात का खेल

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ **सबसे कम उम्र के शतरंज चैम्पियन का बढ़ाया उत्साह**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री ने देश के सबसे कम उम्र के फीडे (विश्व शतरंज महासंघ) रेटेड खिलाड़ी, गोरखपुर निवासी कुशाग्र अग्रवाल (5 साल 11 माह) के साथ शतरंज खेल कर उनका उत्साहवर्धन किया।

योगी ने इस लिटिल चैम्प से शतरंज की चालों से जुड़ी बारीकियों पर भी चर्चा की। यूकेजी के छात्र कुशाग्र शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर पहुंचे थे।1428 रैपिड फीडे रेटिंग हासिल करने वाले कुशाग्र अब तक पटना, बेंगलुरु, पुणे में आयोजित लगभग अंतरराष्ट्रीय फीडे रेटेड प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर पुरस्कार जीत चुके हैं। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि कुशाग्र की प्रतिभा को और निखारने के लिए राज्य सरकार हर तरह की मदद करेगी।

# खारिज नहीं होगा सावरकर पर राहुल की टिप्पणी का मामला

विधि संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **सत्र न्यायालय ने निरस्त किया परिवाद खारिज करने का निचली कोर्ट का आदेश**

**अमृत विचार :** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा महाराष्ट्र के अकोला में भाषण के दौरान सावरकर के विरुद्ध कथित अपमानजनक टिप्पणी मामले में दायर परिवाद को निचली अदालत द्वारा खारिज करने के आदेश को सत्र अदालत ने निरस्त कर दिया है।

एमपी/ एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश हरवंश नारायण ने इस सम्बन्ध में अधिवक्ता नृपेंद्र पांडे की निगरानी याचिका को मंजूर करते हुए निचली अदालत को पुनः सुनवाई कर विधि सम्मत आदेश पारित करने का आदेश दिया है। एमपी/ एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम द्वारा 14 जून 2023 को इस मामले में दाखिल परिवाद को खारिज कर दिया गया था। परिवादी ने सत्र अदालत में निगरानी याचिका दाखिल करते हुए उक्त आदेश को चुनौती दी थी।

दलील दी गयी कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी द्वारा कहे गए कथनों को ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के पत्राचार विभाग द्वारा प्राप्त कर विवेचक को दिया जिसमें विवेचक ने कहा है कि प्रेस विज्ञप्ति एवं प्रार्थना पत्र में लगाए गए आरोपों से वादी के कथनों की पुष्टि होती है।

सत्र अदालत ने निगरानी याचिका को स्वीकार करते हुए कहा है कि पत्रावली पर पर्याप्त साक्ष्य मौजूद होने के उपरांत निचली अदालत द्वारा अपने आदेश में इस तथ्य का उल्लेख नहीं किया गया है कि राहुल गांधी के खिलाफ कोई मामला बनता है अथवा नहीं। अदालत ने मामले को पुनः सुनवाई के लिए निचली अदालत को भेजते हुए कहा है कि याचिका में दिए गए दिशा निर्देश को दृष्टिगत रखते हुए विधि सम्मत आदेश पारित करें।

### स्वास्थ्य विभाग में 567 प्रयोगशाला प्राविधिज्ञ बने

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वास्थ्य विभाग में उप्र.प्रयोगशाला तकनीशियन सेवा के 567 प्रशिक्षण प्राप्त वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक, प्रोन्नति पाकर प्रयोगशाला प्राविधिज्ञ बना दिया गया है। प्रोन्नति के साथ ही सभी का विभिन्न जिलों में मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के आधीन नियुक्ति दे दी गई है। निदेशक पैरामेडिकल द्वारा शुक्रवार को निर्देश जारी कर दिया गया है।

# पिछड़े वर्ग के युवाओं को फिर मिलेगा कम्प्यूटर प्रशिक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **इण्टरमीडिएट पास छात्र 10 तक कर सकेंगे आवेदन**

**अमृत विचार :** पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बताया कि पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना का द्वितीय चरण शुरू किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत युवाओं को 'ओ' लेवल और 'ट्रिपल सी' कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे पिछड़े वर्ग के युवाओं को डिजिटल युग में रोजगार के अवसर मिलेंगे।

इस संबन्ध में विभाग की निदेशक डॉ. वंदना वर्मा ने शुक्रवार को बताया कि यह प्रशिक्षण उन पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवाओं के लिए है, जिन्होंने इण्टरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की हो और जिनके माता-पिता की वार्षिक आय एक लाख रुपये तक हो। इसके लिए आवेदक 10 से 30 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की आधिकारिक वेबसाइट या कम्प्यूटर प्रशिक्षण पोर्टल पर किया जा सकता है। चयनित अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण 15 नवंबर 2024 से शुरू होगा।

## गड्ढ़ा मुक्ति के नाम पर हो रहा भ्रष्टाचार

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में गड्ढ़ा मुक्त के नाम पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और लूट हो रही है। सात साल से भाजपा सरकार सड़कों के गड्ढे.नहीं भर पाई। हर साल गड्ढ़ा मुक्त करने के नाम पर हजारों करोड़ रुपये का बजट जारी होता है।

सपा प्रमुख ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि पिछले सात सालों में अब तक कई लोग सड़कों के गड्ढ़ों के कारण मौत के मुंह में जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि भाजपाई और ठेकेदार इसे अवसर मानकर जश्न मनाते है। गड्ढ़ामुक्त के नाम पर हजारों करोड़ का बजट जारी होता है। जो ऊपर से नीचे तक बंट जाता है। भाजपा ने उप्र. को भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया है।

# 47 हजार गांवों में 80 प्रतिशत खरीफ की फसल का सर्वे पूरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **डिजिटल क्रॉप सर्वे में जौनपुर ने मारी बाजी, गाजियाबाद दूसरे स्थान पर रहा**

**अमृत विचारः** राज्य सरकार ने प्रदेश भर में बोई जाने वाली खरीफ की फसल के डिजिटल क्रॉप सर्वे का 80 प्रतिशत काम पूरा कर लिया है।

खरीफ की फसल के डिजिटल क्रॉप सर्वे के तहत लक्ष्य के सापेक्ष अधिकांश कार्य पूरा करने वाले उप्र. के टॉप टेन जिलों में जौनपुर ने पहला स्थान हासिल कर बाजी मारी है। इसी तरह गाजियाबाद दूसरे स्थान पर है। अमरोहा तीसरे स्थान पर है। इसके अलावा बस्ती चौथे स्थान पर है। आजमगढ़ पांचवे स्थान पर है जबकि, हमीरपुर छठे, मैनपुरी सातवें, महोबा आठवें, गाजीपुर नौवें और शामली दसवें स्थान पर है। प्रदेश के 84 हजार से अधिक राजस्व गांवों में शुरू किये गये डिजिटल क्रॉप सर्वे (2024-25) के तहत 47 हजार से अधिक गांवों में सर्वे का काम पूरा हो चुका है जबकि कुल साढ़े चार करोड़ से अधिक प्लॉट्स में बोई खरीफ की फसल के सर्वे का काम पूरा कर लिया गया है।यह कुल (साढ़े पांच करोड़ से अधिक) प्लॉट्स का 80 प्रतिशत है। सर्वे में से 3 करोड़ से अधिक प्लॉट्स के सर्वे को अप्रूवल भी मिल चुका है, जो 82 प्रतिशत है।

# ठोस कार्ययोजना के साथ गरीबों को तलाशेगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **योगी के 'ड्रीम मिशन' जीरो पावर्टी-उप्र. अभियान को तेजी से आगे बढ़ाने की कवायद**

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'ड्रीम मिशन' जीरो पावर्टी-उत्तर प्रदेश अभियान को तेजी से आगे बढ़ाने की कवायद शुरु हो गई है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में शासन स्तर पर एक ऐसी ठोस कार्ययोजना तैयार की गई है जिसे मजबूती से जमीन पर उतारने की तैयारी है। कार्ययोजना इस कदर पारदर्शी और सख्त मॉनिटरिंग के साथ क्रियान्वित होगी कि वास्तविक गरीबों के साथ अन्याय न हो सके।

जीरो पावर्टी-उत्तर प्रदेश अभियान के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर अधिकतम 25 निर्धनतम परिवारों का चयन होना है। निर्धनतम परिवारों के चिन्हीकरण एन्युमेरेटर (ग्राम पंचायत स्तरीय कर्मचारी व कैडर) करेगा। इसमें पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, समूह सखी, अन्य सामुदायिक कैडर व बीसी सखी सखी शामिल होगें।

### इस तरह होगी गरीब परिवार की खोज

- ऐसे परिवार की सूचना 5 सदस्यीय ग्राम स्तरीय समिति सत्यापित करेगी।
- समिति में ग्राम प्रधान, भूतपूर्व ग्राम प्रधान, विद्यालय के वरिष्ठ प्रधानाध्यापक, दो सबसे पुराने स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष शामिल होंगे।
- हर सदस्य निर्धनतम परिवार के लिए अलग-अलग अभिमत देंगे, जिसे अन्य सदस्य नहीं देख सकेंगे।
- बाद में मुख्य सचिव कैम्प में विशेषज्ञ-टीम सूचनाओं की सत्यता का परीक्षण भी करेगी।
- सूचना पर संदेह होने पर स्थलीय परीक्षण होगा और चयनितों की सूची ग्राम पंचायत सचिवालय में चस्पा होगी।

### निर्धनता का द्विस्तरीय आंकलन होगा

**पहला-** भूमिहीन, आजीविका का कोई विकल्प नहीं, अनिश्चित आय, दिहाड़ी, कृषि मज़दूरी पर आश्रित, आर्थिक संसाधनों की कमी, परिवार में हमेशा खाने-पहनने की तंगी रहती है।

**दूसरा-** एकल महिला (परित्यक्ता, विधवा) सरकारी मदद से वंचित, परिवार का मुखिया, कमाऊ सदस्य विकलांग या मुखिया, कमाऊ सदस्य की उम्र 65 वर्ष या ज़्यादा है। मुखिया, कमाऊ सदस्य प्रवासी मज़दूर है या परिवार का कोई सदस्य गंभीर बीमारी से ग्रसित है। परिवार आपदा प्रभावित स्थान पर निवास करता है अथवा कोई भी सदस्य किसी आजीविका कौशल में सक्षम नहीं है और स्वयं सहायता समूह के सदस्य भी नहीं है।

## वर्ग पहेली-212

**बाएं से दाएं**

1. 1. वायु, हवा, पवन, समीर 2. जगत का प्राण 3. (पुराण) वायु के अधिपति देवता।

4. 1. विवाद, झगड़ा, कलह 2. अंकुर, अंखुआ 3. स्वर्ण, सोना 4. युद्ध 5. एक तरह का केला 6. कपाल 7. कलध्वनि, मधुर ध्वनि।

6. 1. छोटा डोल, बालटी जैसा बरतन 2. फल-फूल आदि ढोने के लिए उपयोग किया जाने वाला बेंत या बांस के तनों से निर्मित तीलियों का बना गहरा बरतन।

7. 1. कपड़े आदि पर ज़री के बेल-बूटों का काम 2. वह कपड़ा जिसपर ज़री

8. 1. छोकरा, लड़का, बालक 2. छिछोरा नवयुवक।

**ऊपर से नीचे**


2. भोजन में प्रयुक्त होने वाला मसाला, दारचीनी।

3. सफ़ेद टुकड़ों में प्राप्त किया जाने वाला बांस का सारभाग जिसका प्रयोग औषधि के रूप में होता है।

4. परिवार नियोजन तथा सुरक्षित यौन संबंध के लिए पुरुषों व स्त्रियों द्वारा प्रयोग की जाने वाली एक तरह की थैली; एक गर्भनिरोधक उपकरण।

5. मोटी तह

7. जीव विज्ञान की एक शाखा जिसमें जीवों के विभिन्न अंगों की आंतरिक क्रियाओं एवं उनके परिणामों का अध्ययन किया जाता है, (फ़िज़ियोलॉजी)।




### वर्ग पहेली -211 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ल | | | 2 मू | 3 स | ली |
| हु | | 4 घ | | ज | |
| रा | | ह | | वा | |
| | 5 नि | र | ख | ना | |
| 6 काँ | ख | ना | | | 7 के |
| | र | | 8 लं | ब | क |
| | ना | | | | ड़ा |

## सुडोकू -125

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | | | | 5 | 4 |
| | | 8 | | | 9 | | 7 | |
| | | | 6 | | 1 | | | 2 |
| | | 1 | | | 2 | 7 | 8 | 5 |
| | 5 | 2 | | | | 9 | 3 | |
| 8 | 6 | 9 | 3 | | | 4 | | |
| 6 | | | 4 | | 8 | | | |
| | 8 | | 7 | | | 3 | | |
| 1 | 9 | | | | 6 | | | |

### सुडोकू - 124 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 8 | 1 | 6 | 7 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 7 | 6 | 5 | 2 | 9 | 1 | 3 | 8 |
| 1 | 2 | 9 | 4 | 8 | 3 | 6 | 7 | 5 |
| 5 | 9 | 7 | 3 | 4 | 2 | 8 | 1 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 | 3 | 2 | 7 |
| 2 | 8 | 3 | 6 | 7 | 1 | 5 | 9 | 4 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 6 | 5 | 2 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 |
| 7 | 1 | 2 | 8 | 9 | 6 | 4 | 5 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 अक्टूबर शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-तृतीया पूर्ण रात्रि तक।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-शरद। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-स्वाती 21.33 तक तत्पश्चात विशाखा।

**मेष:** आज प्रभावशाली लोगों के बीच आप काफी लोकप्रिय रहेंगे। व्यापार को आगे बढ़ाने के मौके मिलेंगे। जीवनसाथी से आपको उपहार मिल सकता है। आपके काम रुक-रुककर पूर्ण होंगे। प्रेमी जन को शादी को लेकर प्रपोज कर सकते हैं।

**वृष:** आज अपनी योजनाओं को गुप्त रखें। नए विषयों के अध्ययन में आप रुचि लेंगे। भावनात्मक रूप से काफी कमजोर महसूस कर सकते हैं। ऑफिस में आपको जिम्मेदारी वाले काम मिलने की संभावना है। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**मिथुन:** आज व्यापारिक यात्राओं के लिए दिन बहुत बढ़िया है। आपके आत्मविश्वास के कारण बॉस प्रसन्न रहेंगे। आपको कुछ समाचार मिल सकते हैं। आपके व्यक्तित्व में सुधार आएगा। दांपत्य जीवन काफी सुखद रहेगा।

**कर्क:** आज अपनी गलतियों पर सुधार करें। घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है। पूरा ध्यान अपने काम पर ही रखें। बच्चों के ऊपर किसी कारणवश नाराज हो सकते हैं। परिवार के किसी सदस्य को लेकर थोड़ी परेशानी होगी। किसी बड़े काम की योजना बनाएंगे।

**सिंह:** आज जॉब में प्रमोशन मिलने की संभावना बन रही है। घर में मेहमान आ सकते हैं। शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षा में आपको सफलता मिल सकती है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। जॉब में उच्चाधिकारी काफी प्रसन्न रहेंगे।

**कन्या:** आज संतान के करियर और भविष्य को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे। स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर हो सकता है। प्रेम संबंधों में परेशानी का अनुभव होगा। क्रोध के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं। आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

**तुला:** आज कड़ी मेहनत का लाभ मिलेगा। घर का माहौल काफी अनुशासित रहने वाला है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करेंगे। आपके जनसंपर्क का दायरा मजबूत होगा। विद्यार्थियों को करियर में बेहतरीन परिणाम मिलेंगे।

**वृश्चिक:** आज बुरी संगत से आपको बचना चाहिए। सोच-विचार में ज्यादा समय व्यर्थ न गंवाएं। बेवजह के खर्चों से आपको बचना चाहिए। गुस्से के बजाय शांतिपूर्वक कार्य करें। कार्यक्षेत्र में आपको कठिनाई होगी। जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**धनु:** आज आपकी दिनचर्या काफी अनुशासित रहने वाली है। व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ने वाली है। लोग आपके विचारों को काफी महत्व देंगे। मित्र आपकी काफी मदद करेंगे।

**मकर:** आज अनुसंधान पूर्ण कार्यों में आप रुचि लेंगे। दुष्ट प्रवृत्ति के लोग आपको नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। जोखिम भरे कार्यों से दूरी बनाकर रखें। आप कार्यक्षेत्र में काफी सक्रिय रहेंगे, लेकिन आपके कार्य बाधा के साथ पूर्ण होंगे।

**कुंभ:** आज का दिन नौकरीपेशा लोगों के लिए काफी रोमांचक रहने वाला है। जीवनसाथी का सहयोग आपको आह्लादित करेगा। धार्मिक गतिविधियों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। आपको आत्मिक सुख की अनुभूति होगी।

**मीन:** आज दिन की शुरुआत नकारात्मक हो सकती है। व्यापार में बड़ा प्रयोग करने से बचना चाहिए। परिजनों के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। नया कार्य शुरू करने में कठिनाइयां हो सकती है। विरोधियों के सामने आपको सावधान रहना चाहिए।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
अल्ला रक्खा — सुबह : 09 .00
डबल धमाल — शाम : 06 .18

**&pictures**
अंतिम — दोपहर : 12 .09
सैम बहादुर — रात : 08 .59

**Sony Pix**
वेनम — सुबह : 10 .05
जस्टिस लीग — रात : 08 .27

**Zee Cinema**
कोई...मिल गया — सुबह : 10 .40
काकुड़ा — रात : 08 .00

**Zee Action**
परदेसी — सुबह : 11 .27
वीरा द पावर — रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात :08 .59 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- दिन भर सोती रहती हो।
पत्नी- अब मैं आराम भी न करूं?
पति- उठो, चाय बना दो जल्दी से
पत्नी - खुद बना लो न,
पति- मेरे सर में तेज दर्द है।
पत्नी - हां, तो मेरे भी गले में दर्द है।
पति- ठीक है तुम मेरा सर दबा दो और मैं तुम्हारा गला दबा देता हूं।

मैडम कक्षा में पूछती हैं- बच्चे बताओ, अगर मैं एक पक्षी होती तो मैं क्या होती?
एक छात्र जवाब देता है-मैडम आप तोता होंती।
मैडम- बहुत अच्छा! और तुम कैसे जानते हो?
छात्र- क्योंकि आप हमेशा बातें दोहराती रहती हैं।
छात्र की बात सुनकर मैडम का माथा ही घूम गया।

विद्या मित्रं प्रवासेषु, भार्या मित्रं गृहेषु च।
व्याधितस्यौषधं मित्रं, धर्मो मित्रं मृतस्य च॥

विदेश में ज्ञान, घर में अच्छे स्वभाव और गुणस्वरूप पत्नी, औषध रोगी का तथा धर्म मृतक का सबसे बड़ा मित्र होता है।


## संपादकीय

# बाधाओं के बावजूद

पिछले कुछ वर्षों में विश्व अर्थव्यवस्था अभूतपूर्व झटकों से गुजरी है। वैश्विक सैन्य संघर्षों ने आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित किया है, जिससे ऊर्जा और खाद्य कीमतों में वृद्धि हुई है। सामरिक बाधाएं सामने आई हैं। इसके बावजूद वर्ष 2021 से भारत स्थिर व्यापक आर्थिक वातावरण के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारत द्वारा अनुभव की गई सात प्रतिशत से अधिक की औसत वृद्धि वैश्विक औसत से दोगुनी से भी अधिक है। हाल के दशक में भारत का महत्वपूर्ण आर्थिक प्रदर्शन पांच वर्षों में उसके 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था तक पहुंचने में साफ नजर आता है। शुक्रवार को कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' के आधार पर लगातार निर्णय कर देश को आगे बढ़ा रहे हैं, हम लगातार सुधारों को आगे बढ़ाने को प्रतिबद्ध हैं। महत्वपूर्ण है कि आज भारत दुनिया के निवेशकों के लिए आकर्षक स्थल है, इसका कारण पिछले 10 साल में किए गए सुधार हैं। राजग सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले तीन महीनों में 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश से जुड़े फैसले लिए गए हैं।

वास्तव में भारत मजबूत बुनियाद के आधार पर सतत रूप से उच्च वृद्धि के रास्ते शीर्ष पर बने रहने के लिए मेहनत कर रहा है। सरकार द्वारा किए गए संरचनात्मक सुधारों से आने वाले दशकों में आम आदमी के जीवन स्तर में वृद्धि होने की उम्मीद है। विकसित राष्ट्र बनने के लिए संरचनात्मक सुधार जारी रहें, इसके लिए सरकार को सुनिश्चित करना होगा कि वित्तीय प्रणाली स्वस्थ बनी रहे और चक्र लंबे समय तक चले। समावेशी विकास, जिम्मेदार डिजिटल प्रौद्योगिकी अपनाने तथा वैश्विक दक्षिण की आवाज़ को बढ़ाने पर भारत की प्रतिबद्धता 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की इसकी आकांक्षा को रेखांकित करती है, जिसे कई लोग भारतीय युग कह रहे हैं। ऐसे में भारतीय अर्थव्यवस्था किस प्रकार अधिक नियमित नौकरियां पैदा कर सकती है। हालांकि सरकार का नौकरियां, कौशल, सतत विकास और निरंतर तेजी से विस्तार पर विशेष ध्यान है। वैश्विक एजेंसियों ने भारत के लिए सात प्रतिशत से अधिक की विकास दर का अनुमान लगाया है। सरकार को इससे भी बेहतर प्रदर्शन का भरोसा है। स्थानीय विनिर्माण के लिए पीएलआई योजनाओं के तहत भारत को 1.25 लाख करोड़ रुपये का निवेश मिला। बहुत जल्द पांच सेमीकंडक्टर संयंत्र दुनिया भर में मेड इन इंडिया चिप्स की आपूर्ति करेंगे। साफ है कि वैश्विक दक्षिण के देशों के बीच सेतु-निर्माता के रूप में भारत की भूमिका अहम है।

# प्राचीन दर्शन और क्वांटम भौतिकी की निष्पत्ति में द्वंद्व एवं साम्य



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

नोबल पुरस्कार से सम्मानित हंगेरियन भौतिकशास्त्री यूजीन विग्नर का प्रसिद्ध कथन है-'प्रमुख बात यह है कि हमारी चेतना और विचार प्रक्रिया मूलभूत अवधारणाएं हैं। दरअसल बाह्य जगत हमारी चेतना का धारित है और इसलिए (उसे समझने में) चेतना (की भूमिका) को नकारा नहीं जा सकता।' यह कथन शंकर दर्शन के कितना निकट है।

नोबल पुरस्कार से सम्मानित डेनमार्क के भौतिकशास्त्री नील्स बोहर का एक चुटकुला-नुमा कथन प्रसिद्ध है-'अगर कोई व्यक्ति कहता है कि उसके दिमाग में चक्कर आए बिना वह क्वांटम भौतिकी के बारे में सोच सकता है तो इससे यही जाहिर होता है कि उसने इसका कुछ भी नहीं समझा। तो उपाय क्या है? इस संदर्भ में ब्रिटिश अमेरिकन भौतिकशास्त्री और गणितज्ञ फ्रीमैन डाइसन की एक अर्थगर्भित उक्ति है-'किसी न किसी रूप में ब्रह्मांड को पता रहा होगा कि हम (मनुष्य गण) आने वाले हैं।" मतलब तो यही हुआ कि ब्रह्मांड की रचना इस तरह हुई है कि उसे मनुष्य और केवल मनुष्य समझ सकता है। दूसरे शब्दों में ब्रह्मांड अपनी रचना और प्रकृति में मानव केंद्रित है, उसके पीछे एक प्रबुद्ध योजना है।

नोबल पुरस्कार से सम्मानित हंगेरियन भौतिकशास्त्री यूजीन विग्नर का प्रसिद्ध कथन है-'प्रमुख बात यह है कि हमारी चेतना और विचार प्रक्रिया मूलभूत अवधारणाएं हैं। दरअसल बाह्य जगत हमारी चेतना का धारित है और इसलिए (उसे समझने में) चेतना (की भूमिका) को नकारा नहीं जा सकता।' यह कथन शंकर दर्शन के कितना निकट है। अमेरिकन भौतिकशास्त्री ओक जॉन ह्वीलर ने क्वांटम यांत्रिकी के विस्तृत अध्ययन के बाद कहा था, 'यह अकाट्य है कि प्रेक्षक उत्पत्ति (की प्रक्रिया) का सहभागी होता है। क्वांटम यांत्रिकी इसका प्रमाण है कि वास्तविकता की किसी भी उपयोगी अवधारणा को परिभाषित करने में हमें प्रेक्षक की अपरिहार्य भूमिका को ध्यान में रखना होता है।' नोबल पुरस्कार से सम्मानित ब्रिटिश भौतिकशास्त्री, गणितज्ञ और विज्ञान दार्शनिक रोजर पेनरोज ने मानव मस्तिष्क की संरचना के बारे में एक अति महत्वपूर्ण निष्कर्ष दिया। उनके अनुसार मानव मस्तिष्क की सर्वोत्कृष्ट परतों में क्वांटम-संसक्त अवस्था चिपकी हुई है। एक खास तरह की क्वांटम-संसक्ति बड़े स्तर पर मस्तिष्क के काफी हिस्सों में काम करती है।

इलेक्ट्रॉन में विद्युत चुंबकीय विकरण को आत्मसात और विकीर्ण करने की प्रक्रिया निरंतर नहीं चलती, यह अविभाज्य ऊर्जा खंडों (क्वांटा) में होती है, जिसे क्वांटम उछाल कहते हैं। इसी के समांतर निंद्रा में जाने से ठीक पहले का क्षण हमें कभी याद नहीं आता। तो हमारी चेतना में भी क्वांटम उछाल का तत्व उसी तरह काम करता है जैसे परमाणु के भीतर इलेक्ट्रॉन में। वस्तुतः क्वांटम सिद्धांत के विकास ने हमारे अकादमिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण में आमूल परिवर्तन ला दिया है। क्वांटम प्रयोगों में प्रयोगकर्ता की चेतना समान रूप से संभाव्य समांतर परिणामों में से किसी एक के चयन को प्रभावित करती है। इस तरह प्रेक्षक और प्रेक्षित बुनियादी स्तर पर जुड़ जाते हैं और उनमें सहभागिता का संबंध बन जाता है। चेतन मनुष्य क्या है?

> क्वांटम सिद्धांत के संदर्भ में नौ प्राचीन भारतीय दर्शनों में कपिल के निरीश्वर सांख्य और शंकर के अद्वैत वेदांत को एक साथ क्यों चुना गया? दोनों ही दर्शन किसी भी तरह के अतर्क्यवाद और मतांधता से मुक्त हैं, संसार को तथ्यात्मक मानते हैं, मानव-चेतना से पृथक किसी सर्वशक्तिमान, मानव तुल्य ईश्वर की सत्ता स्वीकार नहीं करते।

इस ब्रह्मांड (जड़+चेतन+रिक्त आकाश) का एक अविभाज्य अंश? किंतु एक अनूठा और अनन्य अंश। मानव चेतना का एक अंतर्निहित गुण यह है कि उसमें जानने की अपरिमित एषणा अंतर्निहित है। वह स्वयं को और विश्व के हर अज्ञात को जान लेना चाहती है। यह पदार्थ से उद्भूत होने का गुण तो नहीं हुआ। पदार्थ से उत्पन्न चेतना में शरीर के भरण-पोषण और आराम-ऐश्वर्य की जैविक चाहत से परे ज्ञान के लिए ज्ञान की पिपासा क्यों होगी? फिर क्वांटम सिद्धांत के अनुसार मनुष्य का हर अवयव, उसके शरीर की हर कोशिका उन्हीं सूक्ष्म कणों से निर्मित हैं, जो ऊर्जा के क्वांटम क्षेत्र की उपज हैं और वह क्वांटम क्षेत्र ब्रह्मांड के एकीकृत क्वांटम क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। उसमें ऊर्जा एवं कण के गुण एक साथ हैं और वह निरंतर गतिशील है तथा ब्रह्मांड के एकीकृत क्वांटम क्षेत्र का सर्वस्व उसमें मौजूद है। यथा पिंडे तथा ब्रह्मांडे (चरक संहिता)।

इसके अतिरिक्त मानव चेतना के गुणों और संभावनाओं में काफी हद तक एकरूपता के बावजूद हर मनुष्य की चेतना अन्य सभी मनुष्यों की चेतना से किसी न किसी अर्थ में भिन्न होती है, वैसे ही जैसे उसका रूपाकार अन्य मनुष्यों के रूपाकार से किसी न किसी अर्थ में भिन्न होता है। कारण, उसकी हर कोशिका में उसका खास जीन-समुच्चय मौजूद होता है जिसे लेकर वह पैदा होता है और जो मृत्यु पर्यंत उसे परिचालित करता है। जीनोम क्या है, क्या वह महज पदार्थ है? नहीं, जीनोम वह खाका है, जो मानव शरीर और मानव चेतना के विकास को एक खास अनुपात में बनाए रखते हुए उसकी मूलभूत क्रियाओं और भौतिक अस्तित्व को नियमित संचालित करता है। अपने भिन्न-भिन्न जीनोम के साथ हम सभी क्वांटम क्षेत्र की मारफत ब्रह्मांड से और उसके चलते परस्पर भी जुड़े हुए हैं और शंकर के अद्वैतवाद का निहितार्थ भी यही है।

क्वांटम सिद्धांत के संदर्भ में नौ प्राचीन भारतीय दर्शनों में कपिल के निरीश्वर सांख्य और शंकर के अद्वैत वेदांत को एक साथ क्यों चुना गया? दोनों ही दर्शन किसी भी तरह के अतर्क्यवाद और मतांधता से मुक्त हैं, संसार को तथ्यात्मक मानते हैं, मानव-चेतना से पृथक किसी सर्वशक्तिमान, मानव तुल्य ईश्वर की सत्ता स्वीकार नहीं करते। ऐसा ईश्वर जो मनुष्य की भांति अभ्यर्थना से खुश होकर पुरस्कृत करता है और विमुखता से रुष्ट होकर दंड देता है, दोनों के लिए अनजान है। कपिल और शंकर दोनों ही अवतारों-सहित देवी-देवताओं, स्वर्ग-नर्क की अवधारणाओं पर आधृत नहीं हैं। पूजा-पाठ, विधि-विधान से निरपेक्ष हैं। मनुष्य को अपनी मुक्ति का मार्ग स्वयं चुनना और स्वयं उस पर चलना है। क्वांटम भौतिकी के कई वैज्ञानिकों की तरह दोनों मानव-चेतना को वास्तविक और बुनियादी सत्ता मानते हैं, जो प्रकृत्या स्वतंत्र है, निर्णय लेती है और भौतिक पदार्थों के अवांछित प्रभाव से मुक्त होने की संभावना से संगर्भित है। मेरी अल्पमति में कपिल के सांख्य और शंकर के अद्वैत वेदांत में कोई तात्विक अंतर नहीं है। दोनों का मार्ग मानव चेतना के उन्नयन का मार्ग है। कपिल के दर्शन में इस मार्ग का लक्ष्य त्रिगुणमयी, जड़ प्रकृति के बंधन से मुक्त, शुद्ध चेतन पुरुष (मनुष्य) का अपने वास्तविक स्वरूप में अवस्थित होना या कैवल्य (एकत्व) प्राप्त करना है। शंकर में यह लक्ष्य आत्मस्वरूप का अवबोध है, जो विश्व स्वरूप भी है, जिसमें नानात्व की प्रतीति ख़त्म हो जाती है और एकमात्र वास्तविक सत्ता अद्वैत (ब्रह्म, जिसे कोई भी नाम, जैसे एक्स, दे सकते हैं) का बोध हो जाता है। वह वास्तविक सत्ता सर्वव्यापी है, अनादि और अनंत है-एकीकृत क्वांटम क्षेत्र की तरह। अकारण नहीं कि कपिल के सांख्य को निरीश्वर सांख्य और शंकर को प्रच्छन्न बौद्ध कहा गया। दोनों का साध्य आत्मबोध है, किंतु ऐसा आत्मबोध जो तर्क का अविरोधी है। बुद्धि और तर्क साध्य को इंगित करते हैं, किंतु साध्य की सिद्धि अवबोध से ही होती है। अवबोध का साधन मोटे तौर पर वही है, जो पतंजलि द्वारा निर्धारित अष्टांग योग का है-यम, नियम, आसन, प्राणायम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि (पातंजल योगसूत्र, 2:29)।

सवाल उठता है, क्या एक बार आत्मज्ञान और शुद्ध चेतन का बोध हो जाने के बाद मनुष्य उसी बोध में सतत कायम रह सकता है? कभी न कभी उसे कर्म जगत में उतरना ही पड़ेगा। शंकर के जीवन के बारे में विश्वनीय सामग्री न के बराबर है। उनका जीवनकाल और आयु भी निर्विवाद नहीं है। जनश्रुतियों के अनुसार उन्होंने महज 32 वर्ष की आयु पायी थी और प्रस्थानत्रयी के भाष्य के अलावा उन्होंने लोककल्याण की भावना से भारत के कोने-कोने में भ्रमण करते हुए चार पीठों की स्थापना की और चारधाम की यात्रा को प्रतिष्ठा दिलाई। स्व के विश्व में दिव्यांतरण के आदर्श के चलते अद्वैतवाद को सर्वोच्च नैतिकता का अकाट्य स्रोत माना जाता है, जिसमें वैश्विक कल्याण के लिए निष्काम भाव और शुद्ध अंतःकरण से सत्कर्म करने का सार्वभौम नैतिक मूल्य निहित है।

## प्रसंगवश

# आदमी की पहचान

पुलिस के उच्च स्तर के अधिकारी को न केवल अपने अधीनस्थ सहस्रों पुलिसजन को समुचित ढंग से मैनेज करना पड़ता है वरन प्रतिदिन संपर्क में आने वाले जनता के अनेक वर्ग, धर्म, चरित्र और मूड के व्यक्तियों, राजनेताओं, प्रेस वालों आदि को भी मैनेज करना पड़ता है। इनमें से अधिकतर के सहयोग के बिना अपराध नियंत्रण एवं शांति व्यवस्था के कार्य में सफलता प्राप्त नहीं की जा सकती है। इतने लोगों को भली-भांति मैनेज करने के लिए पुलिस अधिकारियों में आदमी को सही पहचानने का गुण होना अत्यंत उपयोगी होता है।

> भौतिक एवं आर्थिक प्रगति की सीढ़ियां चढ़ने के लिए भी दूसरों को मैनिपुलेट करने की कुशलता एवं उस हेतु वांछित हृदयहीनता आवश्यक होती है। नेताओं एवं दलालों में यह गुण प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। इसके लिए अपने संपर्क में आने वाले आदमी की दृढ़ता एवं दुर्बलता की सही पहचान कर लेना प्रथम आवश्यकता होती है।

हाथ की पांचों उंगलियां बराबर नहीं होती है-इसी प्रकार पुलिस अधिकारी भी एक से स्वभाव अथवा समान योग्यता वाले नहीं होते हैं। स्वयं मुझ में भी आदमी को पहचानने की योग्यता व आदत की कमी रही है। इसका मुख्य कारण यह है कि मेरा मानस किसी व्यक्ति को मैनिपुलेट करना उचित नहीं समझता था। अतः दूसरों को गहराई से समझने की चाह ही उत्पन्न नहीं होती थी। एक पुलिस अधिकारी के लिए यह एक प्रकार की गंभीर अयोग्यता थी। पचास वर्ष की अवस्था के उपरांत जब मैंने लेखन कार्य प्रारंभ किया, तब पात्रों के चरित्र का अध्ययन एवं मनन अपरिहार्य हो गया। तब से मेरे स्वभाव में भी आदमी को पहचानने की योग्यता कुछ-कुछ आ गई - परंतु 'सब कुछ लुटा के होश में आए, तो क्या किया?'



महेश चंद्र द्विवेदी
सेवानिवृत्त आईपीएस, लखनऊ

आदमी को पहचानने की प्रवृत्ति न होने के कारण अपने सेवाकाल के प्रारंभिक दिनों में मैं कान का कच्चा भी रहा था, जो व्यक्ति अपनी शिकायत लेकर मेरे पास पहले पहुंचता था मैं उसी को सही मानकर अन्य को प्रताड़ित करने लगता था। पर्याप्त अनुभव के उपरांत ही मैं अपनी इस कमजोरी को सुधार सका था। इसके अतिरिक्त मैंने प्रशिक्षण के दौरान एक अव्यावहारिक कोटेशन कहीं पढ़ लिया था-'पब्लिसिटी इज वल्गैरिटी', जो मेरे मानस में बैठ गया था। प्रारंभिक सेवा काल में वर्षों तक यह मेरी सोच को प्रभावित करता रहा था। इस कारण मैं जो कुछ सराहनीय कार्य करता था, उसका प्रचार करना तो दूर छिपाने का ऐसा प्रयत्न करता था जैसे कोई गुनाह छुपा रहा हूं। इससे मैंने अनेक अवसरों पर स्वयं अपने विषय में उच्च अधिकारियों में स्तरीय पहचान बनाने का अवसर खो दिया था। सौभाग्यवश वर्ष 1978 में जब मैं एसएसपी गोरखपुर नियुक्त था, तब मेरे डीआईजी आरपी माथुर ने मेरे इस अवगुण को पहचान कर मुझे समझाया था कि जब तक मैं अपने अच्छे कार्यों को स्वयं बताऊंगा नहीं और प्रेस आदि के माध्यम से प्रचारित नहीं करुंगा, तब तक किसको फुरसत है कि मेरे द्वारा किए जाने वाले प्रशंसनीय कार्यों के विषय में जाने। उनकी इस सलाह के बाद मैं प्रेस को अपने अच्छे कार्यों को बताने लगा था। वर्ष 1991 में मैंने जब से लेखन कार्य प्रारंभ किया, तब से मेरी दृष्टि अपने व अपने कलीग्स के कार्यों व उपलब्धियों की तुलना करने लगी। तब मैंने पाया कि अनेक अधिकारी ऊंचे कार्य करने के बजाय ऊंची-ऊंची हांककर दूसरों की नजरों में ऊंचाइयां प्राप्त कर लेते हैं।

भौतिक एवं आर्थिक प्रगति की सीढ़ियां चढ़ने के लिए भी दूसरों को मैनिपुलेट करने की कुशलता एवं उस हेतु वांछित हृदयहीनता आवश्यक होती है। नेताओं एवं दलालों में यह गुण प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। इसके लिए अपने संपर्क में आने वाले आदमी की दृढ़ता एवं दुर्बलता की सही पहचान कर लेना प्रथम आवश्यकता होती है। आजकल सचिवालय में चक्कर लगाने वाले अनेक चापलूस, ज्योतिषी, तांत्रिक, छद्म-विद्वान आदि सफलतापूर्वक दलाली का काम करते रहते हैं। ये लोग मंत्रियों और अधिकारियों की व्यक्तिगत कमजोरियों एवं अंधविश्वासों को ज्ञात कर उनको भरपूर मैनिपुलेट करते रहते हैं। अपने अनुभव से मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि पुलिस एवं प्रशासकीय सेवाओं के अधिकारियों के प्रशिक्षण पठ्यक्रम में 'आदमी की पहचान' का अध्याय जोड़ा जाना चाहिए।

# बदले नए कानूनों से त्वरित न्याय की आशा



आलोक तिवारी
लखनऊ

गत 1 जुलाई से लागू हुए नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलने का एक प्रयास हैं, जिनका उद्देश्य औपनिवेशिक युग से चले आ रहे पुराने कानूनों को समाप्त कर, न्यायिक व्यवस्था को भारतीय परिप्रेक्ष्य में अधिक अनुकूल और न्यायपूर्ण बनाना है। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी 1860) के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता 2023, दंड प्रक्रिया संहिता के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के स्थान पर भारतीय साक्ष्य 2023 एक जुलाई से प्रभावी होंगे।

इन कानूनों का मूल उद्देश्य देश की न्याय प्रणाली को अधिक प्रभावी और पीड़ित केंद्रित बनाना है। दंड प्रक्रिया संहिता के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 लागू होने से न्यायिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और गति आएगी। गिरफ्तारी, जांच और मुकदमे की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करते हुए इसे आधुनिक तकनीक और फॉरेंसिक विज्ञान के साथ जोड़ा गया है, ताकि साक्ष्य संग्रह और जांच प्रक्रिया अधिक सटीक हो सके। भारतीय न्याय संहिता में यह तय होगा कि कौन सा कृत्य अपराध है और उसके लिए क्या सजा होगी। आईपीसी कानून में 511 धाराएं थीं जबकि नए बीएनएस में 358 धाराएं होंगी। नए कानून में 21 नए अपराधों को भी सम्मलित किया गया है।

सीआरपीसी में 484 धाराएं थीं, जबकि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में 531 धाराएं होंगी। नए कानून में पुरानी सीआरपीसी की 177 धाराओं को बदला गया है और 9 नई धाराएं जोड़ी गई हैं। नए कानून को लाते हुए 14 धाराएं समाप्त भी गई हैं। गिरफ्तारी, जांच और मुकदमा चलाने आदि की प्रक्रिया सीआरपीसी में होती है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत 170 धाराएं होंगी, जबकि अभी तक इसमें 166 धाराएं हैं। मुकदमे के सबूतों को कैसे साबित किया जाएगा, बयान कैसे दर्ज होंगे, यह सब अब भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत 170 धाराओं के तहत ही होगा। नए कानून लाने में 24 धाराओं में बदलाव किया गया है और दो नई धाराएं भी साक्ष्य अधधिनियम में जोड़ी गई हैं। नए कानून में पुरानी 6 धाराओं को समाप्त भी किया गया है।

> सीआरपीसी में 484 धाराएं थीं, जबकि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में 531 धाराएं होंगी। नए कानून में पुरानी सीआरपीसी की 177 धाराओं को बदला गया है और 9 नई धाराएं जोड़ी गई हैं।

महिलाओं के प्रति अपराधों में सख्त प्रावधानों को शामिल कर, सरकार ने लैंगिक न्याय की दिशा में ठोस कदम उठाया है। साथ ही जीरो एफआईआर को किसी भी पुलिस स्टेशन पर दर्ज करने हेतु बल दिया गया है। हालांकि पहले भी जीरो एफआईआर का अस्तित्व था, परंतु यह पुलिस अधिकारियों के विवेक पर निर्भर था और समय-समय पर न्यायालयों के निर्देशों पर क्रियान्वित किया जाता था। परंतु इस बार इसे आवश्यक बना दिया है और सीमा विवाद को खत्म करते हुए पीड़ित की प्राथमिकी दर्ज करने के कानून बनाए हैं और उसे मामले से संबंधित पुलिस स्टेशन भेजने का प्रावधान किया है। महिलाओं के प्रति विशेष अपराधों जैसे बलात्कार एवं शारीरिक शोषण जैसे अपराधों में महिला पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने का निर्देश है। साथ ही यौन उत्पीड़न के मामले में पीड़िता के बयान की वीडियो रिकॉर्डिंग करने के प्रावधान किए है।

नए कानून का एक नया प्रावधान कहता है कि बलात्कार के मामलों में कोर्ट में चल रही अदालती कार्यवाही के संबंध में कोर्ट कि अनुमति के बिना जो कुछ भी प्रकाशित करेगा, उसे जुर्माने के अतिरिक्त दो वर्ष तक के कारावास की सजा मिल सकती है। आतंकवाद, मॉब लिंचिग और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने वाले अपराधों के लिए सजा को और सख्त बनाया गया। राजद्रोह को अब अपराध नहीं माना जाएगा। नए कानून की धारा 150 के तहत एक नया अपराध देशद्रोह जोड़ा गया है। इसके तहत भारत से अलग होने, पृथकतावादी भावना रखने या भारत की एकता एवं संप्रभुता को खतरा पहुंचाने को अपराध बताया गया है। यह देशद्रोह का अपराध होगा।


भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 217 का प्रावधान आम नागरिकों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, इसमें कहा गया है कि यदि कोई व्यक्ति पब्लिक सर्वेंट/सरकारी लोक सेवक को जानबूझकर अपने बारे में या किसी दूसरे संबंध में गलत जानकारी देता है और उसका उद्देश्य उस सेवक को गलत निर्णय लेने या अनुचित कार्य करने के लिए प्रेरित करना होता है तो इसे अपराध माना जाएगा। सरकार इन कानूनों के द्वारा त्वरित न्याय की आशा दिखा रही है और हमें इसे सकारात्मक रूप से लेना चाहिए।

## सोशल फोरम

# आखिर डीएम भी तो यही चाहते हैं

पत्नी भले ही इसी जीवन में नरक की अनुभूति करवाने में दक्षता रखती है, लेकिन उसके बिना तो लौकिक जीवन में कोई रस भी नहीं है अर्थात मृत्यु लोक, स्वर्ग या नर्क का आनंद भी धर्मपत्नी के ही सौजन्य से है। शारदीय नवरात्रों में पत्नी व्रत रख लेती है।

संयोगवश पहले दिन से ही बोट हाउस क्लब में ब्रिज टूर्नामेंट भी शुरू हो रहा था। पहले भी लिखा है कि नैनीताल का मेरे जीवन में बहुत ही रोचक महत्व रहा है। विवाह इसी शहर में पोस्टिंग के दौरान हुआ। ब्रिज खेलने का शौक भी इसी शहर की देन है। उप्र के समय में नैनीताल वीआईपी शहर था और सेवा काल का सबसे बड़ा लाठीचार्ज इसी शांत शहर में करवाना पड़ा। एक सीनियर ने अनावश्यक गोली चलवा दी तो जांच का सामना करना पड़ा था, लेकिन इस कांड का लाभ यह हो गया कि राजधानी लखनऊ तक प्रसिद्धि हो गई कि पाठक बात बाद में करता है और गोली पहले मारता है। परिणाम यह कि उप्र के संवेदनशील जनपदों में अपनी पोस्टिंग होती रही। आखिर डीएम भी तो चाहते ही हैं कि उनके साथ काम करने वाला एडीएम ला एंड आर्डर में दमदार हो। हालांकि मुझे डीएम रहते भी यह सख्ती का रोल भी खुद ही निभाना पड़ा। यहां आने के लिए पत्नी को नैनादेवी के दर्शन का लालीपाप दिखा दिया था।



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

वह तीन-चार घंटे शहर भ्रमण कर माता के दरबार में शीश नवा आई और बंदा पांच घंटे ब्रिज टूर्नामेंट में सिर घुसाकर बैठा रहा। चूंकि उनको नगर भ्रमण का आनंद प्राप्त हो गया था सो परिणाम स्वरूप रात्रि भी सुकून से व्यतीत हो गई। एक गिलास पहाड़ी स्टाइल की कड़क चाय पीने नैनीताल क्लब से नीचे उतरा और फिर टूर्नामेंट में जुट गया। अपनी टीम में छह बंदों में केवल एक ही ऐसा है, जो इस टूर्नामेंट को सीरियसली लेना पसंद करता है। बाकी हम पांच तो मस्ती में खेलते हैं। चैंपियनशिप के लिए तो अन्य बहुत टीमें जोर लगाने में जुटी हैं।

-फेसबुक वॉल से

# देवी पूजा का इतिहास



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

आचार्य कुबेरनाथ राय ने देवी पूजा को केंद्र में रखकर तीन महत्वपूर्ण शोध निबंध लिखे थे, जो गुलजारीलाल नंदा के मानव धर्म मिशन के पत्र नवजीवन पथ में प्रकाशित हुए। उन्होंने देवी पूजा के विकास को पांच सोपानों में देखा है। गणों और कबीलों की स्थानीय मातृकाएं, एक आदिम मातृका, मातृका का दार्शनिक रूपांतर (त्रिपुर सुंदरी), रहस्यवादी रूप कुंडलिनी, प्रज्ञापारमिता, ह्लादिनी आदि।

> कबीलों के जमाने में स्थानीय मातृ देवियों की जो परंपरा थी, वह आज भी लोकजीवन में मौजूद है। सिंधुघाटी में जो एक मातृका रूप है, वह उसके आगे का विकास है।

आधुनिक मनोविज्ञान द्वारा उद्घाटित मातृका के मूलगत संस्कार बिंब, जो लोकचित्त का नियमन कर रहे हैं। उन्होंने विंध्याचल के परिवेश का अध्ययन किया और बतलाया है कि पर्वत पर स्थित अष्टभुजा का मंदिर आभीरकुल की देवी है। (यशोदागर्भ-संभवा के रूप में सप्तशती में इसका उल्लेख है) कालीखोह का मंदिर निषाद-कुल का है, जहां आज भी पुरोहित निषाद ही है, ब्राह्मण नहीं। आचार्य कुबेरनाथ राय कहते हैं कि विंध्यारण्य किसी जमाने में महिषारण्य था।

आदिम निषादों ने ही जंगली महिष को पालतू बनाया और उसका दूध दुहा था। उनका कथन है कि आदिम निषाद ने कहीं महिष को मित्रभाव से देखा है तो कहीं शत्रुभाव में असुर रूप में। चंडी मूलतः शिकार की देवी है। उनकी मान्यता है कि महिषासुर मर्दिनी की परिकल्पना इसी आदिम निषाद की देन है। उन्होंने महाराष्ट्र के कुछ गड़रिये-कबीलों में देवीपूजा का उदाहरण दिया है, जिसमें मातृकाएं महिष की पत्नियां हैं। जैसे जोगुबाई का पति है- म्हतोबा। यह महिष देवता है। भारत में देवी पूजा का बहुत प्राचीन इतिहास है। लोक परंपरा में भी और वेद परंपरा में भी। अनेक अध्येताओं ने देवीपूजा के इतिहास में समाज के विकास के सोपानों की पहचान की है। देवीप्रसाद चट्टोपाध्याय ने अंग्रेजी में एक पुस्तक लिखी थी- लोकायत, उसमें एक निबंध का शीर्षक है- गौरी। उन्होंने लोक परंपरा में देवीपूजा का क्रम विकास सभ्यता के तीन चरणों प्रस्तुत किया है -मृगया-जीवी, गोचारण और कृषिजीवी। उनका मत है कि चंडी की परिकल्पना मृगयाजीवी संस्कृति की परिकल्पना है। जबकि महिषासुरमर्दिनी की परिकल्पना गोप संस्कृति की परिकल्पना है। महीमाता और अन्नपूर्णा कृषि से संबंधित है। देवीप्रसाद चट्टोपाध्याय की मान्यता है कि कबीला मनोभूमि में नारी सत्ता या मातृसत्ता का प्राधान्य होता है। वे कहते हैं कि गौरी कृषि की देवी हैं। शस्यपार्वती। वे मानते हैं कि नारी-देवता या देवियां अपने मूल रूप में कबीलों की देन हैं। उन्होंने बीली, मग्गा, डोम, गदवा, ओक्काल, गोल्ला, हाड़ी, हल्लीकर, हेलवा, इडिगा आदि देवियों के नाम भी उद्धृत किए हैं।



कबीलों के जमाने में स्थानीय मातृ देवियों की जो परंपरा थी, वह आज भी लोकजीवन में मौजूद है। सिंधुघाटी में जो एक मातृका रूप है, वह उसके आगे का विकास है। पार्वती और सती की गाथा का जैसा दार्शनिक रूपांतरण हुआ-महात्रिपुर सुंदरी : त्रैपुर सिद्धांत। कुंडलिनी और प्रज्ञापारमिता के रूप में मातृ उपासना का रहस्यवादी रूप विकसित हुआ, जिसकी परंपरा प्राग्वैदिक तंत्र में और आगे योग, वज्रयान, कौलाचार और सहजयान में भी देखी जा सकती है।

# तेजी से बढ़ती डिजिटल ठगी

भारत में साइबर ठगी बहुत आम हो चली है। नायाब तरीके ढूंढ ठग लोगों को चूना लगा रहे हैं। क्या आम और क्या खास। कोई भी इससे अछूता नहीं रहा। हाल में आगरा में डिजिटल अरेस्ट में एक शिक्षिका की जान जाने की खबर सामने आई है, जो बहुत ही दुखद है।

एक व्यापारी को ठगे जाने का मामला काफी हैरान कर देने वाला है। वर्धमान ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर और पद्म भूषण से सम्मानित बिजनेसमैन ओसवाल से करीब सात करोड़ रुपये ठग लिए गए। दरअसल वर्धमान समूह के चेयरमैन और पंजाब के प्रसिद्ध उद्योगपति ओसवाल से करीब 7 करोड़ रुपये की ठगी की गई। ठगों ने उन्हें सुप्रीम कोर्ट की एक नकली ऑनलाइन सुनवाई में बुलाया और जेल भेजने की धमकी देकर उनसे यह रकम ट्रांसफर करवा ली। इस तरह की ठगी को 'डिजिटल अरेस्ट' कहा जाता है। डिजिटल अरेस्ट जैसे साइबर क्राइम का शिकार हुए ओसवाल इकलौते नहीं है। इस तरह की ठगी का शिकार बनाने की कोशिश कवि नरेश सक्सेना के साथ भी हो चुकी है। भारत सरकार ने मई में चेतावनी जारी की थी कि डिजिटल अरेस्ट मामले तेजी से बढ़ रहे हैं।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

साइबर क्राइम का शिकार कोई भी हो सकता है, क्योंकि सुरक्षा के कमजोर उपायों के चलते मोबाइल के एक क्लिक से साझा हो रही आपकी निजी जानकारी जैसे नाम, नंबर, पैन और बैंक अकाउंट की डिटेल्स आसानी से कोई भी देख सकता है। डिजिटल अरेस्ट के अधिकांश मामलों में पीड़ित लोगों की प्रोफाइलिंग करने पर यह पता चला है कि अधिकांश बुजुर्ग, डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर और रिटायर सरकारी अधिकारी जैसे लोग डिजिटल अरेस्ट से साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं। सरकार को इस तरह के मामलों में और ज्यादा तेजी दिखानी होगी साथ ही जनता में सामाजिक जागरूकता की भी ज्यादा जरूरत है।

## एक नजर

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समाधान दिवस आज

**उन्नाव।** जिले की सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार सुबह 10 से 2 बजे तक किया जायेगा। वहीं जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में बांगरमऊ तहसील में होगा। जिले के लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत है तो वे संबंधित तहसील में पहुंचकर अधिकारियों को प्रार्थनापत्र देकर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### हाईवे किनारे काम कर रहे मजदूर के सिर पर गिरा पत्थर

**बांगरमऊ।** कानपुर देहात के थाना सिकंदरा अंतर्गत गांव खोजाफुल निवासी योगेश (28) मुजावर थानाक्षेत्र में गांव गौरिया कला के पास एक्सप्रेस-वे की ढलान पर काम कर रहा था। तभी एक्सप्रेस-वे के ऊपर से अचानक एक पत्थर लुढ़ककर योगेश के सिर पर आ गिरा। जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट लग गई। साथी उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सक ने उसे गंभीर देख रेफर कर दिया।

### घास काटते समय मजदूर घायल, रेफर

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव छतरापुर निवासी वीरेंद्र (40) कटाई मशीन से लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर डिवाइडर के बीच उगी घास छांट रहा था। तभी शुक्रवार को गांव गौरिया कला के सामने मशीन से घास की छंटाई करते समय अचानक मशीन की आरी उसके पैर में लग गई। जिससे वह गंभीर घायल हो गया।

### रोजगार सेवकों ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**उन्नाव।** जिले के विभिन्न विकासखंडों से आये रोजगार सेवकों ने निराला प्रेक्षागृह में एकत्र होकर मुख्यमंत्री को संबोधित 10 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राय को सौंपा। ज्ञापन में नियमितीकरण, मानदेय बढोतरी, ईपीएफ, मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं से संबंधित मांगों को जल्द लागू करने की मांग की गई। मीडिया प्रमुख रामजी यादव ने बताया कि मांगे पूरी न होने पर प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश के सभी रोजगार सेवक लखनऊ में विशाल धरना देंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हरिकरन, राजेशवीर, गौतम कुमार, गोविंद शंकर, रणवीर यादव, सर्वेश कुमार, अवधेश यादव, बलकेश, राहुल सिंह, अमृतलाल, सुलेमान खां, रणवीर आदि मौजूद रहे।

### जमीन में गहराई तक नहीं जा सकीं खजूर की जड़ें ,जिस वजह से गिर रहे हैं

# जेबें तो भर गईं 'हुजूर' पर सूख कर गिरने लगे लाखों के 'खजूर'

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** शहर को खूबसूरत बनाने की मंशा से फोरलेन के डिवाइडर पर लाखों की लागत से खजूर के पेड़ लगाने के दौरान नगर पालिका के जिम्मेदार यह भूल गए कि भ्रष्टाचार में लिपटे इन खजूर की जड़ें अधिक गहरी नहीं हैं और यह कभी भी धराशायी हो सकते हैं। और हुआ भी यही, कुछ ही दिनों में लाखों रुपये के खजूर भ्रष्टाचार की जमीन छोड़कर उखड़ने लगे हैं। अब इसे लेकर जिम्मेदार तरह-तरह की बातें बताते हुए ठेकेदार पर इसका ठीकरा फोड़ रहे हैं।

नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत गांधी नगर तिराहे से अकरमपुर तक उन्नाव-शुक्लागंज फोरलेन पर बने डिवाइडर पर पालिका द्वारा कुछ समय पहले लाखों की लागत से खजूर के करीब 400 पेड़ लगवाए गए थे। इस रोड के नीचे ब्रितानी हुकूमत में बनी रोड के अवशेष होने से इन पड़ों को अधिक गहराई तक गड्ढा खोदकर नहीं लगाया जा सका है। जिससे यह पेड़ अभी से सूखकर गिरने लगे हैं। जो मार्ग पर आवागमन करने वाले वाहन सवारों की जान के लिये खतरा बनने के साथ इन्हें लगाने में पालिका के जिम्मेदारों द्वारा किये गए भ्रष्टाचार को भी उजागर कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि भ्रष्टाचार में लिप्त यह खजूर भले ही अधिक समय तक न चल सकें लेकिन, इन्हें लगवाने में पालिका के जिम्मेदारों की जेबें जरूर खूब भरी गई हैं।

हालांकि, इसे लेकर पालिका के जिम्मेदार इस पूरे मामले को लेकर संबंधित ठेकेदार पर ठीकरा फोड़ रहे हैं।


उन्नाव-शुक्लागंज फोरलेन स्थित डिवाइडर पर गिरा पड़ा खजूर का पेड़।

- नगर पालिका द्वारा डिवाइडर पर लगाए गए खजूर के पेड़ हो रहे धराशायी
- खजूर के पेड़ लगाने के नाम पर पालिका के जिम्मेदारों ने किया लाखों का खेल
- जिम्मेदार तरह-तरह की बातें बताते हुए ठेकेदार पर फोड़ रहे हैं इसका ठीकरा

#### करोड़ों की लागत से लगी लाइटें भी हुईं गुल

- फोरलेन पर बने डिवाइडर पर खजूर के पेड़ तो जमींदोज हो ही रहे हैं। इसके साथ ही इस डिवाइडर पर करोड़ों की लागत से लगाई गई लाइटें भी गुल हैं। जिससे पूरी रोड पर शाम होते ही अंधेरा पसर जाता है।

#### बोले जिम्मेदार

- नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्र भानू ने बताया कि उन्नाव-शुक्लागंज फोरलेन पर कहीं भी पेड़ गिरे नहीं हैं। जो पेड़ चले नहीं या किसी कारण से खराब हो गये हैं। उन्हें हटाकर नये पेड़ लगाये गये हैं। इन पेड़ों की देखरेख की दो साल तक की जिम्मेदारी संबंधित संस्था की है।

## लाइसेंस धारियों के जमा शस्त्र तुरंत लौटाएं

**गंजमुरादाबाद।** एसपी दीपक भूकर ने शुक्रवार को गांव फतेहपुर खालसा में जनसहयोग से नवनिर्मित पुलिस पिकेट भवन का उद्घाटन किया और साथ में निरीक्षण भी किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि कल्याणी नदी किनारे स्थित यह क्षेत्र बांगरमऊ कोतवाली और गंजमुरादाबाद पुलिस चौकी से समान दूरी पर है। स्थाई पिकेट भवन बनने से लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर होने वाले हादसों में घायल यात्रियों को जल्द अस्पताल पहुंचाने में मदद मिल सकेगी।

उद्घाटन के बाद एसपी थाना बेहटा मुजावर पहुंचे। जहां उन्होंने एसओ फूल सिंह को नवनिर्मित थाना भवन के आसपास सफाई रखने, टूटी फर्श को दुरुस्त कराने व संडीला मार्ग से थाना भवन तक का रास्ता सही करवाने के निर्देश दिये। वहीं, वहां लाइसेंस धारकों के जमा शस्त्र तुरंत उन्हें देने के निर्देश दिए। उद्घाटन और निरीक्षण के दौरान सीओ अरविंद कुमार, बांगरमऊ कोतवाल राजेश पाठक व एसओ बेहटा फूल सिंह मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### नाम बदलकर नौकरी पाने वाली शिक्षिका पर रिपोर्ट दर्ज

**बांगरमऊ उन्नाव।** उन्नाव शहर निवासी एक महिला ने क्षेत्र के गांव नेवल स्थित प्राथमिक विद्यालय में तैनात सहायक शिक्षिका पर नाम बदलकर सभी परीक्षाएं उत्तीर्ण करने का आरोप लगाया था। कोर्ट के आदेश पर शुक्रवार को कोतवाली पुलिस ने शिक्षिका के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। करीब एक वर्ष पूर्व उन्नाव शहर के मोहल्ला बंधूहार निवासी सविता ने बेसिक शिक्षा परिषद के उच्चाधिकारियों को भेजे शिकायतीपत्र में क्षेत्र के गांव नेवल स्थित प्राथमिक विद्यालय में तैनात सहायक शिक्षिका प्राची कटियार पर आरोप लगाया था कि उसने पहले रत्ना कटियार नाम से सभी शैक्षिक परीक्षाएं दीं। फिर मेरिट बढ़ाने की मंशा से उसने दोबारा प्राची कटियार के नाम से परीक्षाएं देकर वर्ष-2018 में आयोजित प्राथमिक शिक्षक भर्ती के जरिए शिक्षक पद पर तैनात हो गई। परिषद के उच्चाधिकारियों द्वारा शिक्षिका के विरुद्ध जांच हेतु एडीएम वित्त एवं राजस्व व एएसपी दक्षिणी व बेसिक शिक्षा अधिकारी की तीन सदस्यीय टीम गठित की गई थी। न्याय में देरी होते देख वादिनी ने अदालत का दरवाजा खटखटाया था। न्यायालय के आदेशानुसार शुक्रवार को कोतवाली पुलिस ने सहायक शिक्षिका, उसके पिता अशोक कटियार व मां राविंद्री निवासी गांव नसिरापुर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।


थाने का निरीक्षण करते एसपी दीपक भूकर। अमृत विचार

### एसपी को थाने में देख मातहतों का छूटा पसीना

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** एसपी दीपक भूकर शुकवार को फतेहपुर चौरासी थाने का औचक निरीक्षण करने पहुंचे तो वहां मौजूद पुलिस कर्मियों का पसीना छूट गया। एसपी ने 30 मिनिट के निरीक्षण में अभिलेखों, महिला हेल्प डेस्क, कम्प्यूटर कक्ष सहित सफाई व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। कुछ खामियां मिलने पर उन्होंने मातहतों की क्लास भी ली। फतेहपुर चौरासी थाना पहुंचे एसपी ने महिला हेल्प डेस्क में रखे रजिस्टर देखे। इनमें आई शिकायतों में हुई कार्रवाई का ब्योरा तलब किया। कम्प्यूटर कक्ष व शस्त्रागार में असलहों का रखरखाव देखा। अभिलेखों की पड़ताल के साथ लंबित विवेचनाओं का करंट स्टेसस जाना। थाना परिसर में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। एसओ ज्ञानेंद्र कुमार को लंबित विवेचनाओं, क्राइम कंट्रोल व छोटी-बड़ी शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण कर उनका समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। एसपी करीब 30 मिनट थाने में रहे।

### एसडीएम ने खाद्य तेल की दुकानों में की छापेमारी, भरे नमूने

**बांगरमऊ उन्नाव।** उपजिलाधिकारी ने खाद्य तेल की दुकानों पर शुक्रवार को अचानक छापेमारी की। छापेमारी की खबर फैलते ही खाद्य तेल व्यापारियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान दुकानों से खाद्य तेल के आठ सैंपल भरकर जांच के लिये प्रयोगशाला भेजे गए। एसडीएम नम्रता सिंह और तहसीलदार रामाश्रय के नेतृत्व में खाद्य विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को नगर के हरदोई मार्ग स्थित राधे-राधे ट्रेडर्स में औचक छापेमारी की। छापे की खबर फैलते ही नगर के खाद्य तेल विक्रेताओं में हड़कंप मच गया। खाद्य विभाग की टीम द्वारा दुकान से सोयाबीन व सरसों तेल के अलग-अलग 8 सैंपल भरे गए। टीम द्वारा सैंपल जांच के लिये विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजे गए। एसडीएम ने बताया कि छापेमारी का मुख्य उद्देश्य नगर में मिलावटी तेल के कारोबार पर अंकुश लगाना और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा सुनिश्चित करना है। बताया कि खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा खाद्य पदार्थों की गंभीरता से जांच की जा रही है। दोषी पाए जाने पर संबंधित व्यापारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।


छापेमारी के दौरान मौजूद अधिकारी।

## गोकशों को पकड़ने पर पुलिस को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** समाजसेवी संस्था नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक व हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी ने बीते दिनों शहर में हुई गोकशी की घटना में शामिल बदमाशों को पकड़ने पर पुलिस अफसरों का आभार जताया। संस्था ने एसपी, एएसपी व सीओ सिटी को उनके कार्यालय में जाकर सम्मानित किया।

बता दें कि बीते सप्ताह शहर के अनवार नगर मोहल्ले में एक खाली पड़े प्लाट की झाड़ियों में गोवंशों के अवशेष पड़े मिले थे। क्षेत्रीय लोगों की जानकारी पर नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक व भाजपा नेता विमल द्विवेदी सहित हिंदू जागरण मंच के जिला प्रभारी अजय द्विवेदी ने मौके पर पहुंचकर घटना में शामिल लोगों पर कार्रवाई की मांग सीओ सिटी से की थी। किला चौकी प्रभारी राजेश दीक्षित की तहरीर पर सदर कोतवाली में गोकशों पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने घटना में शामिल दो लोगों को गिरफ्तार करने के बाद सरगना को शहर के पीडी नगर में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया था। पुलिस की प्रभावी कार्रवाई पर संतोष जताते हुए विमल द्विवेदी व अन्य पदाधिकारियों ने एसपी दीपक भूकर, एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह व सीओ सिटी सोनम सिंह को उनके कार्यालय पहुंचकर अंगवस्त्र व गौमाता का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। विमल द्विवेदी में बताया कि गौकशी जैसे अपराध के विरुद्ध जिस तरह एसपी ने कार्रवाई की है। इसे लेकर ही पुलिस अफसरों को सम्मानित किया गया है।


एसपी दीपक भूकर को सम्मानित करते विमल द्विवेदी। अमृत विचार

## सास के जेवर चोरी कर बहू खुद दर्ज करा दी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बारासगवर थानाक्षेत्र के गांव धानीखेड़ा में एक घर में हुई 12 लाख के जेवरों की चोरी का पुलिस ने खुलासा किया है। इसमें सामने आया है कि घर की बहू ने ही पुरुष मित्र के सहयोग से सास और अपने जेवर चोरी कर लिये थे। पुलिस ने दोनों को जेल भेजा है।

बीती एक अक्टूबर को बारासगवर थानाक्षेत्र के गांव धानीखेड़ा निवासी नेहा गुप्ता पत्नी गौरव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि चोरों ने उसके घर से उसके व उसकी सास के करीब 12 लाख के जेवर पार कर दिए हैं। रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस को कई ऐसे अहम सुराग मिले जिसमें घटना में किसी करीबी के शामिल होने की बात सामने आई। गहराई से मामले की जांच करने पर पुलिस व एसओजी टीम को नेहा पर ही शक गहराया। सर्विलांस की मदद से घर के लोगों की सीडीआर निकलवाई गई। इस चोरी में नेहा व उसका पुरुष मित्र अखिलेश शर्मा शामिल था। पुलिस टीम ने अखिलेश के घर में दबिश दी जहां उसकी निशानदेही पर बेड के नीचे छिपाए गए जेवर बरामद कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। सीओ ऋषिकांत शुक्ला ने बताया कि बारासागवर थाना पुलिस, एसओजी व सर्विलांस टीम ने खुलासा किया है। दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## रावण की गर्जना से थर्राया रामलीला का मंच

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** श्री सार्वजनिक रामलीला समिति की ओर से गोपीनाथपुरम में रामलीला मंचन एवं दशहरा महोत्सव कराया जा रहा है। जहां शुक्रवार को रामलीला के तीसरे दिन रावण और बाणासुर के बीच संवाद एवं धनुष भंग की लीला का भव्य मंचन किया गया। इस शानदार प्रस्तुति ने भारी संख्या में उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शुरुआत भगवान राम की आरती से हुई, जिसके बाद रावण-बाणासुर संवाद का मंचन हुआ।

जब मिथिला नरेश ने सीता के स्वयंवर की मंशा जताई, तो चारों ओर के राजा-महाराजा उस आयोजन में शामिल होने के लिए उमड़ पड़े। मंच को इस प्रकार सजाया गया था कि मानो त्रेता युग में भगवान राम का साक्षात अवतरण हुआ हो। लीला के इस दिन जनपद और आस-पास के क्षेत्रों से आए कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस संवाद के दौरान दर्शक एक बार स्तब्ध रह गए, जब रावण की गर्जना ने पूरे मंच को थर्रा दिया। वहीं, बाणासुर के संवाद उस गरज के आगे कमजोर नजर आए। राजा जनक का विलाप सुनकर दर्शकों की आंखों में आंसू आ गए, जो इस भावुक दृश्य को देखकर अपने आप को रोक नहीं पाए। इस लीला के दौरान कई बार भगवान राम के जयकारे गूंजे। ऋषि आश्रम में स्वामी नारदानंद द्वारा आयोजित दशहरा महोत्सव एवं श्री रामलीला के दूसरे दिन में श्री राम जन्म, मुनि याचना, ताड़का वध, और नगर फुलवारी की लीला का मंचन किया गया। खासकर ताड़का वध की लीला ने दर्शकों को खासा आनंदित किया।


गोपीनाथ पुरम में रामलीला मंचन के दौरान बैठे राम-लक्ष्मण। अमृत विचार

### मुकुट पूजन के साथ शुरू हुई रामलीला

**फतेहपुर चौरासी।** कस्बा में शुक्रवार को द्विवेदी बंधुओ द्वारा बूढ़े बाबा बाजार में आयोजित होने वाली रामलीला का शुक्रवार को मुकुट पूजन व नारद मोह लीला के साथ शुभारंभ किया गया। जहां बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। रामलीला कमेटी के लोगों ने बताया कि इस बार रामलीला का मंचन शुक्रवार से शुरू होगा। इसके तहत मुकुट पूजन व नारद मोह लीला का शुभारंभ किया गया। आयोजक ने बताया कि रविवार को विशाल शिव बारात निकाली जाएगी। जिसमें उन्होंने नगर वासियों से पहुंचने की अपील की है।

### रामलीला की शुरुआत आज से 12 को जलेगा रावण

**उन्नाव।** नवरात्र में दुर्गा पूजा के साथ ही दशहरा मेला और श्रीरामलीला महोत्सव की तैयारियां भी अब तेज हो गई हैं।

शुक्रवार को शहर के लखनऊ-कानपुर बाईपास स्थित एक गेस्ट हॉउस में श्रीरामलीला महोत्सव कमेटी के अध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि रामलीला वृंदावन के सुप्रसिद्ध रंगकर्मियों द्वारा 5 से 13 अक्टूबर तक होगी। इसके तहत कमेटी की युवा टीम घर-घर जाकर लोगों में अक्षत व आमंत्रण पत्र वितरित कर रही है। संयोजक राम तनेजा ने कहा कि 12 अक्टूबर को रावण बध लीला का मंचन और आतिशबाजी के साथ रावण के पुतले का दहन होगा। वहीं महामंत्री एस भदौरिया ने कहा कि सुरक्षा की विशेष व्यवस्था के लिए सीसीटीवी कैमरे, पुलिस प्रशासन, अग्निशमन विभाग व प्राइवेट सुरक्षा भी होगी। कोषाध्यक्ष आशीष शुक्ला ने कहा कि कार्यक्रम में व्यवस्था के लिए कमेटी की टीम मौजूद रहेगी।

**अभियान** — भाजपा सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक में भाजपा प्रदेश मंत्री ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

## ढाई लाख सदस्य बना उन्नाव भी श्रेष्ठ जिलों में शामिल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** भाजपा के सदस्यता अभियान का दूसरा चरण एक अक्टूबर से शुरू हुआ है। जो 15 अक्टूबर तक चलेगा। दूसरे चरण में पार्टी ने अधिक से अधिक प्रबुद्ध वर्ग को भाजपा का सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। पार्टी कार्यालय में प्रदेश मंत्री व जिले की प्रभारी अर्चना मिश्रा ने सदस्यता अभियान के पहले चरण की समीक्षा करने के साथ दूसरे चरण अधिक उत्साह से जुटने की नसीहत दी।

समीक्षा बैठक में 2 से 25 सितंबर तक चले पहले चरण के सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा ने कहा कि सदस्यता अभियान का द्वितीय चरण 1 से 15 अक्टूबर तक चलेगा। जिसमें समूह विशिष्ट संपर्क चलेगा। इसमें किसानों, मजदूरों, वकीलों सहित अन्य प्रबुद्ध वर्ग को सदस्यता दिलाई जायेगी। युवा मोर्चा को इंजीनियरिंग, मेडिकल, फार्मेसी, डिग्री कॉलेजों में कैंप लगाकर सदस्य बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार ने अभियान का रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए बताया 2 से 25 सितंबर तक ढाई लाख सदस्य बनाए गए हैं। आगे कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह ने अपने निर्धारित लक्ष्य से 20 हजार अधिक सदस्य बनाकर सबसे आगे बढ़ रही हैं। वहीं विधायकों को 10-10 हजार नए सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया था। जिन्होंने लक्ष्य के सापेक्ष दो गुना सदस्य बनाए हैं। बैठक में सदस्यता प्रमुख जिला महामंत्री प्रवीण सिंह नूतन, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रभान शंकर दीक्षित, गंगा प्रसाद वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचंद्र वर्मा, विधायक पंकज गुप्ता, श्रीकांत कटियार, आशुतोष शुक्ला, बंबालाल दिवाकर, अनिल सिंह आदि मौजूद रहे।



समीक्षा बैठक के दौरान पदाधिकारियों को संबोधित करतीं जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा।

## कार्यालय नगर पंचायत नवाबगंज, उन्नाव

पत्रांक :– मेमो /न0पं0नवा/वि0नामान्तरण/2024–25 दिनांक : 01,अक्टूबर,2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकाशित सूची में कालम सं0 02 में अंकित प्रार्थनापत्रदाता का नाम कालम सं0 03 में दर्ज किया जाना है निम्न लिखित नामान्तरण के विरूद्ध यदि किसी को अपत्ति हो तो वह प्रकाशन तिथि में 30 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्रार्थी/आवेदक का नाम दर्ज कर दिया जायेगा। इसके उपरान्त कार्यालय नगर पंचायत नवाबगंज,उन्नाव की कोई जिमेदारी होगी।

| क0 सं0 | नामान्तरण हेतु प्रार्थी/ आवेदक का नाम | विक्रीत प्लाट/कार्यालय नगर पंचायत अभिलेख में दर्ज भवन/अध्यासी का नाम | भवन सं0/मोहल्ला /वार्ड जिस पर आवेदकनामान्तरण हेतु आवेदन किया | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | राजेन्द्र सिंह सुरेश सिंह कमलेश सिंह विनोद कुमार सिंह व अशोक सिंह पुत्रगण स्व0 शीतल सिंह नि0 ग्राम पेडहरी पो0 नवाबगंज पर0 झलोतर अजगैन तह0 हसनगंज जि0 उन्नाव। | **मकान नामान्तरण** स्व0 शीतल सिंह पुत्र स्व0 सागर सिंह के स्थान पर नामान्तरण हेतु | पछियांव | **मकान नामान्तरण हेतु साक्ष्य** |
| 2 | सुनील कुमार पुत्र स्व0 राम औतार नि0 ग्रा0 कुईथर पो0 अटेसुवा परगना पुरवा जि0 उन्नाव | **मकान नामान्तरण** स्व0 ममता देवी पत्नी सुनील कुमार के स्थान पर नामान्तरण हेतु | झखरी | **मकान नामान्तरण हेतु साक्ष्य** |
| 3 | विक्रम सोनी पुत्र राकेश कुमार सोनी नि0 राजकीय बालिका इण्टर कालेज वाली गली नवाबगंज पर0 झलोतर अजगैन तह0 हसनगंज जि0 उन्नाव। | राकेश सोनी पुत्र लक्ष्मी नारायन नि0 राजकीय बालिका इण्टर कालेज वाली गली नवाबगंज पर0 झलोतर अजगैन तह0 हसनगंज जि0 उन्नाव। | दुर्गागंज | **रजिस्ट्री** |
| 4 | विजय कुमार दीक्षित व अजय कुमार दीक्षित पुत्रगण राकेश कुमार दीक्षित नि0 दुर्गागंज नवाबगंज उन्नाव हाल मुकाम वार्ड नं0 22 जानकीपुरम विस्तार लखनऊ। | **मकान नामान्तरण** स्व0 श्यामकली उर्फ श्यामदेवी के स्थान पर नामान्तरण हेतु आवासीय मकान मोहल्ला दुर्गागंज नवाबगंज में स्थित | दुर्गागंज | **मकान नामान्तरण हेतु साक्ष्य** |
| 5 | राजकिशोर पुत्र बुद्विलाल व शशि साहू पत्नी राज साहू नि0 इलाहाबाद बैंक वाली गली नवाबगंज झलोतर अजगैन हसनगंज उन्नाव | **दान कर्ता** राम कुमारी पत्नी महावीर प्रसाद नि0 म0नं0 1072 शुक्लागंज उन्नाव। | मदारीखेड़ा | **दान पत्र** |
| 6 | रोहिताश कुमार पुत्र विनोद कुमार नि0 लालाखेड़ा नवाबगंज पर0 झलोतर अजगैन तह0 हसनगंज उन्नाव। | सुदामा पत्नी नन्हक्के पुत्री कल्लू नि0 अमांवा मवई पड़ियाना लखनऊ | बंगला | **रजिस्ट्री** |
| 7 | हिमांशू सोनी पुत्र राजकुमार नि0 सदर बाजार पछियांव नवाबगंज पर0 झलोतर अजगैन तह0 हसनगंज उन्नाव व विक्रम सोनी पुत्र राकेश कुमार सोनी निवासी राजकीय बालिका इण्टर कालेज वाली गली नवाबगंज पर0 झलोतर अजगैन तह0 हसनगंज जि0 उन्नाव। | आशीष कुमार गुप्ता पुत्र संतोष कुमार गुप्ता व गरिमा गुप्ता पत्नी आशीष कुमार गुप्ता निवासीगण वार्ड नं0 06 नवाबगंज पछियांव पर0 झलोतर अजगैन तह0 हसनगंज जि0 उन्नाव। | दुर्गागंज | **रजिस्ट्री** |
| 8 | संगीता सिंह पत्नी अतुल प्रताप सिंह नि0 रवनहार पर0 झलोतर अजगैन तह0 हसनगंज उन्नाव | 01. गुलाब सिंह पुत्र रामवृक्ष सिंह नि0 केवाना पर0 झलोतर अजगैन तह0 हसनगंज उन्नाव व 02. श्रीमती शिवकुमारी पत्नी संतोष कुमार सिंह नि0 रवनहार पर0 झलोतर अजगैन तह0 हसनगंज उन्नाव | पछियांव | **रजिस्ट्री** |
| 9 | राजमुन्नी पत्नी अनुज कुमार नि0 संगीता होटल वाली गली वार्ड नं0 07 पछियांव नवाबगंज पर0 झलोतर अजगैन तह0 हसनगंज जि0 उन्नाव। | बन्ने खां पुत्र स्व0 मो0 रहूफ उर्फ रऊफ नि0 झखरी नवाबगंज पछियांव पर0 झलोतर अजगैन तह0 हसनगंज जि0 उन्नाव। | झखरी | **रजिस्ट्री** |
| 10 | पुष्पा विमल पत्नी सूरज विमल नि0 वार्ड नं0 02 झखरी नवाबगंज पछियांव पर0 झलोतर अजगैन तह0 हसनगंज उन्नाव। | बन्ने खां पुत्र स्व0 मो0 रहूफ उर्फ रऊफ नि0 झखरी नवाबगंज पछियांव पर0 झलोतर अजगैन तह0 हसनगंज जि0 उन्नाव। | झखरी | **रजिस्ट्री** |
| 11 | आशीष कुमार पुत्र प्रेम सागर यादव नि0 सदर बाजार नवाबगंज पछियांव पर0 झलोतर अजगैन तह0 हसनगंज जि0 उन्नाव। | राजकुमारी पत्नी जगदीश व अंशू पुत्र जगदीश नि0 सराय नवाबगंज पछियांव पर0 झलोतर अजगैन तह0 हसनगंज जि0 उन्नाव। | सरांय | **रजिस्ट्री** |
| 12 | अनीता पाठक पत्नी अनुज द्विवेदी नि0 वार्ड नं0 02 पछियांव नवाबगंज पर0 झलोतर अजगैन तह0 हसनगंज जि0 उन्नाव। | सरस्वती देवी पत्नी कौशल किशोर नि0 कुसुम्भी रोड नवाबगंज पछियांव पर0 झलोतर अजगैन तह0 हसनगंज जि0 उन्नाव। | कुसुम्भी रोड | **रजिस्ट्री** |
| 13 | ज्योति दीक्षित पत्नी चन्द्र प्रकाश दीक्षित नि0 निकट बैंक ऑफ इंडिया नवाबगंज पछियांव पर0 झलोतर अजगैन तह0 हसनगंज जि0 उन्नाव। | अरूण सिंह पुत्र देवेश सिंह निवासी पछियांव पर0 झलोतर अजगैन तह0 हसनगंज जि0 उन्नाव। **हाल मुकाम** सोहरामऊ पर0 गोरिन्दा परसन्दन तह0 हसनगंज उन्नाव। | दुर्गागंज | **रजिस्ट्री** |

**प्रभारी लिपिक** — नगर पंचायत नवाबगंज जनपद– उन्नाव
**अधिशासी अधिकारी** — नगर पंचायत नवाबगंज जनपद– उन्नाव
**अध्यक्ष** — नगर पंचायत नवाबगंज जनपद– उन्नाव

# जिलाधिकारी ने अस्पताल का किया निरीक्षण

## अस्पताल के निरीक्षण में नदारद मिले आधे से अधिक डॉक्टर, 150 साल पुराने मेले का किया उद्घाटन

संवाददाता पुरवा उन्नाव

**अमृत विचार।** मौरावां में विजय दशमी पर्व पर लगने वाले पारंपरिक मेला व रामलीला का शुक्रवार को जिलाधिकारी गौरांग राठी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने परिसर में स्थित 100 बेड के अस्पताल का निरीक्षण किया। जहां तैनात 12 में मात्र चार डॉक्टर ही मौके पर मौजूद मिले। वहीं, अस्पताल में गंदगी के अलावा अन्य खामियां मिलने पर नाराजगी व्यक्त की।

मौरावां मेला व रामलीला की परंपरा करीब 150 वर्ष पुरानी है। शुक्रवार को जिलाधिकारी यहां पहुंचे और फीता काटकर इसकी शुरुआत की। जिलाधिकारी मेला व रामलीला ट्रस्ट के पदेन अध्यक्ष व नगर पंचायत अध्यक्ष विवेक सेठ इसके प्रबंधक हैं। इसके बाद जिलाधिकारी ने परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया। वहीं, इसी परिसर में स्थित 100 बेड के अस्पताल का भी डीएम ने निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाएं देखीं। परिसर व अस्पताल में व्याप्त गंदगी देख जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। इसके अलावा अन्य खामियां मिलने पर सुधार के निर्देश दिए। बताया कि अस्पताल में पर्याप्त सुविधा न होने की बात को शासन के संज्ञान में लाकर सभी समस्याओं का जल्द निस्तारण कराया जाएगा।


अस्पताल का निरीक्षण करते जिलाधिकारी गौरांग राठी। अमृत विचार


अन्ना जानवरों को पकड़ते पालिका का कैटिल कैचिंग दस्ता के कर्मचारी। अमृत विचार

## अभियान चलाकर पकड़े गये 24 अन्ना मवेशी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में छुट्टा घूम रहे गोवंश किसानों की फसल बर्बाद कर रहे हैं, जिसके चलते जिलाधिकारी गौरांग राठी ने नगर पालिका को निर्देश दिया है कि 15 दिन के भीतर सभी अन्ना गोवंशों को पकड़कर गौशालाओं में सुरक्षित किया जाए। यह फरमान जारी होने के बाद पालिका प्रशासन हरकत में आया और कैटिल कैचिंग दस्ते ने अभियान शुरू कर दिया।

गोवंशों के कारण किसानों को काफी नुकसान हो रहा है। डीएम ने अपने पत्र में बताया कि मुख्य मार्गों और लिंक मार्गों पर भी अन्ना जानवर घूमकर लोगों और फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि गोवंशों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाकर उन्हें संरक्षित किया जाए। इसके साथ ही, रोजाना की प्रगति रिपोर्ट भी भेजने का आदेश दिया गया है। शुक्रवार को कैटिल कैचिंग दस्ते ने अभियान चलाकर करीब 24 गोवंशों को पकड़ा, जिन्हें कान्हा गौशाला में भेजा गया है। डीएम के निर्देशों के अनुसार, यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

## महिला अधिवक्ता को धमकाने वालों पर कार्रवाई की हुई मांग

**उन्नाव।** माखी दुष्कर्म कांड पीड़िता की मां पर महिला अधिवक्ता द्वारा लगाए गए चेंबर में घुसकर जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बार एसोसिएशन अध्यक्ष ने एएसपी को पत्र देकर अधिवक्ता को धमकी देने वालों पर कार्रवाई की मांग की है।

बता दें कि महिला अधिवक्ता रश्मि सेंगर ने माखी दुष्कर्म कांड की पीड़िता की मां पर एक अक्टूबर को चेंबर में घुसकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। उनका आरोप था कि उसके शिकायती पत्र पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। शुक्रवार को बार एसोसिएशन अध्यक्ष सतीश शुक्ला महिला अधिवक्ता के साथ एसपी ऑफिस पहुंचे और कार्रवाई की मांग की। एएसपी अखिलेश सिंह ने उन्हें बताया कि मामले की जांच सीओ सिटी कर रही हैं। शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। अध्यक्ष के मुताबिक वह अधिवक्ता हितों के संघर्ष करेंगे।


कंचन नगर में एंटी लार्वा का छिड़काव करते पालिका कर्मी। अमृत विचार

## साफ –सफाई कर किया एंटी लार्वा का छिड़काव

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शुक्रवार को पालिकाध्यक्ष और ईओ के निर्देश पर पालिका के सफाई कर्मी कंचन नगर पहुंचे। जहां साफ सफाई कर एंटी लार्वा का छिड़काव किया।

संक्रामक बीमारियों के बचाव को लेकर एक अक्टूबर से पालिका संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चला रही है। उसी को लेकर शुक्रवार को पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर पालिका के सफाई कर्मी वार्ड चार कंचन नगर पहुंचे।

जहां संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को लेकर सफाई कर्मियों ने वृहद स्तर पर साफ सफाई की। इस दौरान क्षेत्र की सफी गलियों में झाड़ू लगाने के साथ ही नाला-नालियों की साफ सफाई करते हुये एंटी लार्वा का छिड़काव किया।

# तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली अंतर्गत उन्नाव-हरदोई मार्ग पर शुक्रवार तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए। पुलिस ने परिजनों को शांत कराकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के नौबतपुर गांव निवासी प्रमोद (20) पुत्र सोनेलाल सफीपुर कस्बा में एक किराना की दुकान पर नौकरी करता था। शुक्रवार सुबह वह रोज की तरह साइकिल से दुकान जा रहा था। तभी गांव के बाहर उन्नाव-हरदोई मार्ग पर तेज रफ्तार बोलेरो ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी। इससे वह उछलकर सड़क पर गिर गया और बोलेरो की चपेट में आ गया। राहगीरों ने उसे जीवित समझ सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसएचओ श्याम नारायण सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर भाग गया है। उसकी तलाश की जा रही है। परिजनों को शांत कराकर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बिलखते मृतक के परिजन। अमृत विचार

● **काम पर जाते समय हुई दुर्घटना**

### बाइक की टक्कर से युवक का टूटा पैर, रिपोर्ट दर्ज

■ **शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के नेहरू नगर में रहने वाले एक युवक को बाइक सवार ने टक्कर मार दी थी। जिससे उसका पैर टूट गया था। घायल की मां की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। नेहरू नगर निवासी सुनीता वर्मा ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 25 सितंबर को उनका बेटा आयुष वर्मा जा रहा था, तभी राजधानी मार्ग स्थित गीता अतिथि लॉन के पास अनियंत्रित बाइक सवार ने टक्कर मार दी थी। जिससे उनके बेटे का पैर टूट गया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बाइक सवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## दुष्कर्म के आरोपी को सफीपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**उन्नाव।** एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सफीपुर पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। कोर्ट में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार सफीपुर कोतवाली में तैनात दारोगा कल्लूराम सिंह हमराहियों के साथ गश्त पर थे। तभी उन्होंने दुष्कर्म के मामले में आरोपी रामज्ञा पुत्र स्व. कल्लू निवासी मोहल्ला जगदीश खेड़ा सफीपुर ग्रामीण को पीखी नहर पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। उस पर कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# कालिका मंदिर में लगती है भक्तों की भीड़

पुनीत अवस्थी, उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट क्षेत्र अंतर्गत गांव सन्नी में स्थित मां कालिका का मंदिर एक अति प्राचीन और गूढ़ इतिहास को समेटे हुए है। गांव के बुजुर्गों के अनुसार, यह मंदिर पूर्वकाल से ही प्रतिष्ठित रहा है। मंदिर के सामने एक प्राचीन तालाब स्थित है, जो स्थानीय मान्यता के अनुसार, देवी की मूर्ति और मंदिर के मुख्य द्वार का निकास स्थान रहा है।

पूर्व काल में विदेशी आक्रमणकारियों ने इस क्षेत्र के मंदिरों की मूर्तियों को तोड़कर तालाब में डाल दिया था। यह तालाब एक घनघोर जंगल के बीच में स्थित था, जिससे लोगों का आना-जाना मुश्किल था। किंवदंती है कि एक स्वामी जी ने गंगा किनारे इस तालाब के पास विश्राम करते हुए स्वप्न में देवी से साक्षात्कार किया, जिसमें देवी ने उन्हें अपनी मूर्ति तालाब से निकालने की प्रेरणा दी। स्वामी जी ने गांव वालों को इस स्वप्न के बारे में बताया, और सहयोग से देवी की मूर्ति को तालाब से निकाला गया। धीरे-धीरे मंदिर का महत्व बढ़ता गया और ग्रामीणों की मनोकामनाएं पूरी होने लगीं। आज यह मंदिर आस-पास के कई गांवों के लिए ग्राम देवी के रूप में पूज्यनीय है। मंदिर परिसर शंकरपुर सरॉय, सन्नी, गंगौली और कनिकामऊ के बीच स्थित है, जो आबादी से लगभग 3 किलोमीटर दूर है। इसकी पहुंच के लिए तीन रास्ते हैं। मंदिर के अंदर मां कालिका के अलावा अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियां भी स्थापित हैं। इस प्रकार, मां कालिका का मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि आस्था, परंपरा और समुदाय की एकजुटता का प्रतीक है।


मंदिर में विराजीं कालिका माता।

### नवरात्र में लगता है भव्य मेला

चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन अष्टमी को भव्य मेला लगता है, जिसमें नवरात्रि के सभी दिनों में दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जाता है। ग्रामीण समुदाय का मानना है कि नई बहू अपने घर से पहले मां के दरबार में आशीर्वाद लेती है।

### भक्तों की मुरादें होती हैं पूरी

सन्नी स्थित कालिका मंदिर में भक्त अपनी मुरादे मांगते हैं, जहां उनकी मुरादे पूरी होने पर विशाल भंडारे के अलावा मंदिर के जीर्णोद्धार कराते हैं। इसके साथ ही माता का भव्य श्रंगार कराया जाता है।


वाहन का पूजन कर टोल वसूली की शुरुआत करते मैनेजर। अमृत विचार

## अब 'आशीर्वाद' करेगी टोल प्लाजा में टैक्स वसूली

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** लखनऊ-कानपुर राजमार्ग स्थित टोल बैरियर पर शुक्रवार से नई कंपनी 'आशीर्वाद' द्वारा टोल वसूली की शुरुआत की गई। कंपनी को एक साल के लिये रोजाना 33 लाख 32 हजार रुपये वसूलने के लिये परमीशन मिली है। कंपनी के मैनेजर मंयक शर्मा ने बताया कि उनकी कंपनी को एक साल के लिये टोल वसूली का ठेका मिला है। जिसके चलते शुक्रवार सुबह 11 बजे से ही टोल पुरानी कंपनी से हैंडओवर कर लिया गया। इसके बाद एक वाहन का पूजन कर वसूली की शुरुआत कर दी गई है। अगले एक साल के लिये उनके कर्मचारी ही वसूली करेगें।

## मक्का पुरवा में हुई मारपीट 8 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मक्का पुरवा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर 8 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मक्का पुरवा निवासी जय देवी ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि गांव के रहने वाले रामखेलावन, मनीष, किरन, संगीता ने पुरानी विवाद को लेकर गाली गलौज की। जिसका उन्होंने विरोध किया, विरोध करने पर सभी ने मारा पीटा। जिससे उन्हें चोटे आई। वहीं दूसरे पक्ष से रामखेलावन ने आरोप लगाया कि जय नारायण, आशा, आशीष और रवि ने उनके परिवार को मारा पीटा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों पक्षों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है।

# पोनी रोड के लिये भेजा 11 करोड़ का प्रस्ताव

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शुक्लागंज का पोनी रोड मार्ग सबसे लंबा है लेकिन मार्ग संकरा होने के कारण पोनी रोड पर आये दिन जाम की समस्या बनी रहती है। इसके साथ ही मार्ग पर कई जानलेवा गड्ढे बने हुये हैं। पिछले वर्ष नवम्बर माह में पीडब्ल्यूडी के अधिशाषी अभियंता ने सहायक अभियंता को पत्र लिखकर पोनी रोड के चौड़ीकरण कराने को लेकर नाप जोख कराने के निर्देश दिये थे लेकिन बाद में शासन से सड़क नहीं पास हुई। एक बार फिर पीडब्ल्यूडी ने शासन को सड़क निर्माण के लिये प्रस्ताव भेजा है।

लोक निर्माण विभाग ने पोनी रोड के चौड़ीकरण और उसे सीसी एवं डामरीकरण के लिए शासन को 11 करोड़ का प्रस्ताव दोबारा भेजा है। लगभग एक साल पहले भी इस सड़क का चौड़ीकरण करने के लिए प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन जन प्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण यह मामला अधर में लटक गया था। चौड़ीकरण के दौरान सैकड़ों मकानों का प्रभावित होना तय था। क्षेत्र के श्रीकांत पांडे, संतोष तिवारी, विकास मिश्रा, रिंकू बाजपेई, सुधा तिवारी, आशुतोष पांडेय, इरशाद, सुधीर सिंह ने इस सड़क के निर्माण की आवश्यकता को जोर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अक्टूबर के अंत तक सभी क्षतिग्रस्त सड़कों के निर्माण और गड्ढामुक्त करने के निर्देश दिए हैं। जिस पर लोक निर्माण विभाग ने सड़क का प्रस्ताव भेजा है।


इस तरह क्षतिग्रस्त है पोनी रोड। अमृत विचार

> पोनी रोड बनने के लिये शासन को 11 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया है। इस बार उम्मीद है कि यह सड़क पास हो जायेगी। धन आवंटित होते ही निर्माण कार्य शुरू करा दिया जायेगा।
>
> –एचडी अहिरवार, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी।

## सार-संक्षेप

### नाली के विवाद में दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

**नवाबगंज।** विकासखंड क्षेत्र के गांव सरांय जोगा में नाली का पानी बहने को लेकर गांव के सजीवन व राजेन्द्र में विवाद हो गया। इसके बाद दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। इसमें राजेन्द्र और उनकी पत्नी सुनीता को चोटें आई हैं। दोनों पक्षों ने सोहरामऊ थाने में तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

### बाल श्रम करते मिले 6 किशोर कराये गए मुक्त

**शुक्लागंज।** जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर जिला स्तर पर बालक व किशोर श्रम के उन्मूलन को लेकर डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स की टीम ने जिले के प्रतिष्ठानों में चिन्हीकरण अभियान चलाया गया। इस दौरान 6 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। जिस पर सेवायोजक के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई। सहायक श्रमायुक्त एस. एन नागर ने बताया कि आगे भी इस तरह के अभियान चलाए जाते रहेंगे। टीम ने सेवायोजक से अपने प्रतिष्ठानों में बाल एवं किशोर श्रमिक नहीं रखने की अपील की गई। टीम में श्रम प्रवर्तन अधिकारी संजय शुक्ला, निलेश दीक्षित, एएचटीयू दरोगा शैलेश कुमार, बाल संरक्षण अधिकारी संजय मिश्रा आदि मौजूद थे।

### लाइन ब्रेक होने से 4 घंटे तक बिजली आपूर्ति रही बाधित

**शुक्लागंज उन्नाव।** गुरुवार मध्य रात्रि को कुंदन रोड सबस्टेशन के पास 33 केवीए लाइन टूटने से क्षेत्र की बिजली आपूर्ति भोर तक ठप रही। रात लगभग सवा दो बजे यह घटना हुई, जिससे शुक्लागंज पॉवर हाउस, गंगाघाट टाउन और त्रिभुवन खेड़ा सवस्टेशन सहित कई पॉवर हाउसों की सप्लाई प्रभावित हुई। भोर पहर साढ़े 5 बजे के करीब फाल्ट सुधारने के बाद सप्लाई फिर से चालू की गई। इसके अतिरिक्त, सुभाष नगर में एबीसी केबल डालने का कार्य भी किया गया, जो सुबह 11 बजे शुरू होकर शाम 6 बजे तक चला। इस दौरान सैकड़ों घरों की बिजली गुल रही। इसी तरह, फीडर 2 के अंतर्गत पोनी रोड पर सुबह साढ़े 6 बजे तार टूटने से डेढ़ घंटा तक बिजली सप्लाई बाधित रही।

**नवरात्र का दूसरा दिन** मंदिरों में भोर पहर से लेकर देर रात तक लगी रही श्रद्धालुओं की भीड़, जयकारों से गूंजते रहे देवी मंदिर

# मां ब्रह्मचारिणी से भक्तों ने मांगा सुख–समृद्धि का आशीर्वाद


शहर के कल्याणी देवी मंदिर में भजन कीर्तन करती महिलाएं। अमृत विचार


मां ब्रम्हचारिणी के रूप में विराजीं माता।


दुर्गा मंदिर में मां के दर्शन के लिये उमड़ी भक्तों की भीड़। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** नवरात्र के दूसरे दिन शुक्रवार को शहर के प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर, कल्याणी मंदिर व अन्नपूर्णा मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ रही। भोरपहर से ही भक्त मां के दर्शन के लिए पहुंचने लगे थे। भीड़ होने से श्रद्धालुओं को लाइन लगाकर माता के दर्शन करने पड़े।

नवरात्र के दूसरे दिन मंदिरों में माता रानी के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा अर्चना की गई। भोरपहर से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ जुटने लगी थी। श्रद्धालुओं ने लाइन लगाकर मां के ब्रह्मचारिणी स्वरूप के दर्शन किए और उनका पूजन किया। शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र में बालेश्वरी देवी, साखों देवी, दुर्गा, कुशहरी, मां चंद्रिका देवी आदि देवी मंदिरों में माता के जयकारों से परिसर गुंजायमान होते रहे। इसके अलावा लाउडस्पीकरों पर बजते भजनों से आसपास का वातावरण भक्तिमय बना रहा। भक्तों ने माता रानी को चुनरी, फल-फूल, सिंदूर व चूड़ी आदि चढ़ाकर प्रसन्न किया। इस दौरान भक्त माता के जयकारे लगाते रहे। देरशाम मंदिरों व घरों में महिलाओं ने भजन-कीर्तन किया। सुबह से शाम तक मंदिरों में दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रही। शहर के कल्याणी देवी मंदिर में दूसरे दिन महिलाओं ने भजन कीर्तन का आयोजन किया। इसके समापन के बाद आरती उतारी। इस मौके पर अरुणा, रेनू दीक्षित, हीरा अवस्थी, कामना दीक्षित, सरला तिवारी, मनोज सिंह चौहान, संजू शर्मा आदि महिला भक्त मौजूद रहीं।

### मां ब्रम्हचारिणी के दर्शन के लिए लगी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़

■ **शुक्लागंज उन्नाव।** शुक्रवार को सुबह से ही दर्शनार्थियों की राजधानी मार्ग स्थित दुर्गा मंदिर में भारी भीड़ रही। देर रात लोग माता के दर्शन करते रहे। मां ब्रम्हचारिणी स्वरूप के दर्शन के लिए मां के दरबार को भव्य तरीके से सजाया गया। दिनभर मां के जयकारे लगते रहे। शुक्रवार को नवरात्र के दूसरे स्वरूप मां ब्रम्हचारिणी के लिए मां के दरबार को भव्य तरीके से सजाया गया। जिसके बाद भक्तों ने मां ब्रम्हचारिणी की विधि विधान से पूजा अर्चना करने से ऐच्छिक मनोकामनाएं पूरी होती है। उपवास रखकर व दुर्गा सप्तशती पाठ करके भक्तों ने मां को प्रसन्न किया। कंचननगर स्थित कंचना माई, पोनी रोड स्थित मां झंडेश्वरी देवी, महेश मार्ग स्थित मां सिद्धिदात्री, गांधीनगर स्थित काली मंदिरों समेत अन्य दुर्गा मंदिरों में पूजा पाठ किया गया। वहीं राजधानी मार्ग स्थित श्री दुर्गा मंदिर में श्रद्धालु तड़के ही लंबी लाइनों में लग कर मां के दर्शाने पाए। जहां फूल, मिठाई से सजी डलियों में प्रसाद लेकर भक्तों ने मां को भोग लगाया। इसके साथ ही सुबह और शाम मां दुर्गा की महाआरती का आयोजन किया गया। जहां सैकड़ों श्रद्धालु ने मां की प्रार्थना की। इसके अलावा नगर व ग्रामीण क्षेत्र के दुर्गा मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही।

# नौ कुंडीय श्री गायत्री महायज्ञ की हुई शुरुअत

संवाददाता उन्नाव, परियर

**अमृत विचार।** बाबा बलखंडेश्वर महादेव मंदिर परिसर में गायत्री तपोवन हरिद्वार के विद्वान संतो द्वारा नौ कुंडीय श्री गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञा पुराण की कथा की शुरुआत कलश यात्रा निकालकर प्रारंभ हो गई। यह आयोजन 8 अक्तूबर तक चलेगा। इस यज्ञ में सभी जाति धर्म के लोग आहुतियां प्रदान करेंगे। इसके किसी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा। इसमें पुंशवन, नामकरण, अन्नप्राशन, विद्यारंभ, चूड़ाकर्म, यज्ञोपवीत व दीक्षा विवाह संस्कार नि शुल्क कराए जाएंगे। बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति के लोगो ने अधिक से अधिक लोगों को पहुंचने की अपील की हैं।


कलश यात्रा में शामिल महिलायें व युवतियां। अमृत विचार


# स्मार्ट बुक बताएगी छात्र की पढ़ाई और दिखावा

- इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रोफेसरों ने तैयार किया सॉफ्टवेयर
- भारत सरकार ने 20 साल के लिए किया पेटेंट

संवाददाता, तिर्वा (कन्नौज)


डॉ. विवेक श्रीवास्तव।


डॉ. अभिषेक बाजपेई।


नवीन कुमार तिवारी।

**अमृत विचार।** छात्र पढ़ रहा या सिर्फ किताब को देखकर पढ़ने का दिखावा कर रहा है? अब यह पता लगाना आसान होगा। इसके लिए इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रोफेसरों ने शोध कर कैमरायुक्त स्मार्ट बुक तैयार की है। भारत सरकार ने इसको 20 साल के लिए पेटेंट कर दिया है। इससे कॉलेज प्रशासन में खुशी की लहर है।

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के कंप्यूटर विज्ञान विभाग के डॉ. विवेक श्रीवास्तव, डॉ. अभिषेक बाजपेई और नवीन कुमार तिवारी ने गुणवत्तापूर्वक शिक्षा और पढ़ाई के दौरान बच्चों पर निगरानी रखने की दिशा में शोध किया है। इसके लिए 'स्मार्ट बुक फॉर ट्रैकिंग स्टूडेंट्स लर्निंग प्रोग्रेस' नाम से एक स्मार्ट बुक तैयार की है। इसके अंदर एक कैमरा लगा है, जो छात्र के किताब से पढ़ने के बारे में अभिभावक को जानकारी दे सकेगा। इससे यह पता लगाना आसान होगा कि बच्चा पढ़ रहा है या सिर्फ किताब देख रहा है।

प्रो. बाजपेयी ने बताया कि स्मार्ट बुक का शोध पेटेंट के लिए भारत सरकार को भेजा गया था। सरकार ने इसे 20 साल का पेटेंट ग्रांट दिया है। बताया कि स्मार्ट बुक का मुख्य उद्देश्य छात्रों की शैक्षणिक प्रगति को स्वचालित रूप से ट्रैक करना और शिक्षकों एवं अभिभावकों को नियमित रूप से जानकारी प्रदान करना है। इसे अमलीजामा पहनाने में हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एचबीटीयू), कानपुर और कानपुर विश्वविद्यालय की टीम भी शामिल रही, जिसमें प्रो. वंदना दीक्षित, प्रो.जीएल देवदानी और डॉ. विनीता सिंह ने योगदान दिया है।

### इस तरह से काम करेगा स्मार्ट बुक का सॉफ्टवेयर

स्मार्ट बुक छात्रों की गतिविधियों जैसे पाठ्यक्रम की समझ, गृहकार्य की स्थिति और परीक्षा परिणामों के आधार पर एक प्रगति चार्ट तैयार करती है, जिसे शिक्षक और अभिभावक आसानी से देख सकते हैं। यह तकनीक न केवल छात्रों की प्रगति पर नजर रखती है, बल्कि उनकी कमजोरियों और सुधार के क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने में भी मदद करती है।

दक्षिण भारत के कुछ विशेषज्ञों ने भी इस परियोजना में तकनीकी और शैक्षणिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण सहयोग दिया है। कॉलेज के रजिस्ट्रार डॉ. बीडीके पात्रो और निदेशक प्रो. रचना अस्थाना ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर टीम को बधाई दी और इसे शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

यह पेटेंट शिक्षा जगत में एक अहम योगदान के रूप में देखा जा रहा है, जो छात्रों के सीखने की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाएगा। प्रो. बाजपेयी ने बताया कि कई बार बच्चा माता-पिता व शिक्षक के दबाव में किताब खोलकर बैठ जाता है और सिर्फ पन्ने पलटता है। यह शोध इन गतिविधियों को पकड़ लेगा और आपको सूचित कर देगा। खास यह कि आप मीलों दूर बैठकर भी छात्र की प्रगति रिपोर्ट देख सकते हैं।

## मृत व्यक्ति पर गांजा तस्करी की रिपोर्ट

**फतेहपुर।** सड़क हादसे में शराब दुकान अनुज्ञापी की मौत के बाद कार से गांजा बरामद होने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पोस्टमार्टम के बाद शव का नौबस्ता गंगा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया है। पुलिस सर्विलांस के जरिए तस्करी का नेटवर्क खंगाल रही है।

किशनपुर थाना क्षेत्र के नरैनी निवासी राजेश दुबे उर्फ ननकू महाराज की कार का बुधवार सुबह असोथर थाना क्षेत्र के कौंडर गांव के पास हादसा हुआ था। कार गहरे नाले में चली गई थी। कार से आठ किलो 500 ग्राम गांजा मिला। पाउच पैकिंग से गांजा फुटकर में ग्राहकों को बेचा जाता है। भारी तादाद में बरामद गांजे से तस्करी का मामला साफ होने पर चौकी इंचार्ज जरौली संजीव कुमार की ओर दिवंगत राजेश दुबे उर्फ ननकू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# रजिस्ट्रेशन नहीं तो किसानों का बिल भी नहीं होगा माफ

- निजी नलकूपों के बिजली बिल माफी का मामला
- 16 अक्टूबर तक किसान करा सकते हैं रजिस्ट्रेशन

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** प्रदेश में निजी नलकूप किसानों को मुक्त बिजली देने का सरकार ने निर्णय लिया था। सभी किसानों से रजिस्ट्रेशन कराने के निर्देश दिए हैं। जिससे उनके बिल माफ हो सकें। लेकिन किसानों ने उत्सुकता नहीं दिखाई। अब विभाग ने कहा है कि जिनके रजिस्ट्रेशन नहीं होंगे उनका बिल माफ नहीं किया जाएगा।

बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता ने बताया कि जिले में 50 प्रतिशत नलकूप किसानों ने ही रजिस्ट्रेशन कराया हैं। जिसके चलते उनका बिल अभी माफी प्रक्रिया में नहीं आ सका है। शासन की ओर से पंजीकरण की तिथि को बढ़ा दी गई है। अब किसान अपना रजिस्ट्रेशन 16 अक्टूबर तक कर सकेंगे। बाद में रजिस्ट्रेशन मान्य नहीं होंगे। जिनके रजिस्ट्रेशन नहीं होगे उनका बिल माफ नहीं होगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक ग्राम प्रधान को इस योजना के से अवगत करा दिया गया है विभाग के कर्मचारी भी जानकारी दे रहे हैं।

अधिशासी अभियंता ने बताया कि उन्हीं निजी नलकूपों का ही रजिस्ट्रेशन होगा, जिनका मार्च 23 तक का पूरा बिल जमा होना जरूरी है। पूर्व का बिल जमा करने के लिए 30 नवम्बर तक समय दिया गया है। किसान 3 या 6 किस्तों में अपना बिल जमा कर सकेंगे।

## लोको पायलट ने तत्काल ट्रेन का इमरजेंसी ब्रेक लगाकर एक बड़े हादसे को टाला

# केपीडीएल की लापरवाही से मेमू ट्रेन पलटने से बची

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)


रेलवे प्लेटफार्म का निरीक्षण करते अधिकारी और आरपीएफ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रेलवे ट्रैक के दोहरीकरण का कार्य कर रही कार्यदायी संस्था केपीटीएल की लापरवाही से मेमू ट्रेन पलटने से बच गई। रेलवे प्लेटफार्म पर लगाए गए लकड़ी के गुटकों को देख लोको पायलट ने ट्रेन में इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोक दी। स्टेशन प्रबंधक ने की सूचना पर अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच की। रेलवे के जेई ने कार्यदायी संस्था के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की बात कही।

कानपुर से मानिकपुर जाने वाली मेमू ट्रेन सुबह करीब 8:30 बजे रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर पहुंचने वाली थी। दोहरीकरण कर रही केपीटीएल ने इस प्लेटफार्म में पटरियों व प्लेटफार्म की दीवार के बीच लकड़ी के गुटके लगा रखे थे, लेकिन कार्य के बाद हटाया नहीं गया। इसमें स्टेशन के अधिकारियों व कर्मचारियों की भी लापरवाही नजर आ रही है। बिना प्लेटफार्म को देखे मेमू को इसमें ले लिया गया।


पटरी व रेलवे प्लेटफार्म के बीच लगे लकड़ी के गुटके। अमृत विचार

लोको पायलट ने जब पटरियों पर लकड़ी के गुटके देखे तो इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को इन लकड़ी के गुटकों के पहले रोक दिया। पायलट ने वॉकी टॉकी के जरिए स्टेशन प्रबंधक को जानकारी दी। जिस पर स्टेशन कर्मी दौड़ पड़े और पटरियों में लगाए गए टुकड़ों को आनन फानन में हटाया। लोको पायलट की सतर्कता के चलते एक बड़ा हादसा टल गया। स्टेशन प्रबंधक ने सूचना आरपीएफ सहित उच्चाधिकारियों की दी है। रेलवे के अवर अभियंता उपेंद्र कुमार ने बताया कि कार्यदायी संस्था केपीटीएल के खिलाफ इस लापरवाही का मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है।

### इंटेलिजेंस के अफसरों ने साजिश को नकारा

- कस्बे के प्लेटफार्म संख्या तीन में कानपुर मानिकपुर मेमू ट्रेन के डिरेल होते-होते बचने की खबर पाकर मुख्यालय से इंटेलिजेंस की टीम रेलवे स्टेशन पहुंची और प्लेटफार्म तीन का चप्पा चप्पा खंगाल कर रेलवे कर्मियों से वार्ता करके स्पष्ट किया है कि यह आतंकी घटना नहीं है। यह रेलवे कर्मियों की लापरवाही का नतीजा है। जिन्होंने कार्य के दौरान लकड़ी के गुटकों को रेलवे ट्रैक पर छोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट तैयार करके शासन को भेजी जा रही है।

### कार्यदायी संस्था ने रेलवे कर्मियों को बताया दोषी

- कस्बे के प्लेटफार्म संख्या तीन में कानपुर से मानिकपुर जाते समय मेमू ट्रेन की लाइन में लकड़ी के गुटके रखे होने के मामले में कार्यवाही संस्था केपीटीएल ने पल्ला झाड़ते हुए कहा कि उनका कोई कार्य नहीं चल रहा था। उनका कार्य पूर्ण है और वह बीते 17 जुलाई को रेलवे को कार्य पूर्ण करके हैंडओवर कर चुके हैं। वहीं रेलवे के अवर अभियंता सहित अन्य जिम्मेदार अभी भी अपने बयान पर अडिग है और इस घटना के लिए कार्यदायी संस्था के लोगों को जिम्मेदार बताकर मुकदमा दर्ज करने की बात कह रहे हैं। वहीं प्रशासन ने मौका मुआयना कर किसी साजिश से इनकार किया है।

## यूपी बोर्ड के आश्रम पद्धति विद्यालय ग्रेडिंग में साबित हुए फिसड्डी

**लखनऊ।** समाज कल्याण विभाग के अधीन संचालित यूपी बोर्ड के आश्रम पद्धति विद्यालयों का प्रदर्शन शर्मनाक रहा है। ग्रेडिंग सिस्टम में विद्यालय फिसड्डी साबित हुए और ए श्रेणी हासिल नहीं कर सके। पिछली बार दो विद्यालय (सर्वोदय बालिका विद्यालय, कौड़िहार प्रयागराज और सर्वोदय विद्यालय मेहरौना, देवरिया) ए श्रेणी में आए थे।

समाज कल्याण विभाग ने यूपी बोर्ड के आश्रम पद्धति विद्यालयों के लिए पाठ्यक्रम तैयार किया था। पाठ्यक्रम के अनुसार जुलाई से 15 अगस्त तक पढ़ाई कराई गई। इसके बाद अंग्रेजी स्कूलों की तर्ज पर यूनिट टेस्ट लिया गया। परिणाम आने के बाद विद्यालयों की कराई गई ग्रेडिंग में परिणाम अच्छे नहीं रहे। ए प्लस और ए श्रेणी में एक भी विद्यालय नहीं आया। बी श्रेणी में 9, सी श्रेणी में 25 और डी श्रेणी में 17 विद्यालय आए। बता दें कि यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटर के परीक्षा परिणाम के बाद विभाग ने मई में यूपी बोर्ड से जुड़े 51 विद्यालयों की ग्रेडिंग कराई, तो सिर्फ दो विद्यालय (सर्वोदय बालिका विद्यालय, कौड़िहार प्रयागराज और सर्वोदय विद्यालय मेहरौना, देवरिया) ही ए श्रेणी में आए।


परीक्षा की रणनीति बनाते प्रो .एचसी वर्मा एवं अन्वेशिका कोऑर्डिनेटर ब्रजेश दीक्षित।

# 3 चरणों में पूरे देश में होगी नेस्ट की परीक्षा

- पद्मश्री से सम्मानित पूर्व प्रोफेसर ने औरैया की टीम के साथ की बैठक

संवाददाता, अजीतमल (औरैया)

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित एक आवास पर पद्मश्री से सम्मानित पूर्व प्रोफेसर ने औरैया टीम के साथ आगामी नेस्ट परीक्षा के लिए बनाई रणनीति।

गुरुवार को पूर्व प्रवक्ता व अन्वेशिका कोऑर्डीनेटर ब्रजेश दीक्षित के आवास पर 2024 को अन्वेषिका ( गो एवं गो )पर पधारे पद्मश्री से सम्मानित प्रोफेसर एच सी वर्मा पूर्व प्रोफेसर आईआईटी कानपुर ने औरैया जनपद की टीम के साथ एक मीटिंग की। उक्त मीटिंग में विचार विमर्श करने के उपरांत कहा कि पूरे देश में नेशनल अन्वेषिका नेटवर्क ऑफ इंडिया (नानी) के अंतर्गत नेस्ट परीक्षा का आयोजन किया जाता है। परीक्षा तीन स्तरों में होती है जिसमें सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले दो प्रतिशत बच्चों को अगले स्तर हेतु चयनित किया जाता है। इस परीक्षा में उत्तीर्ण प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को क्रमशः 5000, 3000 एवं 2000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाता है।

वहीं उन्होंने बताया कि यह पूर्णतया निःशुल्क परीक्षा है। प्रोफेसर वर्मा का स्वागत बृजेश दीक्षित अन्वेषिका कोऑर्डिनेटर जनपद औरैया ने किया। साथ ही अमित कुमार बाजपेई,रंजीत कुमार, ई. रीतेश शिक्षा सोपान, मोहित सिंह, भौतिक विज्ञान शिक्षक, राष्ट्रपति पुरस्कृत मनीष सिंह यादव, रामेंद्र सिंह कुशवाहा ने वर्ष 2025 में होने वाली परीक्षा हेतु विचार विमर्श किया।

## देश में पहली बार होगी अंतर्राष्ट्रीय आध्यात्मिक ओलंपियाड परीक्षा

**बरेली :** अंतर्राष्ट्रीय अध्यात्म ओलंपियाड परिषद देश में पहली बार अंतर्राष्ट्रीय आध्यात्मिक ओलंपियाड परीक्षा कराएगी। अलग-अलग वर्गों में प्रथम पुरस्कार पाने वाले विजेताओं को 10 लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में अध्यात्म के प्रति रुझान बढ़ाना है।

शुक्रवार को एक होटल में आयोजित प्रेसवार्ता में अंतर्राष्ट्रीय अध्यात्म ओलंपियाड परिषद बरेली के रिसोर्स पर्सन संदीप बत्रा ने बताया कि तीन सौ जिलों में 31 अगस्त 2025 को परीक्षा आयोजित होगी। 28 सितंबर को परिणाम जारी होगा। परीक्षा कराने की जिम्मेदारी एनटीए को सौंपी गई है। परीक्षा भाग लेने के लिए www.isocouncil.org पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होगा। परीक्षा में छह श्रेणियों में अभ्यर्थियों का रजिस्ट्रेशन होगा। अलग- अलग ग्रुप में कक्षा एक से 12 और स्नातक, पीजी, शोध आदि के विद्यार्थियों को रखा गया है।अ से अध्यात्म और ए फार अध्यात्म नाम से हिंदी और अंग्रेजी में पुस्तकें तैयार की जा रही हैं। इन पुस्तकों में सभी धर्मों की गहन जानकारी मिलेगी। अभ्यर्थियों को उनके पते पर यह पुस्तकें भेजी जाएंगी।

# हत्या में 3 लोग दोषी, 2 आरोपी बरी

- सजा पर 14 को होगा निर्णय 8 साल पहले हुई थी घटना

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सैफ अहमद ने करीब 8 वर्ष पूर्व थाना एरवा कटरा क्षेत्र के ग्राम कढ़ेया में एक 10 वर्षीय बालक की हत्या के 3 अभियुक्त गंगा देवी, महिपाल व जयपाल को दोषी ठहराया है वहीं 2 सह अभियुक्त मुनीश उर्फ खजांची व राखी उर्फ रेखा को दोषमुक्त कर दिया है। तीनों अभियुक्तों को 14 अक्तूबर को सजा सुनाई जायेगी।

अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे शासकीय अधिवक्ता मुकेश कुमार पोरवाल ने बताया कि जिला मैनपुरी निवासी वादी नरेंद्र सिंह यादव ने थाना एरवा कटरा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने लिखा की उसकी ससुराल ग्राम कढ़ैया थाना एरवा कटरा में है। 06 जून 2016 को उसकी पत्नी बेबी, पुत्र संदेश कुमार को लेकर मायके गयी थी। 10 जून 2016 को पुत्र संदेश कुमार दोपहर के समय चचिया ससुर स्वर्गीय शौकीन सिंह के यहां गया था। शाम को पता चला कि वहीं पर संदेश की मौत हो गयी। वादी ने आरोप लगाया कि उसके चचिया ससुर के घर वालों ने पुत्र संदेश की हत्या कर दी। क्यो कि ससुराल वालों व चचिया ससुर शौकीन सिंह के बीच जमीन का विवाद है। उसे संदेह है कि जयपाल सिंह व महिपाल सिंह पुत्र शौकीन सिंह व शौकीन सिंह की पत्नी गंगा देवी ने मिलकर पुत्र की हत्या की है। इन तीनों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा थाना एरवा कटरा में दर्ज हुआ। पुलिस ने विवेचना कर तीनों नामजद आरोपियों को निर्दोष मानते हुए अंतिम आख्या ( एफ. आर.) प्रेषित की। तथा मुनीष उर्फ खजांची पुत्र शौकीन सिंह व राखी उर्फ रेखा पत्नी जयपाल को हत्या का दोषी मानते हुए चार्जशीट कोर्ट में प्रस्तुत की। यह मुकदमा दोनों के विरुद्ध ए.डी.जे. में चला। विचारण के दौरान वादी की मांग पर एफ. आर. में निर्दोष साबित किए गए तीनों आरोपी जयपाल सिंह, महिपाल सिंह व गंगा देवी को कोर्ट ने बतौर अभियुक्त तलब किया। इस तरह पांच लोगों के विरुद्ध यह मुकदमा कोर्ट में चला। शुक्रवार को एडीजे. तृतीय सैफ अहमद ने निर्णय सुनाया। कोर्ट ने पुलिस की विवेचना के विपरीत गंगा देवी, महिपाल व जयपाल को हत्या का दोषी माना व उन्हें जेल भेज दिया। तीनों के दण्ड के विषय पर निर्णय 14 अक्टूबर को कोर्ट सुनाएगा। पुलिस विवेचना में चार्जशीट पाने वाले दोनों आरोपियों मुनीश उर्फ खजांची व राखी उर्फ रेखा को कोर्ट ने दोषमुक्त करके बरी कर दिया। आरोपियों की पैरवी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से नामित लीगल एंड डिफेंस काउंसिल प्रमोद यादव ने की।

# सांसद के बेटों पर भी मारपीट का केस दर्ज

- 5 दिन पहले गंदे पानी की छींटे पड़ने पर हुआ था झगड़ा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार ।** पांच दिन पहले स्कूटी से गंदे पानी के छींटे पड़ने पर दो पक्षों में झगड़े का एटा के सांसद देवेश शाक्य के बेटे ने मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया था। अब दूसरे पक्ष ने सांसद के बेटों व अन्य लोगों के खिलाफ मारपीट, दबंगई करने का केस दर्ज कराया है।

थाना फ्रेंड्स कॉलोनी में इसी क्षेत्र में मोहल्ला शिवपुरी शाला के आशीष यादव ने शांति कालोनी में रहने वाले एटा सांसद देवेश शाक्य के बेटों आर्यन व नवन शाक्य, बगिया अड्डा के अभय कुशवाहा, कार्तिक शाक्य व इनके दो तीन अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इसमें कहा गया है कि 28 सितंबर को दोपहर के समय अभय और आर्यन स्कूटी से तेजी से निकले गंदे पानी के छींटे पड़ने पर विरोध किया तो उस धमकी देकर चले गए, थोड़ी देर बाद यह सभी तीन बाइको से आ धमके गाली गलौज करते हुए लात घूंसो से मारपीट करने लगे। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोगों के आने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। घायल होने से इलाज कराने चला गया, अभय ने उसी दिन हम लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्र ने बताया कि जांच में मामला दोनों ओर से मारपीट का पाया गया उसी के अनुरूप दोनों पक्षों के केस दर्ज कर लिए गए हैं अब गहनता से जांच की जा रही है।

# पूर्व जिपं अध्यक्ष जुगेंद्र, पूर्व विधायक रामेश्वर यादव पर गैंगरेप की रिपोर्ट

- जिला पंचायत सदस्य दो भतीजों सहित अज्ञात पर संगीन धाराओं में एफआइआर
- महिला ने लगाया आरोप, 4 जनवरी 2015 को दोनों ने किया दुष्कर्म

संवाददाता, एटा

**अमृत विचारः** सपा नेता प्रो. रामगोपाल यादव के रिश्तेदार पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेंद्र सिंह यादव और अलीगंज विधान सभा से तीन बार विधायक रह चुके उनके भाई पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह यादव के विरुद्ध दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ है। महिला ने दोनों सपा नेताओं और उनके दो जिला पंचायत सदस्य भतीजों सहित तीन अज्ञात के खिलाफ कोतवाली नगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सपा नेताओं पर नौकरी के बहाने जीटी रोड स्थित आवास पर महिला को बुलाकर दुष्कर्म करने का आरोप है।

थाना कोतवाली नगर में एक महिला ने तहरीर दी कि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेंद्र सिंह यादव ने 4 जनवरी 2015 को जीटी रोड स्थित फार्म हाउस पर बुलाया। सुबह लगभग 8 बजे वह वहां पहुंच गई तो जुगेंद्र सिंह भी पीछे से आवास पर पहुंचे और उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए दुष्कर्म किया। इसके बाद अलीगंज के पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह यादव पहुंचे और उन्होंने भी दुष्कर्म किया। महिला ने आरोप लगाया कि जुगेंद्र सिंह और रामेश्वर सिंह यादव के आवास के बाहर जाने के बाद किसी तरह से वह कमरे से निकलकर नीचे आई तो वहां रामेश्वर यादव के बेटे प्रमोद यादव और सुबोध यादव खड़े हुए थे। दुष्कर्म पीड़िता ने उन्हें बताया तो दोनों आग बबूला हो गए और गालियां देने लगे। इतना ही नहीं पीटते हुए कपड़े फाड़ दिए। पीड़िता का कहना है कि इन नेताओं के भय के कारण एफआईआर दर्ज नहीं करवा पाई थी। हिम्मत जुटा कर अब शिकायत दर्ज कराई है।

पुलिस ने आरोपी सपा नेताओं के विरुद्ध धारा 376डी, 342, 323, 504, 506 के तहत एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बता दें करीब ढाई वर्ष से दोनों सपा नेता गैंगस्टर एक्ट, महिला से छेड़छाड़, जानलेवा हमला, लूट करने के आरोपों सहित कई मामलों में जुगेंद्र सिंह एटा जिला कारागार में बंद है तो उनके पूर्व विधायक भाई रामेश्वर यादव अलीगढ़ जेल में बंद है। वहीं दोनों भतीजे प्रमोद यादव, सुबोध यादव फरार चल रहे हैं।

**वैज्ञानिक की राय** | विटामिन से भरपूर सहजन का पूरे विश्व में होता उपयोग, पत्ते के साथ फल और फूल में पोषक तत्वों का भंडार, सब्जी के साथ सूप के रूप में होता प्रयोग

# औषधीय गुणों से भरपूर सहजन सेहत को देता चमत्कारिक लाभ

संवाददाता, जलालाबाद (कन्नौज)


सहजन का पौधा और फली। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पोषण माह के तहत कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष डॉ. वीके कनौजिया ने बताया कि सहजन एक चमत्कारिक पौधा है। भारत में इसे कई नामों मोरिंगा, सहजना, सेजन, सुजना, ड्रमस्टिक आदि से जाना जाता है। औषधीय गुणों के कारण इसका उपयोग पूरे विश्व में खाने में स्वाद बढ़ाने से लेकर सब्जी और सूप बनाने में भी किया जाता है। इसके पत्ते, फल और फूल में पोषक तत्वों का भंडार हैं।

वैज्ञानिक डॉ. चंद्रकला यादव ने बताया कि यह कम उपजाऊ और कम पानी वाले क्षेत्र में भी आसानी से हो जाता है। इसकी पत्तियां विटामिन ए, बी1, बी2, बी6, सी और फोलेट का समृद्ध स्रोत हैं। ताजी पत्तियों में संतरे से सात गुना अधिक विटामिन सी, गाजर से चार गुना विटामिन ए, दूध से चार गुना कैल्शियम, केले से तीन गुना पोटैशियम, पालक से तीन गुना आयरन, दही से दो गुना प्रोटीन, और बादाम से तीन गुना विटामिन ई पाया जाता है। इसका फूल पेट और कफ रोगों में, फली वात व उदरशूल में, पत्ती नेत्ररोग, मोच, साइटिका, गठिया आदि में उपयोगी है।

छाल का सेवन साइटिका, गठिया, लीवर में लाभकारी होता है। छाल में शहद मिलाकर पीने से वात और कफ रोग खत्म हो जाते हैं। इसकी पत्ती का काढ़ा बनाकर पीने से गठिया, साइटिका, पक्षाघात, वायु विकार में शीघ्र लाभ पहुंचता है। साइटिका के तीव्र वेग में इसकी जड़ का काढ़ा तीव्र गति से चमत्कारी प्रभाव दिखता है। पत्ती की लुगदी बनाकर सरसों तेल डालकर आंच पर पकाएं और मोच के स्थान पर लगाने से जल्दी ही लाभ मिलने लगता है।

### सहजन के इस्तेमाल से ये होते हैं प्रमुख लाभ

- **हड्डियों को मजबूत बनाता है :** सहजन में कैल्शियम, आयरन और फास्फोरस पाया जाता है। यह बढ़ते बच्चों की हड्डियों को मजबूत बनाने के साथ बुजुर्गों में बोन डेंसिटी के खतरे को कम करता है।
- **इम्यूनिटी को बढ़ा कर मजबूत करता है :** भरपूर मात्रा में विटामिन सी के साथ एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते है। यह अस्थमा, खांसी, और अन्य श्वसन समस्याओं के लक्षणों को कम करने में सहायता करते हैं।
- **पाचन-तंत्र के लिए है फायदेमंद :** सहजन में थायमिन, राइबोफ्लेविन, नियासिन और विटामिन बी 12 पाया जाता है। जो यह कार्ब्स, प्रोटीन और वसा को तोड़ने के साथ पाचन में सहायता करता है।
- **उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करता है :** इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स हृदय में रक्त और पोषक तत्वों के सर्कुलेशन में सुधार करते हैं। उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। गुर्दे और मूत्राशय की पथरी के विकास को कम करने में मदद मिलती है।

# अखिलेश माफियाओं के सरगना : केशव प्रसाद

मिल्कीपुर, अयोध्या।

**अमृत विचारः** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव को माफियाओं का सरगना बताते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी का मतलब बर्बादी, गुंडागर्दी जमीन पर कब्जा करना है। शराब माफिया,बालू माफिया,नकल माफिया,जमीन माफिया सबके सरदार अखिलेश यादव हैं। वह अमानीगंज के रायपट्टी स्थित श्री गृहनाग देव संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अमृतकाल में सहभागिता कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में यदि कोई भी अपराधी होगा तो अखिलेश यादव उसे नहीं बचा पाएंगे, कठोर कार्रवाई की जाएगी। कहा कि फूट डालो और राज करो की राजनीति करने वाले लोगों को सबक सिखाने की जरूरत है। लोकसभा चुनाव में अयोध्या में पराजय का कष्ट सबको हैं। सबसे ज्यादा अयोध्या वासियों को। उपचुनाव में टिकट किसी को मिले आप लोग फूल जरूर खिलाना।उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विकास का मतलब भाजपा है। सपा, बसपा की चले तो गरीबों का खून चूस लें।

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूंदड़ा 2750-2775 आर.आर.21. 2750-2900 गेहूंफारम 2950-3000 जौ 2300 -2400 ज्वार 2000 -4000 बाजरा 2250-2300 मकाई 2400 -2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 7100 -7200 अरहर 8500 -9000 मसूर 5500 -5600 मटर 3600 -3700 उड़दहरा 11500 -12000 उड़दकाला 7500 -8500 मूंग 7500 -8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 15200-15300 अरहरस्पेशल 11700-11800 चनादाल 8850-8950 मटरदाल 4450-4550 मसूरमलका 7100-7125 मसूरदाल 7300-7325 उड़ददाल 9000- 13500 उड़द धोवा 10000- 12500 मूंगदाल 8500 -9700 मूंग धोवा 9500-11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800-4000 बासमती न01. 10500-11000 सेला 3000 -4000 बासमती न02. 7000 -8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1600-1700 मैदा 1670-1720 सूजी 1700-1750 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1570-1590 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5900-6000 अलसी 4500 -4600 अण्डी 4600 -4700 तिल्ली 11000- 11500 मूंगफली दानाषिवपुरी 9400- 11200 बटाली 8800-11000 सेहुआं 4000-4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसों कोल्हू 15000-15100 अलसी 12400-12500 अण्डी 13800-14000 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1990-2011 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2600-2625 अलसी 4800-4900 अण्डी 1400-1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1990-1995 मयूर 1990-1995 गुड़ (प्रति क्वि.) मंगलौरलडडू 4600-5000 देशी भेली 4600-4700 शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम.30. 4200-4260 घीदेशी (प्रति क्वि.) खुर्जा 60000-60100 औरय्या 51300-51400 माधौगढ़ 53300-53400

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 94450 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 100000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 105000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 78050 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 58200-58400 |

# वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत आकर्षक स्थल : मोदी

### प्रधानमंत्री ने कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन के तीसरे संस्करण को किया संबोधित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत को आकर्षक स्थल बताते हुए शुक्रवार को कहा कि देश उच्च आर्थिक वृद्धि का सफर जारी रखने के लिए व्यापक स्तर पर बदलावों से गुजर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन के तीसरे संस्करण में कहा कि उनकी सरकार 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनने में मदद करने के लिए संरचनात्मक सुधारों को जारी रखने को प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि नौकरियों का सृजन, कौशल विकास, टिकाऊ वृद्धि और लगातार तेज गति से विस्तार पर उनके तीसरे कार्यकाल विशेष जोर है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज एक वैश्विक आपात स्थिति के बीच हम यहां भारतीय युग के बारे में चर्चा कर रहे हैं। यह दर्शाता है कि दुनिया भारत पर किस तरह भरोसा करती है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती और पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि वित्त-प्रौद्योगिकी अपनाने की दर के मामले में भारत शीर्ष राष्ट्र के रूप में खड़ा है।



- बोले- देश आर्थिक वृद्धि का सफर जारी रखने को बदलावों से गुजर रहा

### आम आदमी के जीवन स्तर में होगा सुधार : सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार के उपायों और कुछ साल में प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करने के प्रयासों के साथ आम आदमी के जीवन स्तर में तेजी से सुधार आएगा। कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन में सीतारमण ने कहा कि भारत में असमानता में कमी आई है। असमानता को मापने के लिए सांख्यिकीय उपाए गिनी गुणांक शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सुधार दर्शाता है। क्योंकि ग्रामीण के लिए गिनी गुणांक 0.283 से घटकर 0.266 हो गया है, जबकि शहरी क्षेत्रों के लिए यह 0.363 से घटकर 0.314 हो गया है। उम्मीद है कि ये सुधार जारी रहेंगे।

# मल्टीबैगर स्टॉक : उच्च रिटर्न-संभावनाओं का खजाना

मल्टीबैगर स्टॉक ऐसे शेयर होते हैं जो निवेशकों को उनके प्रारंभिक निवेश की लागत से कई गुना अधिक रिटर्न देते हैं। ये स्टॉक्स उन कंपनियों की ओर से जारी किए जाते हैं जो तेजी से बढ़ती हैं, बाज़ार में उनकी उत्पादों की मांग अधिक होती है, साथ ही उनका प्रबंधन बेहतरीन होता है। इन शेयरों में निवेश से दीर्घकालिक रूप से पूंजी वृद्धि और लाभांश का लाभ मिलता है। हालांकि, मल्टीबैगर स्टॉक्स उच्च जोखिम वाले होते हैं और इनसे जुड़ा अस्थिरता का खतरा भी होता है, इसलिए निवेशकों को सतर्कता और सही रणनीति के साथ ही इसमें निवेश करना चाहिए। आइए इस पर जरा विचार किया जाए ....

### निवेश को लाभ

- **उच्च रिटर्न :** मल्टीबैगर स्टॉक में निवेश से निवेशकों को कई गुना अधिक रिटर्न मिल सकता है।
- **पूंजी वृद्धि :** लंबी अवधि में इन स्टॉक्स से पूंजी में अत्यधिक वृद्धि होती है। ये संपत्ति बढ़ाने के अच्छे साधन हैं।
- **लाभांश :** इन कंपनियों की लाभप्रदता उच्च होती है, जिससे निवेशकों को अधिक लाभांश मिल सकता है।
- **संभावनाओं की खोज :** सही स्टॉक की पहचान करके, आप नए और विकसित होते बाजारों में प्रवेश कर सकते हैं।



### स्टॉक की जानकारी

- **तेजी वृद्धि वाली कंपनियां :** मल्टीबैगर स्टॉक्स अक्सर ऐसी कंपनियों द्वारा जारी किए जाते हैं जो अपने उद्योग में जबरदस्त वृद्धि और विस्तार का अनुभव कर रही होती हैं।
- **उच्च मांग वाले उत्पाद :** इन कंपनियों के उत्पाद अद्वितीय होते हैं और बाजार में उनकी भारी मांग होती है।
- **बेहतर प्रबंधन :** इन कंपनियों में आमतौर पर अनुभवी और कुशल प्रबंधन टीम होती है जो कंपनी के विकास को सही दिशा में ले जाती है।
- **कम जोखिम और ऋण :** ये कंपनियां अक्सर मजबूत बैलेंस शीट और कम कर्ज के साथ काम करती हैं, जो उन्हें बाजार के झटकों से बचने में सक्षम बनाती हैं।

### मल्टीबैगर क्यो करते हैं

ऐसे स्टॉक को मल्टीबैगर इसलिए कहा जाता है क्योंकि ये निवेशकों को उनके निवेश पर कई बैग्स (गुना) का लाभ प्रदान करते हैं। इस टर्म को सबसे पहले प्रसिद्ध निवेशक पीटर लिंच ने अपनी किताब वन अप ऑन वॉल स्ट्रीट में जिक्र किया था तब ये यह लोकप्रिय है।

### निवेश करते समय जोखिम का रखें ध्यान

- **उच्च अस्थिरता :** मल्टीबैगर स्टॉक अस्थिर हो सकते हैं। बाजार में गिरावट या आर्थिक संकट के दौरान, इनके मूल्य में भारी गिरावट आ सकती है।
- **वैल्यू ट्रैप :** कुछ कंपनियां शुरुआत में उच्च विकास दिखा सकती हैं, लेकिन दीर्घकालिक दृष्टिकोण में उनकी वास्तविक मूल्यवृद्धि की क्षमता कम हो सकती है। ऐसे में निवेशक मूल्य जाल में फंस सकते हैं।
- **बाजार बुलबुला :** कुछ मल्टीबैगर स्टॉक उस समय ऊंची कीमतों पर कारोबार कर सकते हैं जब बाजार में बुलबुला हो, जो बाद में फट सकता है और भारी नुकसान का कारण बन सकता है।
- **आर्थिक बुलबुला और गिरावट :** यदि कोई कंपनी आर्थिक बुलबुले का हिस्सा है, तो बुलबुले के फूटने पर स्टॉक की कीमतें गिर सकती हैं, जिससे निवेशक को बड़ा नुकसान हो सकता है।

# पांचवें दिन भी गिरावट, सेंसेक्स 809, निफ्टी 235 अंक टूटा

**मुंबई, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में तनाव और विदेशी पूंजी की निकासी से शुक्रवार को शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक लगातार पांचवें सत्र में गिरावट पर रहे। सेंसेक्स में 809 अंक और निफ्टी में 235 अंक की गिरावट आई। एफएमसीजी, वाहन और ऊर्जा कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से ऐसा हुआ। बीएसई का सेंसेक्स 808.65 अंक यानी 0.98% फिसलकर 81,688.45 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान ये 81,532.68 के निचले और 83,368.32 के ऊपरी स्तर को छुआ। सेंसेक्स में 1,835.64 अंकों का बड़ा उतार-चढ़ाव दिखा। एनएसई का निफ्टी भी 235.50 अंक यानी 0.93% का टूटकर 25,049.85 पर आ गया। कारोबार के दौरान निफ्टी 24,966.80 के निचले और 25,485.05 के ऊपरी स्तर तक गया।

### निवेशकों के डूबे 16 लाख करोड़

मुंबई। बाजार में जारी बिकवाली से चार दिन में निवेशकों के 16 लाख करोड़ से अधिक रुपये डूब गए। सेंसेक्स चार दिन में 4147.67 अंक टूटा। यह शुक्रवार को 81,688.45 अंक पर आ गया। बीएसई की कंपनियों की पूंजी शुक्रवार को 1626691.48 करोड़ कम होकर 4,60,89,598.54 करोड़ रुपये पर आ गई।

# प्याज, आलू की कीमतों ने फीका किया स्वाद

**मुंबई, एजेंसी**

- शाकाहारी भोजन की लागत 28.1 रुपये से 11% बढ़कर 31.3 रुपये हुई
- मांसाहारी भोजन की लागत दो प्रतिशत घटकर 59.3 रुपये हुई
- प्याज, आलू व टमाटर की कीमतें क्रमशः 53, 50 और 18 प्रतिशत बढ़ीं

आलू, प्याज और टमाटर की कीमतों में उछाल से घर का बना खाना एक साल पहले की तुलना में महंगा हो गया। शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में यह बात कही गई। घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की रिपोर्ट के अनुसार, सितंबर 2023 में शाकाहारी भोजन की लागत 28.1 रुपये से सितंबर में 11 प्रतिशत बढ़कर 31.3 रुपये हो गई। यह अगस्त में 31.2 रुपये से थोड़ी ही अधिक हुई।

रोटी, राइस, रेट नामक रिपोर्ट में वृद्धि के लिए सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी को जिम्मेदार ठहराया गया है, जो थाली की लागत का 37% हिस्सा है। इसमें कहा गया कि सितंबर में प्याज, आलू तथा टमाटर की कीमतें क्रमशः 53, 50 और 18% बढ़ीं। इसकी वजह प्याज तथा आलू की कम आवक, जबकि बारिश से आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र में टमाटर का उत्पादन प्रभावित रहना रही। रिपोर्ट में कहा गया, उत्पादन में कमी से दालों की कीमतों में पिछले साल की तुलना में 14% की वृद्धि हुई, जबकि साल की शुरुआत में कीमतों में कटौती से ईंधन की कीमतों में 11% की गिरावट आई। मांसाहारी थाली की लागत पिछले वर्ष की तुलना में 2% घटकर 59.3 रुपये हो गई, जबकि ब्रॉयलर (मांस) की कीमतों में 13 प्रतिशत की गिरावट आई, जिसका इस थाली में 50 प्रतिशत योगदान है। अगस्त की तुलना में मांसाहारी भोजन की कीमत स्थिर रही।



# सेवा क्षेत्र की गतिविधियां 10 महीने के निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** देश में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां सितंबर में 10 महीने के निचले स्तर पर आ गईं। एक मासिक सर्वेक्षण में शुक्रवार को कहा गया कि नए ऑर्डर, अंतर्राष्ट्रीय बिक्री और उत्पादन वृद्धि में कमी से ऐसा हुआ।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा व्यवसाय गतिविधि सूचकांक अगस्त के 60.9 से गिरकर सितंबर में 57.7 पर आ गया। इससे पता चलता है कि उत्पादन में वृद्धि तो हुई है, लेकिन इसकी रफ्तार नवंबर 2023 के बाद से सबसे धीमी थी। खरीद प्रबंधकों से प्राप्त सूचना के आधार पर तैयार सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब है कि गतिविधियों में विस्तार हो रहा है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दर्शाता है। एचएसबीसी के भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि भारत के सेवा पीएमआई आंकड़ों से पता चलता है कि सितंबर में सेवा क्षेत्र में धीमी गति से विस्तार हुआ।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### तीन इंजीनियरिंग कॉलेजों में बम की सूचना झूठी

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में तीन इंजीनियरिंग कॉलेजों को शुक्रवार दोपहर प्राप्त ईमेल में उनके परिसरों में बम की सूचना मिली, जो बाद में झूठी निकली। पुलिस के अनुसार, बासवनगुडी स्थित बेंगलूर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और बीएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग तथा सदाशिवनगर स्थित एमएस रमैया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी को अपराह्न एक बजे ईमेल से बम की धमकी मिली। कॉलेज प्रबंधनों ने पुलिस को सूचना दी, जो बम निरोधक और श्वान दस्ते के साथ पहुंची। जांच के बाद, पुलिस को सूचना झूठी मिली।

### कांगड़ा में सड़क हादसे में तीन की मौत

**कांगड़ा।** हिमाचल प्रदेश में कांगड़ा जिले के नगरोटा बगवां पुलिस थाना के अंतर्गत गुरुवार देर रात ठानपुरी गांव में मोटर साइकिल और बस दुर्घटना में दो युवकों और एक महिला की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान सदरपुर गांव के राकेश कुमार (35), गुलशन कुमार (34) और गुलशन की पत्नी सुमन (31) के रूप में हुई है। तीनों ही नगरोटा में रिश्तेदारों के घर शादी समारोह में भाग लेने के बाद मोटरसाइकिल से वापस लौट रहे थे।

### आठवीं के छात्र की चाकू घोंपकर की हत्या

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले में 15 वर्षीय लड़के ने आठवीं कक्षा के छात्र की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। पुलिस उपमंडल अधिकारी (पाटन) लोकेश डाबर ने शुक्रवार को को बताया कि आरोपी ने पीड़ित रोहित प्रजापति के फोन पर एक मैसेज भी भेजा था, जिसमें झगड़े के बाद उसे जान से मारने की धमकी दी गई थी।

# कांग्रेस युवाओं को ड्रग्स की दुनिया में धकेल रही

### 5,600 करोड़ की ड्रग्स की जब्ती पर केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने प्रमुख विपक्षी दल को घेरा


**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ड्रग कारोबार से जुड़े 5,600 करोड़ रुपये की जब्ती के मामले में कांग्रेस के पूर्व पदाधिकारी की संलिप्तता पर शुक्रवार को उस पर निशाना साधा और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार जहां युवाओं को खेल, शिक्षा और नवोन्मेष की ओर ले जा रही है, वहीं प्रमुख विपक्षी दल उन्हें ड्रग्स की अंधेरी दुनिया में ले जाना चाहता है।

शाह ने एक्स पर कहा कि एक ओर जहां मोदी सरकार नशामुक्त भारत के लिए कतई न बर्दाश्त करने की नीति अपना रही है, वहीं उत्तर भारत से पकड़ी गई ड्रग्स की 5,600 करोड़ रुपये की खेप में कांग्रेस के एक प्रमुख व्यक्ति की संलिप्तता बेहद खतरनाक और शर्मनाक है। भाजपा ने गुरुवार को आरोप लगाया था कि 5,600 करोड़ रुपये की जब्ती के मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी को युवा कांग्रेस की दिल्ली इकाई के सूचना का अधिकार (आरटीआई) प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाया गया है।

हालांकि, कांग्रेस ने इन आरोपों को निराधार एवं झूठा करार देते हुए कहा कि सत्तारूढ़ दल ने जिस मुख्य आरोपी तुषार गोयल का जिक्र किया है, उसे 17 अक्टूबर, 2022 को ही संगठन से पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में निष्कासित कर दिया गया था। शाह ने कहा कि कांग्रेस के शासन में मादक पदार्थों से पंजाब, हरियाणा और समग्र उत्तर भारत में युवाओं का जो हाल हुआ, वह सभी ने देखा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार युवाओं को खेल, शिक्षा और इनोवेशन की ओर ले जा रही है, तो वहीं कांग्रेस उन्हें ड्रग्स की अंधेरी दुनिया में ले जाना चाहती है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेता द्वारा अपने राजनीतिक रसूख से युवाओं को मादक पदार्थो के दलदल में झोंकने का जो पाप किया जाना था, उन इरादों को मोदी सरकार कभी पूरा नहीं होने देगी।



- बोले- मोदी सरकार युवाओं को खेल, शिक्षा व नवोन्मेष की ओर ले जा रही
- कांग्रेस ने आरोपों को निराधार एवं झूठा दिया करार

### कोकीन कांग्रेस बन गई प्रमुख विपक्षी पार्टी : भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने ड्रग मामले में तुषार गोयल की गिरफ्तारी पर कांग्रेस विपक्षी दल पर आरोप लगाया कि कांग्रेस अब 'कोकीन' का कारोबार करने वाले नेताओं की पार्टी बन गई है। भाजपा मुख्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने युवा कांग्रेस के उस दावे को खारिज कर दिया कि गोयल को 17 अक्टूबर, 2022 को पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए निष्कासित कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि यह जालसाजी है जिसके लिए कांग्रेस प्रसिद्ध है। जैसे ही वह (गोयल) मामले में आरोपी बना, संगठन से उसके निष्कासन का पत्र पूर्व की तिथि से जारी किया गया। उन्होंने कांग्रेस से उसके दावे की सत्यता का डिजिटल प्रमाण मांगा।

# मोदी की पूंजीवादी नीतियों को तोड़ने के लिए हरियाणीवासी करेंगे प्रहार : राहुल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा की आर्थिक नीतियों को लेकर शुक्रवार को उस पर प्रहार किया और कहा कि हरियाणा के लोग जल्द ही प्रधानमंत्री मोदी की पूंजीवादी नीतियों को तोड़ने के लिए अगला प्रहार करेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा की सत्ता में आने के बाद कांग्रेस रोजगार सृजन पर जोर देगी तथा राज्य को नशामुक्त किया जाएगा जिससे हर परिवार खुशहाल होगा।

राहुल गांधी ने एक्स पर कहा कि भारत में ऐसे ही छोटे उत्पादकों के 5500 समूह हैं, जो उचित सहयोग पर अपने उत्पादों को दुनिया भर में बेच सकते हैं। उन्हें वित्त, प्रौद्योगिकी, नेटवर्क, ब्रांडिंग और बेहतर आधार प्रदान करने के लिए नीतियों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस सहयोग से दुनिया न केवल हमारी मिठाई का आनंद ले सकती है, बल्कि सोपोर के सेब, बल्लारी की जींस, कोल्हापुरी चप्पल, मेघालय के अनानास, बिहार के मखाने, मुरादाबाद के पीतल के बर्तन और बहुत कुछ का आनंद ले सकती है। बनारसी साड़ियों की वैश्विक सफलता इस बात का एक बड़ा उदाहरण है कि क्या कुछ संभव है।



- कांग्रेस नेता बोले- हरियाणा में सत्ता में आने के बाद कांग्रेस रोजगार सृजन पर देगी जोर

### भारत से कामगार प. एशिया भेज रही सरकार : खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार प. एशिया में युद्ध की स्थिति के बीच इजराइल में 15,000 भारतीय कामगारों की भर्ती में मदद कर रही है। खरगे ने एक्स पर कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच मोदी सरकार की राष्ट्रीय कौशल विकास सहयोग संस्था इजराइल में 15,000 भारतीय कामगारों की भर्ती में मदद कर रही है। इससे पहले कई भारतीय युवाओं को रूस-यूक्रेन युद्ध में जाने के लिए संदिग्ध एजेंटों द्वारा धोखा दिया गया था। उन्होंने दावा किया कि यह मोदी सरकार की युवा विरोधी नीतियों के कारण पैदा हुई बेरोजगारी के बारे में बहुत कुछ बताता है।

### आरक्षण के लिए अनुसूचित जातियों का उप वर्गीकरण

# न्यायालय ने समीक्षा याचिकाएं कीं खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने अपने उस फैसले की समीक्षा के अनुरोध वाली याचिकाओं को रद कर दिया, जिसमें कहा गया था कि आरक्षण के लिए राज्यों को अनुसूचित जातियों में उप-वर्गीकरण का संवैधानिक अधिकार है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति बीआर गवई, विक्रम नाथ, बेला त्रिवेदी, पंकज मिथल, मनोज मिश्रा और सतीश चंद्र शर्मा की सात सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा कि रिकॉर्ड में कोई त्रुटि नजर नहीं आती है। शीर्ष अदालत ने पुनर्विचार याचिकाओं को खुली अदालत में सूचीबद्ध करने के आवेदन भी खारिज कर दिए। एक अलग असहमति वाला फैसला लिखने वाली न्यायमूर्ति त्रिवेदी भी बहुमत से सुनाए निर्णय पर पुनर्विचार का अनुरोध करने वाली याचिकाओं को खारिज करने वाली सात न्यायाधीशों की पीठ का हिस्सा थीं। आदेश 24 सितंबर का है जो आज वेबसाइट पर अपलोड हुआ।

कोर्ट ने एक अगस्त को बहुमत से दिए फैसले में कहा था कि राज्यों के पास अधिक वंचित जातियों के उत्थान के लिए एससी और एसटी के लिए निर्धारित आरक्षण में उप-वर्गीकरण का अधिकार है। सात सदस्यीय संविधान पीठ ने 6:1 के बहुमत से व्यवस्था दी कि राज्यों को एससी और एसटी में उप-वर्गीकरण करने की अनुमति दी जा सकती है ताकि सुनिश्चित हो सके कि इनमें और अधिक पिछड़ी जातियों को आरक्षण दिया जाए।



- सात सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा- रिकॉर्ड में कोई त्रुटि नहीं आती नजर

# रेलवे के निजीकरण का सवाल नहीं, किफायती सेवा पर ध्यान

**नासिक।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि रेलवे के निजीकरण का कोई सवाल ही नहीं है और राष्ट्रीय परिवहन सेवा प्रदाता का ध्यान सभी को किफायती सेवा देने पर है। रेल मंत्री ने कहा कि इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि लोग 400 रुपये से कम खर्च में 1,000 किलोमीटर तक आराम से यात्रा कर सकें। उन्होंने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के स्थापना दिवस समारोह में कहा कि पांच वर्षों में रेलवे का पूर्ण कायाकल्प होगा। वंदे भारत, नमो भारत जैसी ट्रेनें, कवच ट्रेन सुरक्षा तंत्र की तैनाती इस बदलाव का नेतृत्व करेंगी। उनका ध्यान प्रदर्शन, सुरक्षा, तकनीक और किफायती सेवा देने पर है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में रेल बजट 2.5 लाख करोड़ रुपये है और 10 वर्षों में 31,000 किलोमीटर नयी पटरियां बिछाई गयी हैं, जो फ्रांस के नेटवर्क से भी अधिक है।



# आदेश की अनदेखी पर ढांचे को करना होगा बहाल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि उसने पाया कि गुजरात के अधिकारियों ने संपत्ति ध्वस्तीकरण संबंधी उसके आदेश की अनदेखी की तो वह उन्हें तोड़े ढांचों को फिर से बहाल करने को कहेगा। न्यायमूर्ति बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ 17 सितंबर के आदेश के उल्लंघन पर अवमानना कार्यवाही की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कहा गया था कि देशभर में अपराध के आरोपियों सहित अन्य लोगों की संपत्तियों का बिना अदालत की अनुमति के ध्वस्तीकरण नहीं किया जाएगा। पीठ ने सोमनाथ मंदिर के पास ध्वस्तीकरण पर यथास्थिति का आदेश देने से इनकार कर दिया।

# पांच हजार बचाने की कोशिश में महिला ने गंवाए छह लाख

**मुंबई।** मुंबई की महिला ने पांच हजार रुपये बचाने के लिए गूगल पर खोजे एक नंबर को सरकारी हेल्पलाइन समझकर डायल कर दिया और छह लाख की ठगी का शिकार हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि घाटकोपर पश्चिम के चिराग नगर निवासी महिला ने 26 सितंबर को कार्ड विहीन सुविधा का उपयोग कर बैंक मोबाइल ऐप से पांच हजार रुपये निकालने की कोशिश की। किसी तकनीकी खामी से उसे संदेश आया कि पैसा यूपीआई से मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष के खाते केरलसीएमडीआरएफ.कोविड आईसीआईसीआई में चला गया है। महिला ने गूगल की मदद से यूपीआई संचालक भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम के टोल फ्री नंबर की तलाश की। सामने आए नंबर पर महिला ने फोन किया और झासे में आर ठगों को खाते, पासवर्ड, पैन संख्या और यूपीआई की जानकारी दे दी, जिसके बाद उसके खाते से छह लाख रुपये निकाले गए।

# वर्तमान में शांति- एकता की महत्ता और बढ़ गई : मुर्मू

**जयपुर, एजेंसी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया के अनेक हिस्सों में व्याप्त अशांति को देखते हुए आज शांति व एकता की महत्ता और बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को ये समझना चाहिए कि वह धरती का स्वामी नहीं बल्कि पृथ्वी के संरक्षण के लिए जिम्मेदार है। राष्ट्रपति मुर्मू आबू रोड स्थित ब्रह्माकुमारीज संस्थान के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय शांतिवन में चार दिवसीय वैश्विक शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में संबोधित कर रही थीं।

सम्मेलन का विषय स्वच्छ व स्वस्थ समाज के लिए आध्यात्मिकता है। उन्होंने कहा कि आज विश्व के अनेक हिस्सों में अशांति का वातावरण व्याप्त है तथा मानवीय मूल्यों का क्षरण हो रहा है। मुर्मू ने कहा कि ऐसे समय में शांति व एकता की महत्ता और अधिक बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि शांति केवल बाहरी नहीं बल्कि हमारे मन की गहराई में स्थित होती है। जब हम शांत होते हैं तभी हम दूसरों के प्रति सहानुभूति व प्रेम का भाव रख सकते हैं। इसलिए मन, वचन, कर्म सबको स्वच्छ रखना होता है। राष्ट्रपति ने कहा कि आज जब हम वैश्विक तापवृद्धि और पर्यावरण प्रदूषण के विपरीत प्रभावों से जूझ रहे हैं तब इन चुनौतियों का सामना करने के लिए सभी संभव प्रयास करने चाहिए। मनुष्य को यह समझना चाहिए कि वह इस धरती का स्वामी नहीं है बल्कि पृथ्वी के संरक्षण के लिए जिम्मेदार है। उसे अपने विवेक से इस ग्रह की रक्षा करनी है। मुर्मू ने कहा कि मनुष्य अपने कर्मों को त्याग कर नहीं बल्कि उन्हें सुधारकर ही बेहतर इंसान बन सकता है।



- राष्ट्रपति ने ब्रह्माकुमारीज संस्थान के चार दिवसीय वैश्विक शिखर सम्मेलन को किया संबोधित

# याचिका के समय से निपटारे का अनुरोध रद, कोर्ट ने कहा- जजों पर बहुत बोझ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें बंबई हाईकोर्ट में लंबित याचिका के समय से निस्तारण का अनुरोध किया गया है। न्यायालय ने कहा कि न्यायाधीशों पर बहुत काम का बोझ है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट में 92 न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या के मुकाबले वर्तमान में केवल 64 हैं। अदालत ने कहा कि हर न्यायाधीश के पास वाद सूची में 100 से अधिक मामले हैं और जब हाईकोर्ट काम के बोझ से दबा है तो ऐसे निर्देश पारित करना संभव नहीं है, खासकर जब पुराने निष्पादन आवेदन लंबित हों। अदालत निष्पादन याचिका के निपटारे में देरी के खिलाफ एक अपील पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में कहा गया कि निष्पादन याचिका कई बार स्थगित की जा चुकी है। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता को शीघ्र सुनवाई के लिए उच्च न्यायालय से अनुरोध करने की स्वतंत्रता होगी।

# एमसीडी स्थायी समिति : चुनाव कराने में जल्दबाजी पर कोर्ट ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- छठे सदस्य का चुनाव कराने में उपराज्यपाल कार्यालय के हस्तक्षेप पर गंभीर
- पीठ ने उपराज्यपाल से कहा- अगली सुनवाई तक अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं कराए

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्थायी समिति के छठे सदस्य का चुनाव कराने में उपराज्यपाल की ओर से की गई जल्दबाजी और प्रक्रिया में हस्तक्षेप पर शुक्रवार को सवाल उठाया। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और आर. महादेवन की पीठ ने उपराज्यपाल से कहा कि वह अगली सुनवाई तक स्थायी समिति के अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं कराए।

अदालत ने 27 सितंबर को स्थायी समिति के सदस्य के लिए चुनाव कराने के वास्ते उपराज्यपाल कार्यालय द्वारा एमसीडी अधिनियम की धारा 487 के तहत शक्ति का इस्तेमाल करने की आलोचना की। पीठ ने कहा कि आपको (एलजी) चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने की शक्ति कहां से मिली? यह विधायी कार्यों में हस्तक्षेप के लिए नहीं है। यह एक सदस्य का चुनाव है। यदि आप इस तरह हस्तक्षेप करते रहेंगे तो लोकतंत्र का क्या होगा? लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा।

# ... तो अगले ओलंपिक में भाग नहीं ले पाएंगे मुक्केबाज

नई दिल्ली, एजेंसी



- विश्व की सर्वोच्च खेल संस्था ने नए सिरे से जारी किए निर्देश
- आईओसी ने कहा- आईबीए से जुड़े राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघों की मान्यता की जाए रद

अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने अपने सदस्य देशों से निलंबित अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) से संबंध रखने वाले राष्ट्रीय महासंघों की मान्यता खत्म करने के लिए कहा है जिससे इन दोनों खेल संस्थाओं के बीच चल रहा विवाद और गहरा गया है।

आईओसी ने राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों (एनओसी) को 30 सितंबर को भेजे गए एक पत्र में दोहराया है कि जो राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ आईबीए के साथ संबंध समाप्त नहीं करेंगे, उन्हें 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में भाग नहीं लेने दिया जाएगा। आईओसी ने कहा एनओसी अब उन राष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघों के साथ संबद्ध या संस्थागत संबंध नहीं बनाए रखेगा जो अभी भी आईबीए से संबद्ध है। पत्र में कहा गया है कोई भी मुक्केबाज जिसका राष्ट्रीय महासंघ आईबीए से संबंध रखता है वह लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों में भाग नहीं ले पाएगा। संबंधित एनओसी को ऐसे राष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघ की सदस्यता रद्द करनी होगी। आईओसी ने मई में भी इसी तरह का एक निर्देश जारी किया था। एशियाई मुक्केबाजी परिसंघ ने कुछ सप्ताह पहले आईबीए से अलग होकर वर्ल्ड बॉक्सिंग में शामिल होने के खिलाफ मतदान किया था। इसके बाद अब विश्व की सर्वोच्च खेल संस्था ने नए सिरे से निर्देश जारी किए हैं। वर्ल्ड बॉक्सिंग को आईओसी का समर्थन प्राप्त है। भारत भी इस साल की शुरुआत में वर्ल्ड बॉक्सिंग में शामिल हो गया था लेकिन उसने यह भी कहा कि वह अपनी आईबीए सदस्यता छोड़े बिना ऐसा कर रहा है। उसके इस कदम की आईबीए ने आलोचना की और कहा था कि वह दो नाव पर सवार नहीं हो सकता। इस मामले में अभी तक कोई स्पष्टता सामने नहीं आई है। आईबीए ने आईओसी के नए निर्देश पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे अपमानजनक राजनीतिक खेल का प्रमाण और महासंघों की स्वतंत्रता का उल्लंघन करने का प्रयास बताया।

### 30 सितंबर को एनओसी को भेजा गया था पत्र

आईबीए ने कहा 30 सितंबर को सभी राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों (एनओसी) को भेजा गया पत्र आईओसी के अपमानजनक राजनीतिक खेल का प्रमाण है। आईबीए महासचिव और सीईओ क्रिस रॉबर्ट्स ने इस मामले पर अपनी स्थिति स्पष्ट करने के लिए एनओसी को पत्र लिखा है। यह आईओसी की हमारे राष्ट्रीय महासंघों पर दबाव बनाने की रणनीति है। हम अपने उन राष्ट्रीय महासंघों से शांत बने रहने का आग्रह करते हैं जो आईओसी के मुक्केबाजी को नुकसान पहुंचाने के इन गलत इरादों का पालन नहीं करते हैं।

# 2047 ओलंपिक में शीर्ष पांच में पहुंचाने का लक्ष्य : खेल मंत्री

**ग्वालियर।** खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि भारत 2047 में जब आजादी के सौ साल पूरे करेगा तो देश को ओलंपिक पदक जीतने वाले शीर्ष पांच देशों में शामिल करना है।

उन्होंने यहां लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षण संस्थान के 10वें दीक्षांत समारोह में भाग लेने के बाद पत्रकारों से कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए विश्व स्तरीय कोचों और ट्रेनिंग का पूल तैयार करना होगा। मांडविया ने कहा मुझे ग्वालियर आने की खुशी है क्योंकि यह दिवंगत राजमाता विजयाराजे सिंधिया की कर्मभूमि रही है। देश खेलों के क्षेत्र में आगे बढ रहा है।

भारत जब ओलंपिक 2036 की मेजबानी करेगा तो इसे खेलों में शीर्ष दस देशों में होना चाहिए और जब देश आजादी के सौ साल पूरे होने का 2047 में जश्न मनाएगा तो खेलों में शीर्ष पांच देशों में होना चाहिए। इसके लिए देश को विश्व स्तरीय कोचों का पूल और अभ्यास सुविधाएं चाहिए। इसमें एलएनआईपीए ग्वालियर अहम भूमिका निभा सकता है।

# यूरोपा लीग : मैनचेस्टर यूनाइटेड ने पोर्टो के साथ खेला ड्रॉ मुकाबला

पोर्टो, एजेंसी

स्थानापन्न खिलाड़ी हैरी मैगुइरे के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में किए गए गोल की बदौलत मैनचेस्टर यूनाइटेड ने यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में पोर्टो के खिलाफ मैच 3-3 से ड्रा खेला।

मैनचेस्टर यूनाइटेड एक समय 2-0 से आगे था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया। उसे अंतिम 20 मिनट का खेल 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा क्योंकि ब्रूनो फर्नांडिस को लगातार दूसरे मैच में रेड कार्ड का सामना करना पड़ा। रविवार को प्रीमियर लीग में मैनचेस्टर यूनाइटेड की टोटेनहम से 3-0 की हार के दौरान भी फर्नांडिस को बाहर भेज दिया गया था। यूरोपा लीग के अन्य मैचों में टोटेनहम ने फेरेन्कवारोस को 2-1 से हराकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। एक अन्य मैच में लाजियो ने भी घरेलू मैदान पर नीस को 4-1 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

### फीफा का इजराइल को निलंबित करने से इनकार

**ज्यूरिख।** विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने आयोजित शीर्ष परिषद की बैठक में इजराइली फुटबॉल महासंघ को निलंबित नहीं किया, लेकिन फिलिस्तीन के अधिकारियों द्वारा लगाए गए कथित भेदभाव के आरोपों की अनुशासनात्मक जांच के आदेश दिए। फीफा ने परिषद की बैठक के बाद कहा कि उसका एक सीनियर पैनल फिलिस्तीन के क्षेत्र में स्थित इजराइली फुटबॉल टीमों की इजराइली प्रतियोगिताओं में भागीदारी की जांच करेगा। फिलिस्तीन फुटबॉल महासंघ फीफा से वेस्ट बैंक की बस्तियों की टीमों को अपनी लीग में शामिल करने के लिए इजराइली संस्था के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग कर रहा है।

## खेल डायरी

### त्रिकोणीय टूर्नामेंट रद, वियतनाम से मैच खेलेगा भारत

**नई दिल्ली।** वियतनाम में त्रिकोणीय टूर्नामेंट रद होने के बाद भारतीय पुरूष फुटबॉल टीम 12 अक्टूबर को वियतनाम के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दोस्ताना मैच खेलेगी। लेबनान ने देश में जारी संकट के कारण त्रिकोणीय टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया। टूर्नामेंट फीफा के अंतरराष्ट्रीय मैच विंडो में सात से 15 अक्टूबर के बीच होना था। भारत को वियतनाम के खिलाफ नौ अक्टूबर को और लेबनान के खिलाफ 12 अक्टूबर को खेलना था। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने एक बयान में कहा लेबनान के त्रिकोणीय टूर्नामेंट से नाम वापिस लेने के बाद भारतीय सीनियर पुरूष टीम 12 अक्टूबर को दोस्ताना मैच में वियतनाम से खेलेगी। भारतीय टीम पांच अक्टूबर को कोलकाता में एकत्र होगी आर छह अक्टूबर को अभ्यास करेगी । टीम सात अक्टूबर को वियतनाम रवाना होगी।

### चीमा ने 70 का कार्ड खेला, खिताब के करीब पहुंचे

**विशाखापत्तनम।** चंडीगढ़ के गोल्फर अंगद चीमा ने शुक्रवार को यहां एक करोड़ पुरस्कार राशि के वाइजेग ओपन के अपना दबदबा जारी रखते हुए तीसरे दौर में एक अंडर 70 का कार्ड खेला जिससे वह शीर्ष पर बने हुए हैं। चीमा बीती रात चार शॉट से बढ़त बनाए थे। उन्होंने तीसरे दौर में शानदार कार्ड की मदद से कुल 13 अंडर 200 का स्कोर बना लिया है। अब वह तीन शॉट की बढ़त बनाए हैं। पटना के अमन (66-68-69) ने दो अंडर 69 के कार्ड से से दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। उनका कुल स्कोर 10 अंडर 203 अंक है। गुरुग्राम के कार्तिक शर्मा ने दिन का सर्वश्रेष्ठ सात अंडर 64 का कार्ड खेला जिससे वह नोएडा के अमरदीप मलिक और यशस चंद्रा के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर बने हुए हैं।

### भारत ने विश्व जू. निशानेबाजी चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण

**लीमा (पेरू)।** मुकेश नेलवल्ली, राजवर्धन पाटिल और हरसिमर सिंह रत्था की भारतीय टीम ने आईएसएसएफ विश्व जूनियर निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल की टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। भारत का यह इस प्रतियोगिता में 11वां स्वर्ण पदक है। वह कुल 16 पदक लेकर पदक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है। भारत ने एक रजत और चार कांस्य पदक जीते हैं। चीन तीन स्वर्ण और एक रजत पदक लेकर दूसरे स्थान पर है। मुकेश का यह प्रतियोगिता में चौथा स्वर्ण पदक है। उन्होंने 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक भी जीता था। मुकेश और राजवर्धन दोनों ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल के व्यक्तिगत फाइनल में भी जगह बनाई लेकिन वहां वे अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। राजवर्धन फाइनल में चौथे जबकि मुकेश पांचवें स्थान पर रहे। पुरुषों की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में परीक्षित सिंह बराड़ ने 623 .0 का स्कोर बनाकर भारतीय खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। शिवेंद्र बहादुर सिंह 618 .4 के स्कोर के साथ 14वें जबकि वेदांत नितिन वाघमारे 613 .2 के स्कोर के साथ 24वें स्थान पर रहे।

### उत्तराखंड के अल्मोड़ा में खेल महाकुंभ का आगाज

**अल्मोड़ा/नैनीताल।** उत्तराखंड में शुक्रवार को खेल महाकुंभ, 2024 का आगाज हो गया। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने अल्मोड़ा में इसका शुभारंभ किया। खेल महाकुंभ के तहत आज अल्मोड़ा के हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में खत्याड़ी न्याय पंचायत की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस अवसर पर खेल मंत्री आर्या ने कहा कि खेल महाकुंभ के माध्यम से प्रतिभावान ग्रामीण बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को न्याय पंचायत से ब्लॉक स्तर, जनपद स्तर एवं राज्य स्तर पर अपना दमखम दिखान का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री की दूरदर्शिता का ही परिणाम है कि उत्तराखंड में नई खेल नीति बनी तथा खिलाड़ियों को भी राज्य की सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया गया। खेल महाकुंभ से खेल प्रतिभाओं को सामने आने का मौका मिलता है। अल्मोड़ा के प्रसिद्ध खिलाड़ियों के परिवारजनों को सम्मानित किया तथा लक्ष्य सेन, एकता बिष्ट समेत अन्य खेल प्रतिभाओं के योगदान को सराहा। खेल मंत्री ने मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के तहत चयनित 2049 खिलाड़ियों के खेल उपकरण तथा छात्रवृति के लिए 2,45,88,000 रुपये की धनराशि डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के खातों में डाली।

# विश्वकप में हार से शुरू हुआ सफर

## न्यूजीलैंड ने भारत को 58 रन से हराया, सोफी का अर्धशतक

दुबई, एजेंसी



भारतीय कप्तान हरमनप्रीत का विकेट लेने के बाद जश्न मनातीं खिलाड़ी। ● एजेंसी

कप्तान सोफी डिवाइन (नाबाद 57) और जॉर्जिया प्लिमर (34) की शानदार पारियों के बाद रोजमेरी मेयर,लिया तहुहू और ईडन कार्सन की घातक गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को महिला टी-20 विश्वकप के चौथे मुकाबले में भारत को 58 रनों हरा दिया हैं। सोफी डिवाइन को उनकी शानदार बल्लेबाजी के प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

आज यहां दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 161 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (दो) का विकेट गंवा दिया। पांचवें ओवर में स्मृति मंधाना (12) भी कार्सन का शिकार बनीं। हरमनप्रीत कौर (15) को रोजमेरी मेयर ने आउट किया। जेमिमाह रॉड्रिग्स (13), ऋचा घोष (12), दीप्ति शर्मा (13) तीनों का लिया तहुहू ने शिकार किया। अरुंधति रेड्डी (एक) और पूजा वस्त्रकर (आठ),रेणुका सिंह (शून्य)पर आउट हुई। न्यूजीलैंड की लिया तहुहू, रोजमेरी मेयर और ईडन के गेंदबाजी आक्रमण के आगे कोई भी बल्लेबाज नहीं टिक सकी और 19 ओवर में 102 के स्कोर पर समिट गई।

इससे पहले न्यूजीलैंड ने भारत को जीत के लिए 161 रनों का लक्ष्य दिया था। न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। सूजी बेट्स और जॉर्जिया प्लिमर की सलामी जोड़ी ने न्यूजीलैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिये 67 रन जोड़े। आठवें ओवर में अरुंधति रेड्डी ने सूजी बेट्स को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। सूजी बेट्स ने 24 गेंदों में 27 रन बनाए। जॉर्जिया प्लिमर ने 23 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (34) रन बनाये। एमेलिया कर (14) और ब्रूक हैलिडे (16) रन बनाकर आउट हुई। कप्तान सोफी डिवाइन ने नाबाद 57 रन बनाए। मैडी ग्रीन (8) रन बनाकर नाबाद रही। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 160 का स्कोर खड़ा किया। भारत की ओर से रेणुका सिंह ने दो विकेट लिये। अरुंधति और सोभना ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### स्कोर बोर्ड

**न्यूजीलैंड महिला : 160/4** — 20 ओवर

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| सूजी बेट्स का श्रेयंका बो अरूंधति | 27 | 24 | 2/0 |
| जॉर्जिया प्लिमर का स्मृति बो आशा | 34 | 23 | 3/1 |
| एमेलिया कर का वस्त्राकर बो रेणुका | 13 | 22 | 0/0 |
| सोफी डिवाइन नाबाद | 57 | 36 | 7/0 |
| ब्रूक हैलिडे का स्मृति बो रेणुका | 16 | 12 | 2/0 |
| मैडी ग्रीन नाबाद | 5 | 3 | 1/0 |

अतिरिक्त :8, गेंदबाजी : पूजा वस्त्राकर 1-0-9-0, रेणुका सिंह 4-0-27-2, दीप्ति शर्मा 4-0-45-0, अरूंधति रेड्डी 4-0-28-1, सोभना आशा 4-0-22-1, श्रेयंका पाटिल 3-0-25-0

**भारत महिला 102/10** — 19 ओवर

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| स्मृति मांधना कैच ग्रीन बोल्ड कार्सन | 12 | 13 | 2/0 |
| शेफाली वर्मा कैच आउट कार्सन | 2 | 4 | 0/0 |
| हरमनप्रीत कौर पगबाधा मेयर | 15 | 14 | 2/0 |
| जेमिमाह रॉड्रिग्स कैच ग्रीन बोल्ड तहुहू | 13 | 11 | 1/0 |
| ऋचा घोष कैच डिवाइन बोल्ड तहुहू | 12 | 19 | 0/0 |
| दीप्ति शर्मा कैच डिवाइन बोल्ड तहुहू | 13 | 18 | 0/0 |
| अरुंधति रेड्डी कैच बेट्स बोल्ड मेयर | 1 | 4 | 0/0 |
| पूजा वस्त्रकर बोल्ड केर | 8 | 7 | 1 0 |
| श्रेयंका कैच पेनफोल्ड बोल्ड मेयर | 7 | 13 | 1/0 |
| सोभना आशा नाबाद | 6 | 10 | 0/0 |
| रेणुका सिंह कैच डिवाइन बोल्ड मेयर | 0 | 1 | 0/0 |

अतिरिक्त 13, गेंदबाजी : जेस केर 3-0-13-0, ईडन कार्सन 4-0-34-2, रोजमेरी मेयर 4-0-19-4, एमेलिया केर 4-0-19-1, लिया तहुहू 4-0-15-3

## महिला टी-20 विश्व कप

# द. अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को दस विकेट से हराया

**दुबई।** दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप के एकतरफा मैच में शुक्रवार को वेस्टइंडीज को दस विकेट से हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया।

पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर वेस्टइंडीज ने छह विकेट पर 118 रन बनाए। स्टीफानी टेलर ने 41 गेंद में नाबाद 44 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के लिये बायें हाथ की स्पिनर नोंकुलुलेको एमलाबा ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 29 रन देकर चार विकेट लिये जबकि मरियाने काप ने 14 रन देकर दो विकेट चटकाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 13 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान लौरा वोल्वार्ट ने 55 गेंद में 59 रन बनाए जबकि ताजमिन ब्रिट्ज ने 52 गेंद में 57 रन जोड़े।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन करते हुए वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों को दबाव में रखा। काप ने हीली मैथ्यूज (10 रन) को विकेट के पीछे लपकवाकर पहला झटका दिया। कियाना जोसेफ को बायें हाथ की स्पिनर एमलाबा ने पांचवें ओवर में बोल्ड किया। वेस्टइंडीज के तीन विकेट 32 रन पर गिर गए थे जब काप ने डिएंड्रा डोटिन (13 रन) को आउट किया। इसके बाद से कैरेबियाई टीम बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रही।

# बोपन्ना-डोडिग शंघाई मास्टर्स के दूसरे दौर में

शंघाई, एजेंसी

भारत के रोहन बोपन्ना और क्रोएशिया के उनके जोड़ीदार इवान डोडिग ने शुक्रवार को यहां पाब्लो कैरेनो बुस्टा और पेड्रो मार्टिनेज पर सीधे सेटों में जीत के साथ एटीपी शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई।

बोपन्ना और डोडिग की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने 63 मिनट तक चले शुरुआती दौर के मैच में 6-4, 6-3 से जीत हासिल की। इस तरह से इन दोनों ने जोड़ी बनाने के बाद अपने पहले मैच में ही जीत दर्ज की। बोपन्ना और डोडिग ने पांच ऐस लगाए और आठ ब्रेक प्वाइंट में से तीन को भुनाया। उन्होंने अपने सर्विस गेम में चार बार ब्रेक प्वाइंट के मौके भी बचाए और मैच में केवल एक बार सर्विस गंवाई। सुमित नागल और रामकुमार रामनाथन दोनों के पहले दौर में बाहर होने से भारत की एकल में चुनौती पहले ही समाप्त हो चुकी है।

### विश्व टेनिस लीग में हिस्सा लेंगे सुमित नागल

**अबू धाबी।** भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल आगामी विश्व टेनिस लीग में हिस्सा लेंगे, जिसमें दुनिया के नंबर पांच खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव, नंबर छह आंद्रे रुबलेव और अमेरिकी ओपन महिला चैंपियन एरिना सबालेंका जैसे कई वैश्विक सितारे खेलते नजर आएंगे। इसकी घोषणा आयोजकों ने शुक्रवार को की। यह लीग 19 से 22 दिसंबर तक प्रतिष्ठित एतिहाद एरिना में आयोजित होगी। डब्लूटीएल में दो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता, पांच ग्रैंडस्लैम चैंपियन, विश्व के शीर्ष 12 पुरुष खिलाड़ियों में से छह और शीर्ष दस महिला खिलाड़ियों में से छह प्रतिस्पर्धा करेंगी।

### स्वियातेक ने कोच से अलग होने का किया फैसला

**वारसॉ।** शीर्ष रैंकिंग वाली पोलैंड की महिला टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने शुक्रवार को अपने कोच टॉमस विक्टोरोव्स्की से अलग होने की घोषणा की और कहा कि यह निर्णय दोनों ने मिलकर लिया है। विक्टोरोव्स्की की कोचिंग में तीन सालों के दौरान स्वियातेक ने अपने पांच ग्रैंडस्लैम खिताबों में से चार जीते और महिलाओं की रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंची। स्वियाटेक ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में लिखा अपने करियर की सबसे बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के तीन साल बाद, अपने कोच टॉमस विक्टरोव्स्की के साथ मिलकर हमने अलग होने का फैसला किया। मैं सबसे पहले शुक्रिया कहना चाहती हूं और हमारे कोच के काम की सराहना करती हूं।

# ईरानी ट्रॉफी : चौथे दिन अभिमन्यु दोहरे और जुरैल शतक बनाने से चूके

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मुंबई 537 रनों के जवाब में शेष भारत ने बनाए 416 रन



‹‹ अर्धशतकीय पारी खेलने के दौरान पृथ्वी शॉ।

**अमृत विचार :** शेष भारत के सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन (191) जहां अपने अपने दोहरे शतक से 9 रन दूर रह गए। वहीं, विकेटकीपर ध्रुव चंद्र जुरैल (93 रन) भी शतक पूरा करने से 7 रन पहलेआउट हो गये। इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद शेष भारत की टीम ज्यादा देर नहीं टिकी। टीम 416 रन बनाकर आउट हो गई। इस प्रकार मुंबई ने पहली पारी में 121 रनों की बढ़त हासिल कर ली है। मुंबई ने चौथे दिन छह विकेट पर 153 रन बना लिए। उसकी बढ़त अब 274 रन हो गई है।

इकाना स्टेडियम में खेले जा रहे मुकाबले में आज सबसे अधिक 12 विकेट गिरे। शेष भारत ने आज चार विकेट 289 रनों के आगे खेलना शुरू किया। टीम का पांचवां विकेट ध्रुव जुरैल (93) के रूप में गिरा। अभिमन्यु ने 191 रनों की खेली। शेष भारत 416 रन तक ही पहुंच सकी।

दूसरी पारी खेलने उतरी मुंबई की शुरुआत अच्छी रही, लेकिन बाद में विकेटों का पतन तेजी से हुआ। सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने 76 रन की पारी खेली। खेल खत्म होने तक मुंबई ने छह विकेट पर 153 रन बना लिए।

# हॉकी इंडिया लीग की सात साल बाद वापसी, पहली बार महिला लीग होगी

नई दिल्ली, एजेंसी



- 28 दिसंबर से नए स्वरूप में होगी वापसी, पुरुष और महिला दोनों टीमें लेंगी भाग

बहुप्रतीक्षित हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) की सात साल बाद 28 दिसंबर से नए स्वरूप में वापसी होगी जिसमें पुरुष और महिला दोनों टीमें भाग लेंगी। पुरुषों की प्रतियोगिता में आठ जबकि महिलाओं की प्रतियोगिता में छह टीमें भाग लेंगी। महिलाओं की स्पर्धा पहली बार आयोजित की जा रही है।

लीग का आयोजन 28 दिसंबर से एक फरवरी तक दो स्थानों राउरकेला और रांची में किया जाएगा। पुरुषों की प्रतियोगिता राउरकेला जबकि महिलाओं की प्रतियोगिता रांची में खेली जाएगी। लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी यहां 13 से 15 अक्टूबर तक होगी। इसके लिए कुल 10 फ्रेंचाइजी मालिक एकत्र होंगे। खिलाड़ियों की नीलामी तीन श्रेणियों दो लाख रुपये, पांच लाख रुपये और 10 लाख रुपये में की जाएगी। हॉकी इंडिया लीग की वापसी देश में हॉकी के इतिहास में ही एक अहम कदम नहीं है बल्कि महिला हॉकी को बढावा देने की दिशा में भी महत्वपूर्ण है। पहली बार महिला लीग शुरू करने से महिला हॉकी खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिये मंच मिलेगा। पुरूष वर्ग में फ्रेंचाइजी मालिक चेन्नई (चार्ल्स ग्रुप), लखनऊ (याडु ग्रुप), पंजाब (जेएसडब्ल्यू स्पोर्टर्स), पश्चिम बंगाल (श्राची स्पोर्टर्स), दिल्ली (महेश भूपति की एसजी स्पोर्टर्स एंड इंटरटेनमेंट), ओडिशा (वेदांता लिमिटेड), हैदराबाद (रिसोल्यूट स्पोर्टर्स) और रांची (नवोयम स्पोर्टर्स वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड) हैं।

महिला वर्ग में टीम मालिक हरियाणा (जेएसडब्ल्यू स्पोर्टर्स), पश्चिम बंगाल (श्राची स्पोर्टर्स), दिल्ली (महेश भूपति की एसजी स्पोर्टर्स एंड इंटरटेनमेंट) और रांची (नवोयम स्पोर्टर्स वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड) हैं । महिला लीग की बाकी दो टीमों का ऐलान बाद में होगा। हर टीम में 24 खिलाड़ी होंगे जिसमें कम से कम 16 भारतीय खिलाड़ी होंगे। इनमें चार जूनियर खिलाड़ी और आठ अंतर्राष्ट्रीय सितारे होना अनिवार्य है। महिला लीग का फाइनल 26 जनवरी को रांची में होगा जबकि पुरूष का फाइनल एक फरवरी को राउरकेला में खेला जाएगा।

## बॉलीवुड हलचल



# क्रिसमस पर रिलीज होगी आलिया-शर्वरी की अल्फा

**मुंबई।** यशराज फिल्मस के बैनर तले बन रही आलिया भट्ट और शर्वरी स्टारर फिल्म अल्फा क्रिसमस के अवसर पर 25 दिसंबर 2025 को रिलीज होगी। यशराज फिल्म्स ने इंस्टाग्राम पर घोषणा की है कि उनकी बहुप्रतीक्षित एक्शन एंटरटेनर अल्फा, जो वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पहली महिला प्रधान फिल्म है, 25 दिसंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्माण आदित्य चोपड़ा कर रहे हैं। यशराज फिल्मस ने इंस्टाग्राम पर अल्फा का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, क्रिसमस 2025 पर, #अल्फा का उदय होगा! एक एक्शन से भरपूर छुट्टी के लिए तैयार हो जाइए, 25 दिसंबर, 2025। फिल्म अल्फा में बॉलीवुड सुपरस्टार आलिया भट्ट मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी, और उनके साथ उभरती हुई अभिनेत्री शर्वरी होंगी। इस फिल्म में शानदार दृश्य और रोमांचक एक्शन सीक्वेंस के साथ साथ कई अप्रत्याशित ट्विस्ट भी देखने को मिलेंगे।

# स्त्री 2 ने सिनेमाघरों में 50 दिन पूरे किए



**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की जोड़ी वाली फिल्म स्त्री 2 ने सिनेमाघरों में हाफ सेंचुरी पूरी कर ली है। फिल्म स्त्री 2 वर्ष 2018 में रिलीज सुपरहिट फिल्म स्त्री का सीक्वल है। फिल्म स्त्री 2 में श्रद्धा कपूर, राज कुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना, तमन्ना भाटिया, अभिषेक बनर्जी जैसे कलाकार हैं ।अमर कौशिक के निर्देशन में बनी फिल्म स्त्री 2, का निर्माण दिनेश विजान ने मैडॉक फिल्म्स और जियो स्टूडियोज की ज्योति देशपांडे के साथ मिलकर किया है। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रिलीज हुई फिल्म स्त्री 2 ने पहले दिन ही शानदार ओपनिंग की थी। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म स्त्री 2 ने पहले हफ्ते में 291 .65 करोड़ रुपये की शानदार कमाई दर्ज की थी। वहीं, दूसरे हफ्ते में फिल्म स्त्री 2 ने अपनी दमदार कमाई जारी रखते हुए 141 .4 करोड़ रुपये की धुंआधार कमाई की। तीसरे सप्ताह स्त्री 2 ने 70 .2 करोड़, चौथे सप्ताह 36 .1 करोड़, पांचवे सप्ताह 24 .65 करोड़, छठे सप्ताह 18 .6 करोड़ की कमाई की। स्त्री 2 को रिलीज हुए 50 दिन हो गए हैं। स्त्री 2 अबतक भारतीय बाजार में करीब 592 करोड़ की कमाई कर चुकी है।

# 25 को रिलीज होगी द लीजेंड ऑफ हनुमान सीजन 5

**मुंबई।** द लीजेंड ऑफ हनुमान सीजन 5 ,डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 25 अक्टूबर को रिलीज होगी। डिज्नी प्लस हॉटस्टार ने द लीजेंड ऑफ हनुमान सीजन 5 की घोषणा की है, जहां हनुमान एक नए अवतार में प्रकट होंगे इस सीजन में दर्शकों को अद्भुत दृश्य, शानदार ग्राफिक्स और निष्ठा एवं वीरता से भरी एक गहन कथा देखने को मिलेगी। यह सीजन हनुमान के शक्तिशाली पांचमुखी अवतार को पेश करता है, जो उनकी अद्वितीय शक्ति और बुद्धिमानी को दर्शाएगा और दर्शकों को रोमांचक यात्रा पर ले जाएगा। ग्राफिक इंडिया द्वारा निर्मित, शरद देवराजन, जीवन जे. कांग द्वारा सृजित, और शरद केलकर एवं दमन बग्गा की आवाज से सुसज्जित द लीजेंड ऑफ हनुमान सीजन 5, 25 अक्टूबर को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## मिला खिताब




दक्षिण कोरिया के सियोल में मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में 81 वर्षीय दक्षिण कोरियाई की चोई सून-ह्वा को सर्वश्रेष्ठ पोशाक का पुरस्कार मिला। • एजेंसी

# डिजिटल अरेस्ट में लेकर ठग लूट रहे मोटी रकम

डिजिटल अरेस्ट के मामले इन दिनों तेजी से बढ़ रहे हैं। डिजिटल अरेस्ट के जरिए साइबर ठग आसानी से लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। देशभर में कई लोग इसका शिकार बन चुके हैं। इस मामले में बहुत तरह की सजा हो सकती है। गलत डॉक्यूमेंट बनाने, लोगों से ठगी करने, सरकारी एजेंसी को गुमराह करने की सजा हो सकती है। इसके अलावा मनी लॉन्ड्रिंग हो रही है उसकी सजा, आईटी एक्ट के तहत सजा, ट्राई के कानून के तहत गलत सिम कार्ड लेने की सजा का प्रावधान है।




### क्या है डिजिटल अरेस्ट?

डिजिटल अरेस्ट में किसी शख्स को ऑनलाइन माध्यम से डराया जाता है कि वह सरकारी एजेंसी के माध्यम से अरेस्ट हो गया है, उसे पेनल्टी या जुर्माना देना होगा। डिजिटल अरेस्ट एक ऐसा शब्द है जो कानून में नहीं है। लेकिन, अपराधियों के इस तरह के बढ़ते अपराध की वजह से इसका उद्भव हुआ है। पिछले तीन महीने में दिल्ली-एनसीआर में 600 मामले ऐसे आए हैं, जिनमें 400 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी हुई है। कई सारे अन रिपोर्टेड मामले होते हैं। कई ऐसे मामले भी आते हैं जिसमें ठगी करने की कोशिश करने वाले सफल नहीं हो पाते हैं।

### ऐसे फंसाया जाता है लोगों को

इसमें ठगी करने के 4- 5 तरीके होते हैं। जैसे, किसी कूरियर का नाम लेकर कि इसमें गलत सामान आया है। कुरियर में ड्रग्स है, जिसकी वजह से आप फंस जाएंगे। आपके बैंक खाते से इस तरह के ट्रांजैक्शन हुए हैं जो फाइनेंशियल फ्रॉड रिलेटेड हैं। मनी लॉन्ड्रिंग, एनडीपीएस का भय दिखाकर अधिकतर उन लोगों को फंसाया जाता है, जो पढ़े-लिखे और कानून के जानकार होते हैं। ऐसे लोगों को डराकर उनसे डिजिटल माध्यम से फिरौती मांगी जाती है। अगर उनके खातों में पैसे नहीं हैं तो उनको लोन दिलवाया जाता है। कई बार उनके पास लोन लेने वाले एप्स नहीं होते हैं तो उन एप्स को भी डाउनलोड कराया जाता है। कई बार दो से तीन दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा जाता है।

### इस तरह करें बचाव

- गलत तरीके से सिम कार्ड लेकर बैंक खाता खोला जाता है। पैन कार्ड, आधार कार्ड समेत कई अन्य डेटा को गैरकानूनी तरीके से इकट्ठा किया जाता है। उनके खाते से पैसे ट्रांसफर कराये जाते हैं। इसलिए अपने अपने दस्तावेज संभाल कर रखें।
- कोई भी सरकारी एजेंसी ऑनलाइन तरीके से पूछताछ नहीं करती है। यदि करती है तो आप इसको लेकर सदैव सचेत रहें।
- साइबर फ्रॉड के हेल्पलाइन नंबर या ईमेल से शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।
- स्थानीय पुलिस को भी शिकायत दे सकते हैं। अगर आप पुलिस को एक घंटे के भीतर सूचना देते हैं तो ट्रांसफर किए गए पैसे को वापस पाने की संभावना रहती है।

## एक नजर

### श्रीलांका ने 50 भारतीय मछुआरों को रिहा किया

**कोलंबो।** श्रीलंका के जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में श्रीलंकाई नौसेना द्वारा गिरफ्तार किए गए 50 भारतीय मछुआरों को शुक्रवार को रिहा कर दिया। यह जानकारी यहां स्थित भारतीय मिशन ने दी। दोनों देशों के मछुआरे अनजाने में एक-दूसरे के जलक्षेत्र में प्रवेश करने के कारण अक्सर गिरफ्तार कर लिए जाते हैं।

### हमलों का जवाब परमाणु हथियारों से देंगे : किम

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया ने कहा है कि यदि दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने उसके खिलाफ बल प्रयोग किया तो वह उनके हमलों का जवाब परमाणु हथियारों से देगा। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने कहा है कि अगर दक्षिण कोरिया और अमेरिका उसके खिलाफ बल प्रयोग करेंगे तो उनका देश परमाणु हथियारों से जवाब देगा।

### डब्ल्यूएचओ ने डेंगू से निपटने के लिए शुरू की योजना

**जेनेवा।** डब्ल्यूएचओ ने डेंगू और अन्य एडीज मच्छर जनित आर्बोवायरस से निपटने के लिए वैश्विक रणनीतिक तैयारी, तत्परता और प्रतिक्रिया योजना (एसपीआरपी) शुरू की है। संगठन की ओर से शुक्रवार को यह जानकारी दी गयी। अनुमान है कि दुनिया भर में चार अरब लोगों को आर्बोवायरस से संक्रमण का खतरा है, और यह संख्या 2050 तक बढ़कर पांच अरब हो जाने का अनुमान है।

### अवामी लीग के पूर्व सांसद शाहिदुल गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश की ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस (डीएमपी) ने जून में शुरू हुए विद्रोह के दौरान छात्रों और जनता पर हमलों से संबंधित मामलों में अवामी लीग के पूर्व सांसद शाहिदुल इस्लाम मिलन को गिरफ्तार किया है। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, डीएमपी के उपायुक्त तालिबुर रहमान ने कहा कि जेसोर सदर निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित मिलन को जासूसी शाखा ने गुरुवार दोपहर ढाका के गुलिस्तान के फुलबरिया इलाके से गिरफ्तार किया।

### चिड़ियाघर में बर्ड फ्लू से संक्रमित कई बाघों की मौत

**हनोई (वियतनाम)।** दक्षिणी वियतनाम के एक चिड़ियाघर में बर्ड फ्लू से संक्रमित होने के बाद 12 से अधिक बाघ मारे गए जिनके अवशेषों को जला दिया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सरकारी मीडिया वीएनएक्सप्रेस ने बिएन होआ शहर में वुन जोई चिड़ियाघर के संरक्षक के हवाले से बताया कि पशुओं को पास के फार्म से लाई गईं मुर्गियां खाने के लिए दी गई थी। मारे गए पशुओं में पैंथर और कई शावकों सहित 20 बाघ शामिल थे, जिनका वजन 10 से 120 किलोग्राम के बीच था।

### पहले एमपॉक्स डायग्नोस्टिक परीक्षण को मंजूरी दी

**जिनेवा।** डब्ल्यूएचओ ने अपनी आपातकालीन उपयोग सूची (ईयूएल) प्रक्रिया के अंतर्गत पहले मंकीपॉक्स (एमपॉक्स) इन विट्रो डायग्नोस्टिक (आईवीडी) को सूचीबद्ध किया है, जो वैश्विक स्तर पर एमपॉक्स परीक्षण में सुधार लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उल्लेखनीय है कि 2024 में, पूरे अफ्रीका में 30,000 से ज्यादा एमपॉक्स के संदिग्ध मामले सामने आए हैं।

# जरूरत पड़ी तो फिर हमला करेंगे : ईरान

## ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई ने मिसाइल हमले की सराहना कर इजराइल को दी धमकी

**तेहरान, एजेंसी**

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने इजराइल पर अपने देश के हालिया मिसाइल हमले की शुक्रवार को सराहना की और कहा कि जरूरत पड़ी तो यह फिर से ऐसा करने के लिए तैयार है। सरकारी टेलीविजन की खबरों में यह जानकारी दी गई। खामेनेई ने पांच साल में पहली बार, शुक्रवार की नमाज के दौरान नेता के तौर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए मिसाइल हमले को ईरान के सशस्त्र बलों का एक शानदार काम करार दिया। मंगलवार को ईरान ने इजराइल पर कम से कम 180 मिसाइलें दागीं, जो दोनों देशों तथा उनके सहयोगियों के बीच तेजी से बढ़ते हमलों की श्रृंखला में नवीनतम है। इसके साथ ही, पश्चिम एशिया एक क्षेत्रव्यापी युद्ध की कगार पर पहुंच गया है।

इजराइल ने कहा कि उसने कई मिसाइलों को नष्ट कर दिया। वहीं, वाशिंगटन में अधिकारियों ने कहा कि अमेरिकी युद्ध पोतों ने इजराइल की रक्षा में सहायता की। ईरान ने कहा है कि उसकी ज्यादातर मिसाइलों ने अपने लक्ष्य को भेदा। खामेनेई (80) ने तेहरान के मुख्य नमाज स्थल मुसल्ला मस्जिद में हजारों लोगों को संबोधित करते हुए, 40 मिनट के अपने भाषण में कहा कि लगभग एक साल पहले 7 अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इजराइल पर हमास के नेतृत्व में किया गया हमला फलस्तीनी लोगों की एक वैध कार्रवाई थी। उन्होंने कहा कि मंगलवार को किया गया मिसाइल हमला अंतरराष्ट्रीय कानून, देश के कानून और इस्लामी मान्यताओं पर आधारित था। उन्होंने अफगानिस्तान से लेकर यमन, और ईरान से लेकर गाजा एवं यमन तक के देशों से दुश्मन के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए तैयार रहने का आग्रह किया। साथ ही ऐसी कार्रवाई करने के दौरान जान गंवाने वाले लोगों की सराहना की। उन्होंने कहा लेबनान और फिलिस्तीन में प्रतिरोध करने वाले हमारे लोग, आप बहादुर लड़ाके, वफादार और संयमी हैं...ये शहादतें और जो खून बहा है, उससे आपका दृढ़ संकल्प नहीं डगमगाना चाहिए, बल्कि आपको और अधिक दृढ़ बनाना चाहिए। खामेनेई ने अरब देशों को संबोधित करते हुए अपना आधा भाषण अरबी भाषा में



ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई।

### 17 इजरायली सैनिक मारे गए: हिजबुल्ला

**बेरूत।** हिजबुल्ला ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि उसने दिन भर सीमा पर हुए संघर्ष में 17 इजरायली सैनिकों को मार डाला। लेबनानी सैन्य सूत्रों और हिजबुल्ला सूत्रों ने सिन्हुआ से कहा कि लगभग 10 घंटे तक चली झड़पों के बाद, हिजबुल्ला लड़ाकू समूह अदाइसेह और काफ़र किला के दक्षिण-पूर्वी गांवों की ओर इजरायल को बढ़ने से रोकने में कामयाब हुए।

### लेबनान में 37 की मौत 151 घायलः मंत्रालय

**बेरूत।** लेबनान के विभिन्न इलाकों में पिछले 24 घंटों में हुए इजरायली हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या 37 हो चुकी है, जबकि 151 लोग घायल हुए हैं। यह जानकारी लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को दी। मंत्रालय ने कहा कि बेरूत में नौ लोगों की मौत हुई और 24 अन्य घायल हो गए।

### बेरूत इलाकों में भीषण हवाई हमला सीरिया से मुख्य सड़क संपर्क को काटा

**बेरूत।** इजराइल ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरीय इलाकों में रातभर कई चरणों में भीषण हवाई हमले किये तथा लेबनान एवं सीरिया के बीच के मुख्य सड़क संपर्क को काट दिया। इजराइली बमबारी के कारण लेबनान से भाग रहे हजारों लोग जिस सीमावर्ती स्थल से सीरिया में प्रवेश करते हैं वह इसी मार्ग पर स्थित है। रात भर हुए विस्फोटों ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरीय इलाकों को हिलाकर रख दिया। हवाई बमबारी के कारण रात में आकाश में धुएं के गुबार और आग की लपटें उठती दिखीं। विस्फोट इतने शक्तिशाली थे कि लेबनान की राजधानी से कई किलोमीटर दूर तक की इमारतें हिल गईं। इजराइली सेना ने फिलहाल यह नहीं बताया है कि उसका लक्ष्य क्या था। हताहतों के बारे में भी अभी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। इजरायली सेना ने शुक्रवार को कहा कि एक दिन पहले बेरूत में एक हमले में हिजबुल्ला के संचार प्रभाग के प्रमुख मोहम्मद राशिद स्केफी की मौत हो गई थी। सेना ने एक बयान में कहा कि स्केफी हिजबुल्ला का एक वरिष्ठ आतंकवादी था जो वर्ष 2000 से संचार इकाई के लिए जिम्मेदार था और संगठन के उच्चाधिकारियों के साथ 'घनिष्ठ रूप से जुड़ा था। लेबनान की सरकारी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने बताया कि बृहस्पतिवार देर रात क्षेत्र में लगातार 10 से अधिक हवाई हमले किये गये। एजेंसी ने बताया कि इजराइली हवाई हमले के कारण व्यस्त 'मसना बॉर्डर क्रॉसिंग' के पास सड़क संपर्क कट गया, जहां से पिछले दो हफ्तों में लेबनान में युद्ध के कारण हजारों लोग भागकर सीरिया में घुस गए थे। दोनों देशों को जोड़ने वाले सबसे व्यस्त सड़क संपर्क को काटने वाले हवाई हमले के एक दिन पहले एक इजराइली सैन्य प्रवक्ता ने कहा था कि हिजबुल्ला सीमा पार से सैन्य उपकरणों के परिवहन की कोशिश कर रहा है।

# भारत का सबसे महत्वपूर्ण और विश्वसनीय भागीदार है अमेरिका : पीयूष गोयल

- वाशिंगटन में अपने डेढ़ दिन के प्रवास के दौरान द्विपक्षीय व्यापार बैठकें कीं

**वाशिंगटन, एजेंसी**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका को भारत का सबसे महत्वपूर्ण और विश्वसनीय भागीदार बताते हुए कहा है कि दोनों देशों के बीच के बीच व्यापार के क्षेत्र में ऐसे कोई मुद्दे बाकी नहीं रह गये हैं ,जिनका समाधान न किया जा सके । उन्होंने कहा अब हमें विवाद के मुद्दे पर कोई विशेष ध्यान देने की जरूरत नहीं पड़ती , बल्कि अब हम देख रहे हैं कि हम कैसे संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए पहले से, पहले से तैयारी कर सके।

गोयल वाशिंगटन में अपने डेढ़ दिन के प्रवास में विभिन्न द्विपक्षीय व्यापार बैठकों समाप्ति के बाद एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। संवाददाता सम्मेलन का आयोजन वाशिंगटन में भारतीय दूतावास ने किया था जिसमें राजदूत विनय क्वात्रा तथा वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में संदीप सचिव संयुक्त सचिव राजेश अग्रवाल भी उपस्थित थे। गोयल वाशिंगटन में अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि और व्यापार मंत्री के साथ क्रमशः व्यापार नीति और पारस्परिक व्यापारिक संबंध हो पर चर्चा के साथ साथ अमेरिका भारत सीईओ फोरम की बैठक की संयुक्त अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि आज दोनों देशों के संबंध बहुत अच्छे दौड़ में हैं, विश्व व्यापार मंच के फोरम पर भी हमारे सारे विवाद समाप्त हो चुके हैं, अब हम और अच्छे विस्तृत संबंध की ओर देख रहे हैं न कि समस्याओं की ओर। भारत की कुछ वस्तुओं को अमेरिका में विशेष वरीयता देने के मुद्दे और और एक दूसरे के यहां अस्थाई तौर पर काम के लिए जाने वाले नागरिकों द्वारा सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में अंशदान के मुद्दे से जुड़े एक सवाल पर गोयल ने कहा इस समय अमेरिका में चुनाव का माहौल है।



पत्रकारों से बात करते पीयूष गोयल।

### कैलिफोर्निया में नए एच5एन1 बर्ड फ्लू के मामलों की पुष्टि

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने गुरुवार को कैलिफोर्निया में एच5एन1 बर्ड फ्लू के दो मानव मामलों की पुष्टि की, जो गोल्डन स्टेट में एच5एन1 का पहला मानव मामला है। ये मामले संक्रमित डेयरी गायों के संपर्क में आने वाले लोगों में सामने आए हैं। सीडीसी के अनुसार, कैलिफोर्निया के नेतृत्व में एक जांच चल रही है। सीडीसी के अनुसार, वर्तमान में, कैलिफ़ोर्निया में पहले और दूसरे पुष्ट मामलों के बीच कोई ज्ञात लिंक या संपर्क स्थापित नहीं हुआ है, जिससे पता चलता है कि ये जानवरों से मनुष्यों में वायरस फैलने के अलग-अलग उदाहरण हैं। संक्रमित जानवरों से मनुष्यों में एच5एन1 के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए सीडीसी कैलिफ़ोर्निया और अन्य राज्यों में सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ मिलकर सहयोग कर रहा है।

## बांग्लादेश, भारत और नेपाल में 40 मेगावाट बिजली समझौते

- काठमांडू में त्रिपक्षीय समझौते पर किए हस्ताक्षर

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश, भारत और नेपाल ने बांग्लादेश सरकार की पर्यावरण, वन, जलवायु परिवर्तन और जल संसाधन सलाहकार सैयदा रिजवाना हसन की उपस्थिति में 40 मेगावाट के ऊर्जा समझौते पर हस्ताक्षर किये। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड (बीपीडीबी), नेपाल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी (एनईए) और भारत के एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड (एनवीवीएन) द्वारा काठमांडू में एक समारोह में त्रिपक्षीय बिजली बिक्री समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

यह सौदा जून से नवंबर तक पांच महीनों के लिए नेपाल से भारत के रास्ते बांग्लादेश तक 40 मेगावाट बिजली प्रवाहित करने की अनुमति देता है। दीपक खड़का, नेपाल के ऊर्जा, जल संसाधन और सिंचाई मंत्री, नजमुल अहसन, बांग्लादेश के जल संसाधन सचिव और बांग्लादेश में नेपाल के राजदूत घनश्याम भंडारी भी गुरुवार को समारोह में शामिल हुए। अपने भाषण में सैयदा रिज़वाना हसन ने बताया कि यह समझौता बढ़ते क्षेत्रीय ऊर्जा वाणिज्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा, यह न केवल हमारी तात्कालिक ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के बारे में है, बल्कि पर्यावरण के अनुकूल तरीके से हमारे देशों की दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के बारे में भी है। इससे पहले पर्यावरण सलाहकार ने द्विपक्षीय मुद्दों को संबोधित करने के लिए सिंघा दरबार में नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से मुलाकात की।

### न्यूजीलैंड ने शुल्क लगाया तो समाचार के लिंक साझा करना बंद कर देंगे : गूगल

**वेलिंगटन।** गूगल ने शुक्रवार को कहा कि यदि न्यूजीलैंड की सरकार प्रौद्योगिकी कंपनियों को अपने मंच पर प्रदर्शित लेखों के लिए भुगतान को अनिवार्य बनाने वाला कानून पारित करती है, तो वह देश की समाचार सामग्री का अपने मंच पर लिंक साझा करना बंद कर देगी और स्थानीय मीडिया कंपनियों से सहयोग भी रोक देगी। गूगल ने न्यूजीलैंड की समाचार साइट को अपनी सेवा से हटाने का संकल्प शुक्रवार को एक ब्लॉग पोस्ट जारी कर व्यक्त किया। यह उन रणनीतियों की याद दिलाता है, जिसे कंपनी ने तब अपनाया था, जब ऑस्ट्रेलिया और कनाडा हाल के वर्षों में इसी प्रकार के कानून बनाने की तैयारी कर रहे थे। न्यूजीलैंड सरकार ने इस साल जुलाई में हतप्रभ करते हुए घोषणा की थी कि सरकार उस विधेयक पर आगे बढ़ेगी।

# श्रीलंका के शीर्ष नेतृत्व से आर्थिक संकट से उबरने में सहयोग का वादा

- विदेश मंत्री जयशंकर ने श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके से मुलाकात की

**कोलंबो, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच जारी सहयोग को प्रगाढ़ करने के तरीकों एवं भारत-श्रीलंका संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की। जयशंकर ने श्रीलंका को आर्थिक संकट से उबरने में भारत के सहयोग जारी रखने के प्रति भी आश्वस्त किया।

श्रीलंका के राष्ट्रपति के रूप में दिसानायके के शपथ लेने के पखवाड़े भर के अंदर, जयशंकर एक दिवसीय दौरे पर शुक्रवार सुबह यहां पहुंचे। उन्होंने श्रीलंका की प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या और विदेश मंत्री विजिता हेराथ से भी मुलाकात की। दिसानायके के नेतृत्व वाली 'नेशनल पीपुल्स पावर' (एनपीपी) की सरकार के 23 सितंबर को सत्ता में आने के बाद जयशंकर श्रीलंका का दौरा करने वाले पहले विदेशी राजनयिक हैं। जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, (श्रीलंका के) राष्ट्रपति से कोलंबो में मिलकर अच्छा लगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं।



श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके से मुलाकात करते जयशंकर।

## बांग्लादेश पहुंचे मलेशिया के प्रधानमंत्री, द्विपक्षीय चर्चा की

- 11 वर्षों में किसी मलेशियाई नेता की बांग्लादेश की पहली राजकीय यात्रा की

**ढाका, एजेंसी**

मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम बांग्लादेश के प्रमुख सलाहकार मुहम्मद यूनुस से मुलाकात करने के लिए शुक्रवार को यहां पहुंचे। यूनुस ने अगस्त में पदभार संभाला था, जब जन-विद्रोह के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पद छोड़ कर देश से चली गयी थीं।

अधिकारियों और मीडिया की खबरों के अनुसार, अनवर की यात्रा व्यापार एवं निवेश, प्रवासी श्रमिकों और रोहिंग्या शरणार्थी संकट पर केंद्रित होगी। यूनुस ने ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर अनवर का स्वागत किया, जहां उन्हें बंदूकों की सलामी दी गयी। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारत चले जाने के बाद आठ अगस्त को यूनुस के सत्ता संभालने के बाद से यह किसी विदेशी नेता की बांग्लादेश की पहली यात्रा है। 11 वर्षों में किसी मलेशियाई नेता की बांग्लादेश की पहली राजकीय यात्रा भी है।



मलेशिया के प्रधानमंत्री का स्वागत करते युनस। • एजेंसी

### हैती में गिरोह के हमले में 20 से अधिक की मौत, 50 घायल

**पोर्ट ऑ प्रिंस (हैती)।** अफ्रीकी देश हैती के पोंट सोनडे शहर में एक गिरोह के लोगों ने बृहस्पतिवार को तड़के हमला किया जिसमें बच्चों सहित 20 से अधिक लोग मारे गए और 50 लोग घायल हो गए। एक मानवाधिकार संगठन ने यह जानकारी दी। वार्ता, सुलह एवं जागरुकता आयोग की प्रवक्ता बेर्टाइड हारेस ने बताया कि ग्रान ग्रिफ गिरोह के लोगों ने पोंट-सोनडे शहर में हमला किया और घरों और कारों को आग लगा दी जिसमें कम से कम 20 लोग मारे गए और 50 लोग घायल हो गए। उन्होंने 'रेडियो किस्केया' से कहा, बहुत से लोग इलाका छोड़कर भाग गए। सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो में लोगों का एक समूह झाड़ियों के बीच से भागता हुआ दिखाई दे रहा है।

## खगोल विज्ञान

### यह बाहरी ग्रह हमसे 210 प्रकाशवर्ष दूर

# पहली बार दुर्लभ वातावरण वाले बाहरी ग्रह की खोज

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** खगोलविदों ने पहली बार दुर्लभ वातावरण वाले ग्रह की खोज की है। यह बाहरी ग्रह है, जो हमसे 210 प्रकाशवर्ष दूर है। यह गैसीय ग्रह है, जो बृहस्पति से थोड़ा छोटा है। इसका नाम डब्लूएएसपी 107 बी है। ब्रह्मांड में अनगिनत ग्रह हैं। हमारे ग्रह पर जीवन की मौजूदगी ने पृथ्वी को ब्रह्मांड में विशेष बना दिया है। मगर बाहरी ग्रहों की दुर्लभता को नकारा नही जा सकता है।

हर ग्रह अपने आप में अलग विशेषता रखता है। खोज गया नया बाहरी ग्रह भी कुछ ऐसा ही है, जो पहली बार देखने को मिला है। जेम्स वेब स्पेस टेलेस्कोप ने इसके वातावरण को देखा है और पता लगाया कि इसका वातावरण पूर्व से पश्चिम तक असामान्य रूप से दुर्लभ है। यह पहली बार है जब खगोलविदों ने किसी एक्सोप्लैनेट पर ऐसी विषमता का पता लगाया है। यह अपने तारे के सामने से गुजर रहा है और फूला हुआ है। बड़ी बात यह है कि अपने द्रव्यमान के मुकाबले इसका वातावरण बहुत अधिक फुला हुआ है। इसका अपने तारे के सामने से गुजरना असामान्य है। यह बृहस्पति के आकार का लगभग 3/4 है और द्रव्यमान का केवल 10वां हिस्सा है। एरिज़ोना विश्वविद्यालय के नेतृत्व में शोधकर्ताओं ने इस ग्रह के वातावरण का खुलासा किया है।



वेब द्वारा खोजा गया दुर्लभ ग्रह का प्रतीकात्मक चित्र।

### चंद्रमा की तरह है ऑर्बिट

नैनीताल : हमारे चंद्रमा की तरह यह ग्रह भी ज्वारीय रूप से अपने तारे से बंधा हुआ है। इसका मतलब है कि ग्रह का एक हिस्सा हमेशा तारे का सामना करता है, ठीक उसी तरह जैसे चंद्रमा का एक ही पक्ष हमेशा पृथ्वी का सामना करता है। यह ग्रह एक चिलचिलाती भीषण गर्म दुनिया है, जिसका तापमान लगभग 890 डिग्री फ़ारेनहाइट है।